दैनिक

# नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...



अंदर के पृष्ठों पर

3 राजधानी — राजधानी में 16 अगस्त या आगामी आदेश...

4 अभिव्यक्ति — कोविड आर्थिक आपातकाल से सीधा...

9 मनोरंजन/खेल — लॉकडाउन में कंगना रनौत ने लिखी कविता...

11 व्यापार — एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस जैक मा ने...



www.navpradesh.com रायपुर, मंगलवार 19 मई 2020, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-98 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित


## आज बेबाक

पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला है। इसमें हैरत की कोई बात नहीं है। सांपों का काम ही जहर उगलना होता है। कश्मीर का बेसुरा राग अलाप कर ही पाकिस्तनियों को सुकून मिलता है तो खुश होते रहें। भारत की नजर तो अब पाक अधिकृत कश्मीर पर पड़ चुकी है। आज नहीं तो कल पीओके से पाकिस्तान का बेजा कब्जा हटना तय है। इमरान खान हो या शाहिद अफरीदी गला फाड़ कर जितनी चीख पुकार मचाए लेकिन एक बात याद रखें कि भीगी बिल्लियों के छीकने से पहाड़ नहीं टूटा करते।

कबीरधाम। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में प्रशासन प्रवासी श्रमिकों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था कर रहा है। जिले के धवईपानी और पोल्मी बार्डर से राज्य की सीमा तक पहुंचाने के लिए बस की व्यवस्था की जा रही है। आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान से श्रमिक और यात्री दोनों बार्डर से लगातार आ रहे है।

# अब तक 15 ट्रेनों से लाए गए हैं 22 हजार श्रमिक

*नवप्रदेश संवाददाता*

- सरकार ने श्रमिक ट्रेन के लिए किया करीब 2 करोड़ का भुगतान
- अन्य राज्यों में फंसे श्रमिकों के लिए 45 ट्रेनों की सहमति मिली

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर बाहरी राज्यों में फंसे छत्तीसगढ़ के श्रमिकों की सकुशल वापसि के लिए कवायद बदस्तूर जारी है। अब तक 15 ट्रेनों से कुल 22 हजार श्रमिकों की सकुशल वापसि हुई है। तकरीबन 34 हजार 284 श्रमिकों को लाने 23 ट्रेनों के संचालन के लिए भूपेश सरकार ने रेल मंडलों को तकरीबन 2 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया है। बताते हैं कि वाहन और अन्य माध्यमों से भी कुल 83 हजार 172 श्रमिक छत्तीसगढ़ लौट चुके हैं। सीएम के निर्देश पर राज्य एवं राज्य के बाहर फंसे लगभग 3 लाख लोगों को त्वरित राहत पहुंचाई गई है। साथ ही प्रदेश के श्रमिकों को वापस लाने के लिए राज्य सरकारों से समन्वय कर 45 ट्रेनों की सहमति प्रदान की गई हैं।

श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा प्रवासी श्रमिकों को वापस छत्तीसगढ़ लाने के लिए स्पेशल ट्रेन के लिए विभिन्न रेल मण्डलों को श्रमिकों के यात्रा व्यय के लिए आवश्यक राशि का भुगतान किया जा रहा है। वर्तमान में 34 हजार 284 यात्रियों को 23 ट्रेनों से वापस लाने के लिए एक करोढ़ 99 लाख 58 हजार 360 रूपए का भुगतान किया गया है। राज्य सरकार इसके अलावा लॉकडाउन के कारण श्रमिकों एवं अन्य लोगों को जो छत्तीसगढ़ राज्य के सीमाओं पर पहुंच रहे है एवं राज्य की ओर से गुजरने वाले सभी श्रमिकों के लिए नाश्ता, भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं ■ शेष पृष्ठ 8 पर

# अम्फान के प्रचंड चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका

185-210 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल सकती है हवा, तेज बारिश होगी

- कल पश्चिम बंगाल तथा बांग्लादेश के द्वीप समूहों से होकर गुजरेगा

**नई दिल्ली/रायपुर (नव प्रदेश)।** तूफान 'अम्फान' के चक्रवात में बदलने की आशंका है। ये अभी उत्तर-उत्तर पूर्व दिशा में गति करेगा 20 तारीख की दोपहर/शाम को ये दीघा/हातिया द्वीपों के बीच से जाएगा। इस दौरान इसकी गति 155-165 किमी प्रतिघंटा और गंभीर होने पर 185-210 किमी प्रतिघंटा तक हो सकती है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र कोलकाता के मुताबिक तूफान 20 मई की दोपहर और शाम के बीच में अत्यधिक प्रचंड चक्रवाती तूफान के तौर पर पश्चिम बंगाल में सागर द्वीपसमूह और बांग्लादेश के हतिया द्वीप समूह के बीच पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश के तटीय क्षेत्रों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### छग में आज भी हो सकती है बारिश

*मंगलवार को छत्तीसगढ़ के दक्षिण, मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ के पूर्वी भाग में हल्की से मध्यम बारिश होने या गरज चमक के साथ छीटें पड़ने की आशंका है। शेष भागों में बादल रहने और हल्की वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। इसके पीछे की वजह एक चक्रीय चक्रवाती घेरा के पूर्वी विदर्भ के ऊपर में 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित होना तथा पश्चिम मध्य बंगाल व दक्षिण बंगाल की खाड़ी पर चक्रवाती तूफान अंफान का होना है।*

### पीएम मोदी ने दिया मदद का भरोसा

*अम्फान से निपटने की तैयारियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक के बाद मोदी ने ट्वीट किया, 'चक्रवात 'अम्फान' के कारण पैदा हुए हालात से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान इससे निपटने के लिए विभिन्न उपायों और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की योजना पर भी चर्चा हुई। मैं सबकी सुरक्षा के लिए प्रार्थना करता हूं और केंद्र सरकार की तरफसे हर संभव मदद का भरोसा देता हूं।'*

### राज्य के सरायपाली में तेज हवाओं ने उड़ाई कई घरों की छतें

*वही दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के सरायपाली में रविवार रात ओडिशा से आए चक्रवाती तूफान से नगर से 10 किलोमीटर दूर कैलेंडा छिबर्रा में लगभग 200 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। इस दौरान कई घरों की छतें उड़ गईं। कुछ देर में ही इस तूफान ने वर्षों पुराने आशियानों को तहस नहस कर दिया। आंधी तूफान से एक घर के मलबे में ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल भी दब गई। तूफान के पश्चात इलाके के पटवारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर मुआवजा प्रकरण बनाना शुरु किया है। सरायपाली में रविवार की शाम तेज हवाओं के साथ बारिश हुई और ओले भी गिरे।*

### पशिचम बंगाल, ओडिशा में होगा ज्यादा असर

*भारतीय मौसम विभाग के डीजी मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि अंफान का प्रभाव ज्यादातर पश्चिम बंगाल के हुगली, साउथ और नॉर्थ 24 परगना, ईस्ट और वेस्ट मिदनापुर और कोलकाता जिलों में रहेगा। इसके साथ-साथ नॉर्थ ओडिशा के जिले जैसे जगतसिंहपुर, जयपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक, बालासोर और मयूरभंज प्रभावित रहेंगे।*

## अच्छी खबर

### पीएम मोदी 31 को करेंगे मन की बात

**नई दिल्ली/नवप्रदेश।** वैश्विक महामारी कोविड-19 के संकटकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस माह 31 मई को अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों को संबोधित करेंगे। कोरोना वायरस की वजह से देश में जारी पूर्णबंदी में मोदी की यह तीसरी मन की बात होगी। इस कार्यक्रम में श्री मोदी आकाशवाणी से जनता को संबोधित करते हैं। प्रधानमंत्री ने 31 मई को प्रसारित किये जाने वाले इस रेडियो कार्यक्रम में शामिल किये जाने के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने सोमवार सुबह इस बारे में ट्वीट किया और लोगों से सुझाव भेजने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने ट्वीट में लिखा- '31 मई को होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए मैं आपके सुझावों का इंतजार करूंगा।

डब्ल्यूएचओ के सम्मेलन में शामिल हो रहे 60 देश

# भारत भी डब्ल्यूएचओ से पूछेगा-कैसे आया कोरोना

- अमेरिका के दबाव में हो रही है डब्ल्यूएचओ की विश्व स्वास्थ्य सभा की बैठक

**नई दिल्ली/वार्ता।** भारत जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दो दिन के अहम सम्मेलन में हिस्सा ले रहे 60 देशों की उस मांग का समर्थन करेगा जिसमें कोविड-19 संकट की वैश्विक प्रतिक्रिया प्रणाली का 'निष्पक्ष, स्वतंत्र और समग्र' आकलन किए जाने और घातक संक्रमण का 'पशुजन्य स्रोत' का पता लगाने की बात है। डब्ल्यूएचओ की विश्व स्वास्थ्य सभा की सोमवार से शुरू हुई दो दिवसीय 73वीं सभा, वायरस की चीन के शहर वुहान में उत्पत्ति की जांच को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगातार बनाए जा रहे दबाव ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### यूरोपीय संघ ने तैयार किया है मसौदा प्रस्ताव

*यूरोपीय संघ द्वारा तैयार मसौदा प्रस्ताव को कई देशों ने डब्ल्यूएचए में चर्चा के लिए समर्थन दिया है। इसमें कोविड-19 के प्रति डब्ल्यूएचओ की समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया का चरणबद्ध तरीके से निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं समग्र आकलन की मांग की गई है।*

### भारत के अलावा इन देशों ने भी दिया समर्थन

*भारत के अलावा इस मसौदा प्रस्ताव को समर्थन देने वालों में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, बेलारूस, भूटान, ब्राजील, कनाडा, चिली, कोलंबिया, जिबूती, डोमिनिकन गणराज्य, इक्वाडोर, एल सेल्वाडोर, ग्वाटेमला, गुयाना, आईसलैंड, इंडोनेशिया, जापान, जोर्डन, कजाकस्तान, मलेशिया, मालदीव और मेक्सिको शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मोंटेनीग्रो, न्यूजीलैंड, उत्तर मैसेदोनिया, नॉर्वे, पराग्वे, पेरु, कतर, कोरिया गणराज्य, मोलदोवा, रूस, सैन मरीनो, सऊदी अरब, ट्यूनीशिया, तुर्की, यूक्रेन, ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड भी इस प्रस्ताव का समर्थन कर रहे हैं।*

## कोरोना अपडेट

| देश | कंफर्म केस | मौत |
|---|---|---|
| भारत | 97,987 | 3,093 |
| अमेरिका | 1,532,246 | 91,077 |
| ब्रिटेन | 243,695 | 34,636 |
| इटली | 225,435 | 31,908 |
| स्पेन | 277,719 | 27,650 |
| फ्रांस | 179,569 | 28,108 |
| ब्राजील | 244,052 | 16,201 |
| बेल्जियम | 55,559 | 9,080 |
| जर्मनी | 176,807 | 8,054 |
| ईरान | 122,492 | 7,057 |
| कनाडा | 77,002 | 5,782 |
| नीदरलैंड | 44,141 | 5,694 |
| मैक्सिको | 49,219 | 5,177 |
| टर्की | 149,435 | 4,140 |
| स्वीडन | 30,377 | 3,698 |
| रूस | 290,678 | 2,722 |

## शेयर बाजार

सेंसेक्स- 30028.98
निफ्टी- 8823.25
गोल्ड- 46596 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 47282 (1 कि ग्रा.)

# दूसरे राज्य जाना हो तो अब एक ही जगह कर सकेंगे आवेदन

### ई पास के लिए भारत सरकार ने बनाई नई वेबसाइट

**नई दिल्ली/नवप्रदेश।** अब देश में कोरोना वायरस के चलते लॉकडाउन को 31 मई तक बढ़ा दिया गया है। लॉकडाउन 4.0 के तहत सरकार ने कई तरह की छूट दी है। भारत सरकार ने एक नई वेबसाइट बना दी है जहां देशभर के अलग-अलग राज्यों में यात्रा करने के लिए कोविड ई-परमिट के लिए अप्लाई किया जा सकता है। http://serviceonline.gov.in/epass/ वेब पेज को नैशनल इन्फर्मेटिक्स सेंटर ने डिवेलप किया है।

बता दें कि अभी इस वेबसाइट पर 17 राज्यों के ई-परमिट के लिए अप्लाई किया जा सकता है। ट्रैवल के लिए लॉकडाउन परमिट पास को ट्रैवल की कुछ निश्चित कैटिगरी के तहत ही ऑनलाइन अप्लाई किया जा सकता है। इन कैटिगरी में स्टूडेंट्स, जरूरी सर्विसेज प्रोवाइडर, टूरिस्ट, तीर्थयात्री, इमरजेंसी/मेडिकल ट्रैवल और शादी शामिल हैं।

वेब पेज पर एक बार ऐप्लिकेशन सबमिट करने के बाद आवेदक को एक रेफ्रेंस नंबर मिलता है। जिसे आवेदक ऐप्लिकेशन स्टेटस ट्रैक करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। जब पास जारी किया जाता है तो इस पर आवेदक का नाम, पता, वैलिडिटी और क्यूआर कोड रहता है। पास जारी होने के बाद आवेदक के पास यात्रा करते समय सॉफ्ट या हार्ड कॉपी होनी चाहिए ताकि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### देनी होंगी अनिवार्य जानकारियां

*वेबपेज पर दी गई जानकारी के मुताबिक, कोई इंडिविजुअल/ग्रुप इस सर्विस का इस्तेमाल कर मूवमेंट पास के लिए अप्लाई कर सकता है। जो लोग इस सर्विस के जरिए अप्लाई करना चाहते हैं उन्हें अनिवार्य जानकारियां देनी होंगी। उन्हें ई-पास के लिए अप्लाई करने से पहले सभी जरूरी दस्तावेजों की स्कैन कॉपी भी जमा कराने की जरूरत होगी। इसके अलावा ओटीपी वेरिफिकेशन के लिए एक ऐक्टिव मोबाइल नंबर भी जरूरी है।*

## कोरोना राहत

### राज्य के बिल्डरों को प्रोजेक्ट पूरा करने मिलेगी 6 माह की रियायत

**रायपुर (नव प्रदेश)।** लॉकडाउन के कारण रियल इस्टेट सेक्टर भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। केन्द्र सरकार ने राहत पैकेज में यह ऐलान किया था कि जो प्रोजेक्ट पूरा करना था वह अब लंबित हो गया जिसे पूरा करने के लिए बिल्डरों को छह माह का और समय दिया जायेगा। लगभग छह सौ प्रोजेक्ट छग में लंबित हो रहे हैं। छग में रेरा चेयरमैन विवेक ढांड और सदस्य एनके असवाल व आरके टम्टा ने केन्द्र की एडवाइजरी का पालन करने के आदेश दिए हैं। बताया गया कि बिल्डरों को 25 मार्च या उसके बाद प्रोजेक्ट को पूरा करने की समय सीमा 6 माह के लिए बढ़ाई गई है। यानी कोई प्रोजेक्टस 2021 अथवा 22 में भी पूरा होना है, उसमें भी 6 माह की बढ़ोत्तरी की गई है। प्रदेश रेरा में कुल 1123 प्रोजेक्ट्स रजिस्टर्ड हैं। जिनमें से 6 सौ से अधिक प्रोजेक्ट्स ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## परीक्षा

### सीबीएसई ने बारहवीं कक्षा के शेष पेपरों का टाइम टेबल किया घोषित

**1 से 15 जुलाई तक सुबह 10:30 बजे से होगी परीक्षा**

**नई दिल्ली/(वार्ता)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12वीं के बोर्ड की परीक्षा के शेष बचे हुए पेपरों की परीक्षा डेटशीट सोमवार को घोषित कर दी। यह परीक्षाएं दिल्ली के पूर्वी इलाके के साथ-साथ पूरे देश भर में आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई के अनुसार यह परीक्षाएं एक जुलाई से लेकर 15 जुलाई तक चलेगी। परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे से डेढ़ बजे तक होंगी। इन परीक्षाओं में भी उन्हीं नियमों और शर्तों का पालन किया जाएगा जो दसवीं बोर्ड की परीक्षा के लिए मान्य है, मसलन परीक्षार्थी को मास्क पहन कर जाना होगा और सेनिटाइजर भी ले जाना होगा। इसके अलावा उन्हें सामाजिक दूरी का पालन करना पड़ेगा और यह सुनिश्चित करना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## विडंबना

### लॉकडाउन में परिवार को नहीं दे सका पैसे, बच्ची की भूख से मौत

**लातेहार/नवप्रदेश।** लॉकडाउन के दौरान झारखंड के लातेहार जिले के मनिका प्रखंड के हेसातू गांव में पांच वर्षीय एक बच्ची की कथित तौर पर भूख से मौत होने का मामला प्रकाश में आया। बताया जाता है कि झारखंड के लातेहार जिले के मनिका प्रखंड के हेसातू गांव निवासी जुगलाल भुइयां के आठ बच्चे हैं। जुगलाल अपने दो बच्चों के साथ लॉकडाउन से पहले ही लातेहार में संचालित एक भट्ठे में काम करने चला गया था। घर में उसकी पत्नी और पांच छोटे-छोटे बच्चे रह रहे थे। परिवार के पास राशन कार्ड भी नहीं है। लॉकडाउन में जुगलाल अपने परिवार को आर्थिक मदद नहीं दे सका जिसके कारण पूरा परिवार दाने-दाने को मोहताज हो गया। ग्रामीणों का दावा है कि लॉकडाउन की अवधि के बढ़ने के बावजूद जुगलाल के परिवार को किसी तरह की कोई मदद नहीं मिली।

## गरमा-गरम

समीक्षा — मुख्यमंत्री ने की महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण विभाग की समीक्षा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं को घर-घर भेजा जाएगा

# ऑनलाइन पढ़ाई, सुपोषण और कोरोना पर लिया अपडेट

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** मुख्यमंत्री निवास में सीएम भूपेश बघेल ने सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक लिए। विभागीय मंत्री अनिला भेंड़िया समेत मुख्य सचिव आरपी मंडल, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, समाज कल्याण विभाग के सचिव आर. प्रसन्ना, संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग जनमेजय महोबे और संचालक समाज कल्याण पी. दयानंद उपस्थित थे। बैठक में सीएम ने विशेष तौर पर बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई की स्थिति पर चर्चा किए। उन्हों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं को घर-घर भेजकर कोरोना की जानकारी लेने के निर्देश भी दिए जाने को कहा।

### घर-घर स्वास्थ्य जानकारी लेंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लॉकडाउन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर रेडी टू ईट की सामग्री और सूखा राशन वितरित करने तथा कोरोना संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने के काम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण के नये मरीज मिल रहे हैं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पुनः घर-घर भेजकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली जाए और संदिग्ध मरीज मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से ऐसे मरीजों की स्वास्थ्य की जांच करायी जाए। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूवात 21 को

*राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरुआत 21 मई से राज्य में होगी। इस योजना की शुरूआत सीएम भूपेश बघेल वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। उद्घाटन समारोह में राहुल गांधी भी साथ जुड़ेंगे, साथ ही सभी सांसद-विधायक भी उद्घाटन समारोह में जुड़ेंगे। 21 मई को राजीव गांधी की पुण्यतिथि है, इसीलिए इस दिन को इस योजना के लिए चुना गया है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के किसानों को धान के समर्थन मूल्य के अंतर की राशि दी जाएगी। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में जिस न्याय योजना को लागू करने का वादा किया था उसका उद्देश्य प्रत्यक्ष लाभ के हस्तांतरण के जरिये गरीबों की न्यूनतम आय सुनिश्चित करना था।*

### सुपोषण अभियान : 62617 बच्चे कुपोषण से हुए मुक्त

पिछले वर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ में शुरू किए गए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अच्छे परिणाम सामने आए हैं। इस अभियान से प्रदेश के 62 हजार 617 बच्चे कुपोषण से मुक्त हुए हैं। लॉकडाउन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 24 लाख 38 हजार हितग्राहियों को रेडी टू ईट और 3 लाख 62 हजार से अधिक हितग्राहियों को सूखा राशन घर-घर पहुंचाया जा रहा है और बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का काम भी किया जा रहा है।

# जब भी भारत में आतंकी हमला होता है तो पाकिस्तान को डरना चाहिए

**नई दिल्ली ए.।** वायुसेना अध्यक्ष आरकेएस भदौरिया ने सोमवार को कहा कि जब भी भारतीय धरती पर आतंकी हमला होता है पाकिस्तान को डरना चाहिए और अगर वे इस चिंता से बाहर निकलना चाहता है तो उसे भारत के खिलाफ आतंकवाद को उकसाने से बाज आना चाहिए। समाचार एजेंसी एएनआई के साथ एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले आतंकी कैम्पों पर कार्रवाई की जरूरत होती है कि वायुसेना 24×7 इसके लिए तैयार है।

हंदवाड़ा हमले के बाद भारत की सीमा के पास आसमान में पाकिस्तान की तरफ से गतिविधियां तेज करने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में भदौरिया ने कहा, जब भी हमारी धरती पर आतंकी हमला होता है, पाकिस्तान को चिंता होनी चाहिए। अगर वे इस चिंता से बाहर निकलना चाहता है तो उसे भारत में आतंकवाद को उकसाने से रोकना होगा।

मई के पहले हफ्ते में कर्नल आशुतोष शर्मा और तीन अन्य सेना के जवान पाकिस्तान समर्थित आतंकियों के साथ एनकाउंटर में शहीद हो गए थे। पाकिस्तान ने बालाकोट में आतंकी शिविरों पर हवाई हमले जैसी कार्रवाई की आशंका के मद्देनजर रात के वक्त भी फ्लाइंग एक्टिविटीज बढ़ा दी हैं। भारतीय वायुसेना ने पिछले साल 26 फरवरी को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वाह में जैश के आतंकी कैम्प पर मिसाइल से हमला कर आतंकी शिविर को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया था।

### लद्दाख में चीनी अतिक्रमण पर बोले एयरफोर्स चीफ ने कहा, असामान्य गतिविधियां थीं

वायुसेना अध्यक्ष ने लद्दाख में चीन की तरफ से हुए अतिक्रमण पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कुछ गतिविधियों को नोटिस किया गया है जो साधारण नहीं हो सकता था। जब भी कुछ ऐसी चीजें होती हैं हमें उस पर करीब से निगाह रखनी होती है और आवश्यक कार्रवाई करनी पड़ती है। इन मुद्दों पर अनावश्यक चिंता का कोई कारण नहीं है।

गौरतलब है कि कोरोना वायरस संकट के बीच चीन ने लद्दाख के पास वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपनी नापाक हरकतें तेज कर दी हैं। सिक्किम सीमा पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प के बाद इस बार चीन ने लद्दाख के पास एलएसी पर हिमाकत दिखाई है। लद्दाख के एलएसी के पास चीनी हेलिकॉप्टरों को देखा गया है, जिसके बाद भारतीय वायुसेना ने चीनी विमानों को जवाब देने के लिए लद्दाख में लड़ाकू विमानों की तैनाती कर दी है। दरअसल, यह घटना पिछले हफ्ते करीब उसी वक्त घटी, जब चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच नॉर्थ सिक्किम में टकराव हुआ था। इस टकराव में दोनों ओर के सैनिकों को हल्की चोटें आई थीं।

सरकारी सूत्रों ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, 'चीनी सैन्य हेलिकॉप्टर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के काफी करीब से उड़ान भर रहे थे। उनके विमानों की गतिविधि पता चलने के बाद भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान ने इलाके में गश्त लगाई। नाम न जाहिर होने की शर्त पर सरकारी सूत्रों ने बताया कि चीनी हेलिकॉप्टरों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार करके भारतीय क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया। बता दें कि भारतीय वायुसेना अक्सर अपने सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू विमानों और अन्य विमानों के साथ लद्दाख के लेह हवाई अड्डे से उड़ान भरती है।

---

तालिबान के बयान को अफगानिस्तान ने किया खारिज

## कहा–'भारत महत्वपूर्ण योगदान देने वाला देश'

**काबुल ए.।** तालिबान के मुख्य मध्यस्थ के भारत विरोधी बयान को खारिज करते हुए अफगानिस्तान सरकार ने कहा कि युद्ध से जर्जर देश के पुनर्निर्माण में और शांति प्रक्रिया में मदद करने में नई दिल्ली ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ग्रान हेवाद ने कहा कि अफगानिस्तान का भारत के साथ संबंध अंतरराष्ट्रीय मानदंडों और आपसी सम्मान पर आधारित है। उन्होंने यह बात तालिबान के इस आरोप पर कहा कि भारत लंबे समय से अफगानिस्तान में नकारात्मक भूमिका अदा कर रहा है।

अफगानिस्तान में शांति और सुलह प्रक्रिया में भारत महत्वपूर्ण पक्षकारों में से एक रहा है। भारत ने अफगान नीत और अफगान नियंत्रित राष्ट्रीय शांति एवं सुलह-सफाई प्रक्रिया का समर्थन किया है। हेवाद ने रेडियो आजादी से कहा कि भारत ने विकास और पुनर्निर्माण क्षेत्र में सहयोग किया है और उससे शांति प्रक्रिया में योगदान अपेक्षित है। उन्होंने कहा, 'भारत महत्वपूर्ण दानदाता देशों में से एक है और उसने अफगानिस्तान के विकास और पुनर्निर्माण क्षेत्रों में मदद की है। हम आशा करते हैं कि भारत और अन्य पड़ोसी देश अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।'

कतर स्थित तालिबान कार्यालय के उप प्रमुख मुल्ला अब्बास स्तानकजई ने हाल में आरोप लगाया था कि पिछले दो दशक से भारत ने सिर्फ उन्हीं लोगों से संबंध रखे और उन्हीं का सहयोग किया जिन्हें विदेशियों ने सत्ता में बैठाया था और उसने उनसे रिश्ता नहीं रखा जिन्हें अफगानिस्तान के अवाम ने चुना था।

---

## कर्नाटक में चलेंगी बसें, गुजरात सहित 4 राज्यों के लोगों की एंट्री बंद : येदियुरप्पा

**बेंगलुरु ए.।** कर्नाटक सरकार ने लॉकडाउन 4 को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने राज्य में सरकारी और प्राइवेट बसों के संचालन की अनुमति दे दी है। सोमवार को राज्य के लिए गाइडलाइंस जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कंटेनमेंट जोन्स में लॉकडाउन का सख्ती से पालन किया जाएगा। लेकिन दूसरे इलाकों में आर्थिक गतिविधियों की छूट होगी। रविवार को पूरी तरह लॉकडाउन रहेगा। होम क्वारंटाइन का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

राज्य में सभी दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई है। साथ ही राज्य के भीतर सभी ट्रेनों के संचालन को भी सहमति दी है। उन्होंने कहा है कि गुजरात महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु से लोगों को 31 मार्च तक राज्य में आने की इजाजत नहीं देंगे।

देश में कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लागू लॉकडाउन को 31 मई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से लॉकडाउन 4.0 के जारी गाइडलाइंस में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 31 मई तक और रियायतें दी गई हैं, जिनमें मॉल को छोड़ कर बाजारों में नाई की दुकानों, सैलून और स्पा समेत अन्य दुकानों को अलग-अलग समय पर खोलने की अनुमति दी गई है।

ई-कॉमर्स कंपनियों को भी सभी वस्तुओं की घरों तक आपूर्ति की अनुमति दे दी गई है, जिनमें वे वस्तुएं भी शामिल हैं जो आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी में नहीं आतीं। हालांकि, गृह मंत्रालय ने कहा कि रात में कर्फ्यू जारी रहेगा, जिसका मतलब है कि शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक गैर-जरूरी यात्राएं प्रतिबंधित रहेंगी और अधिकारी इनका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

गृह मंत्रालय के आदेश के मुताबिक 31 मई तक देश भर में मेट्रो रेल सेवा, स्कूल, कॉलेज, होटल, रेस्तरां, सिनेमा हॉल, शॉपिंग मॉल, स्वीमिंग पूल, जिम आदि बंद रहेंगे। इस अवधि में सभी सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक कार्यक्रमों पर रोक रहेगी।

### तमिलनाडु : 25 जिलों में दी ढील

*तमिलनाडु में सोमवार से लॉकडाउन का चौथा चरण शुरू हो गया। राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या 11 हजार के पार पहुंच गई है और इससे अभी तक 78 मरीजों की मौत हो चुकी है। राज्य में रविवार को लॉकडाउन को दो सप्ताह के लिए 31 मई तक बढ़ा दिया गया था। मुख्यमंत्री ई के पलानीस्वामी ने 25 जिलों में ढील की घोषणा की है। कंटेनमेंट जोन को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में सामान्य जनजीवन के लिए सीमितसंख्या में बसों का परिचालन शुरू किया गया है। ये 25 जिले कोयंबटूर, सलेम, इरोड, तिरुप्पुर, नामक्कल, करूर, तिरुनेलवेली, थूथुकुडी, तेनकासी, कन्याकुमारी, थेनी, मदुरै, शिवगंगा, विरुधुनगर, रामनाथपुरम, डिंडीगुल, पुदुकोट्टई, त्रिची, तिरुवरूर, तंजावुर, नागप्पट्टिनम, धर्मपुरी, कृष्णागिरि, वेल्लोर और नीलगिरी हैं। अधिक संक्रमण वाले 12 जिले चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू, विल्लुपुरम, कुड्डालोर रानीपेट, तिरुप्पत्तूर, कल्लाकुरिची, तिरुवन्नमलाई, अरियालुर और पेरम्बलुर में कोई ढील नहीं दी गई है। चेन्नई में 6750 मामले होने के बावजूद जनजीवन सामान्य है। सड़कों पर वाहन चल रहे हैं, लेकिन ऑटो, टैक्सी, बसें, सार्वजनिक परिवहन सड़कों से नदारद है।*

### पंजाब में खुलेंगे सैलून, ऑटो-कैब में शर्त के साथ कर सकेंगे सफर

*पंजाब सरकार ने सोमवार को नाई की दुकान (सैलून) खोलने की अनुमति देने के अलावा सीमित यात्रियों के साथ सार्वजनिक परिवहन, कैब और ऑटो-रिक्शा की आवाजाही की अनुमति दे दी। एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि चार पहिया वाहन और कैब में एक चालक के साथ दो यात्रियों को ही यात्रा की अनुमति होगी। राज्य में बाल कटवाने के लिए नाई की दुकानों को खोलने की अनुमति तो दी गई है, मगर इनका संचालन अधिक भीड़-भाड़ की स्थिति में नहीं हो सकेगा। रिक्शा और ऑटो-रिक्शा के लिए एक चालक के साथ दो यात्रियों को लेकर जाने की ही अनुमति दी गई है। दोपहिया वाहन और साइकिल के लिए इन्हें चलाने वाला एक व्यक्ति या पति व पत्नी या एक नाबालिग बच्चे तक ही सीमित किया गया है। सरकारी और निजी अस्पतालों में ओपीडी की अनुमति भी दी गई है। इसके अलावा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में दुकान खोलने की इजाजत दी गई है। रेस्तरां को पर्याप्त सावधानी के साथ केवल*

*घर पर खाने-पीने का सामान भेजने (होम डिलीवरी) की अनुमति है। दैनिक तौर पर नए कोरोना मामलों में कमी को देखते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने शनिवार को सीमित सार्वजनिक परिवहन बहाली के साथ सख्त कर्फ्यू के स्थान पर 31 मई तक राज्यव्यापी बंद की घोषणा की।*

---

## अहमदाबाद में प्रवासी कामगारों ने पुलिस और लोगों पर किया पथराव

**अहमदाबाद ए.।** गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार को एक सड़क पर कम से कम 100 प्रवासी कामगार इकट्ठा हो गए और उन्होंने पुलिसकर्मियों और लोगों पर पथराव किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि प्रवासी कामगारों की मांग है कि उन्हें घर लौटने दिया जाए। इस घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए।

शहर के पुलिस नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने भीड़ तो तितर-बितर करने के लिए आंसू गैसे के गोले छोड़े और कई संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि कम से कम 100 प्रवासी कामगार आईआईएम अहमदाबाद और वस्त्रपुर इलाके को जोड़ने वाली सड़क पर सुबह इकट्ठा हो गए और वहां से वाहनों पर गुजर रहे पुलिसकर्मियों और लोगों पर पथराव करने लगे।

डीसीपी प्रवीण ने बताया कि जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पथराव करना शुरू कर दिया। दो पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की। दोषियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को वहां भेजा गया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैसे के गोले छोड़े और स्थिति को नियंत्रित किया।

---

## ग्वालियर में 3 मंजिला इमारत में लगी आग, 7 लोगों की मौत

**ग्वालियर ए.।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सोमवार सुबह भीषण हादसा हो गया। एक तीन मंजिला इमारत में आग लगने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा शहर के इंदरगंज इलाके में हुआ। पुलिस ने न्यूज एजेंसी भाषा को बताया कि जिस इमारत में आग लगी, वह दुकान के साथ आवासीय परिसर भी थी। जानकारी के अनुसार, इस इमारत में नीचे पेंट की दुकान हैं।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हादसे पर ट्वीट कर शोक प्रकट किया है। उन्होंने लिखा, 'ग्वालियर में भीषण आग की चपेट में आकर अनेक अनमोल जिंदगियों के साथ दो मासूम बच्चों के असमय काल के गाल में समा जाने का अत्यंत दुखद समाचार मिला।

मुख्यमंत्री ने ट्वीट में आगे लिखा, 'ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने और परिजनों को यह गहन दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं। शांति!'

---

## प. बंगाल सरकार ने कहा- रात में कर्फ्यू नहीं

**कोलकाता ए.।** कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने लॉकडाउन को 31 मई तक बढ़ा दिया है। हालांकि, ममता बनर्जी सरकार ने केंद्र सरकार के निर्देशों के उलट रात में कर्फ्यू नहीं लगाने का फैसला किया है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में लॉकडाउन 4 के लिए गाइडलाइंस जारी करते हुए कहा कि आधिकारिक रूप से शाम 7 बजे के बाद कर्फ्यू नहीं लगाया जाएगा। हालांकि उन्होंने लोगों से अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलने की अपील की। केंद्र सरकार ने देशभर में शाम सात बजे से सुबह 7 बजे तक कर्फ्यू लगाने का निर्देश दिया है।

ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार के निर्देशों को जनविरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि वह इन्हें स्वीकार नहीं करना चाहती हैं। ममता बनर्जी ने 20 लाख करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज को बड़ा

शून्य बताया।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने रविवार को लॉकडाउन को 31 मई तक बढ़ाने का ऐलान किया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से लॉकडाउन 4.0 के जारी गाइडलाइंस में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 31 मई तक और रियायतें दी गई हैं, जिनमें मॉल को छोड़ कर बाजारों में नाई की दुकानों, सैलून और स्पा समेत अन्य दुकानों को अलग-अलग समय पर खोलने की अनुमति दी गई है। हालांकि, गृह मंत्रालय ने कहा कि रात में कर्फ्यू जारी रहेगा, जिसका मतलब है कि शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक गैर-जरूरी यात्राएं प्रतिबंधित रहेंगी और अधिकारी इनका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। गृह मंत्रालय के आदेश के मुताबिक 31 मई तक देश भर में मेट्रो रेल सेवा, स्कूल, कॉलेज, होटल, रेस्तरां, सिनेमा हॉल, शॉपिंग मॉल, स्वीमिंग पूल, जिम आदि बंद रहेंगे। इस अवधि में सभी सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक कार्यक्रमों पर रोक रहेगी। साथ ही, सभी प्रार्थना और धार्मिक स्थल बंद रहेंगे।

उधर, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साफकर दिया है कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश केंद्र की ओर से दिए गए दिशानिर्देशों में कोई बदलाव नहीं कर सकते हैं। राज्य, स्थानीय स्तर पर मूल्यांकन और स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा निर्देशों के आधार पर जरूरत पड़ने पर और कठोर बना सकते हैं।

---

## मजदूरों के लिए प्रियंका की एक हजार बसों को योगी की हरी झंडी

**लखनऊ ए.।** घर लौटने के इच्छुक प्रवासी मजदूरों के लिए 1 हजार बस चलाने की कांग्रेस की पेशकश को योगी सरकार ने स्वीकार कर लिया है। प्रियंका गांधी की ओर से प्रवासी मजदूरों के लिए बसों का इंतजाम करने की पेशकश करने के बाद अब यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के अफसरों ने उनसे बसों की लिस्ट मांगी है। इस संबंध में सरकार के अपर मुख्य सचिव ने प्रियंका गांधी को चिट्ठी लिखते हुए सरकार की सहमति की जानकारी दी है। सोमवार को यूपी सरकार के अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने प्रियंका को चिट्ठी लिखकर बताया है कि सरकार ने प्रवासी मजदूरों के संबंध में उनके प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

### 1000 बसों की लिस्ट और ड्राइवर का नाम मांगा

पत्र में आगे लिखा गया है कि प्रियंका अविलंब 1000 बसों की सूची और उनके चालक/परिचालक की डिटेल्स को सरकार को उपलब्ध कराएं, जिससे कि इनका उपयोग प्रवासी मजदूरों के लिए हो सके। इस चिट्ठी से कुछ वक्त पहले ही प्रियंका गांधी ने सीएम योगी पर यह आरोप लगाया था कि वह बसों की व्यवस्था करने की उनकी पेशकश को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। इससे पहले 16 मई को प्रियंका गांधी ने कांग्रेस पार्टी की ओर से योगी सरकार को चिट्ठी लिखकर कहा था कि पलायन कर रहे मजदूरों के लिए सरकार की ओर से घर पहुंचाने की कोई खास

व्यवस्था नहीं हो सकी है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी गाजीपुर बॉर्डर गाजियाबाद और नोएडा बॉर्डर से 500-500 बसों को चलाना चाहती है। इन बसों का पूरा खर्च कांग्रेस पार्टी वहन करेगी। ऐसे में कांग्रेस बसों के परिचालन के लिए सरकार की अनुमति चाहती है।

### योगी सरकार ने कांग्रेस को जमकर घेरा

इस चिट्ठी के बाद से ही कांग्रेस पार्टी योगी सरकार पर यह आरोप लगा रही थी कि प्रवासी मजदूरों की तमाम परेशानियों के बावजूद यूपी की राज्य सरकार बसों के परिचालन की अनुमति नहीं दे रही है। वहीं सोमवार को ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रियंका से सवाल करते हुए कहा था कि जब आपके पास 1000 बसें थीं, तो राजस्थान और महाराष्ट्र से ट्रकों में भरकर हमारे साथियों को उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व बंगाल क्यों भेज रहे हैं? इसी दौरान सीएम योगी के कार्यालय ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से प्रियंका से यह भी पूछा कि औरैया में जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। कांग्रेस नेतृत्व को समझना चाहिए कि उनमें से एक ट्रक झारखंड से आया था और दूसरा ट्रक पंजाब से आया था।

---

## राहत पैकेज पर पुनर्विचार करे सरकार : चिदंबरम

**नई दिल्ली ए.।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 20 लाख करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम निराश हैं। उन्होंने कहा कि हम इस पैकेज पर निराशा व्यक्त करते हैं, सरकार से प्रोत्साहन पैकेज पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हैं। चिदंबरम ने कहा कि हम इस बात पर गहरा खेद व्यक्त करते हैं कि राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेज में कई वर्गों को बेसहारा छोड़ दिया गया है। बता दें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार पांच तक दिन कई इस 20 लाख करोड़ के पैकेज के तहत कई अहम घोषणाएं कीं। केंद्र की

इस आर्थिक पैकेज को कांग्रेस ने पहले ही धोखा करार दिया है।

### सरकार अवसरवादी हो रही है

वहीं अब पी चिदंबरम ने इसकी आलोचना करते हुए कहा कि राजकोषीय प्रोत्साहन जीडीपी के 0.91त्न की राशि 1,86,650 करोड़ रुपये है। आर्थिक संकट की गंभीरता को देखते हुए यह पूरी तरह से अपर्याप्त है। सरकार जीडीपी के 10त्न के बराबर वास्तविक अतिरिक्त व्यय के 10 लाख रुपये से कम नहीं के व्यापक राजकोषीय प्रोत्साहन की घोषणा करे। सुधारों को आगे बढ़ाते हुए सरकार अवसरवादी हो रही है, यह संसद में चर्चा को दरकिनार कर रही है और इसका विरोध किया जाएगा। वहीं सरकार को सुझाव देते हुए चिदंबरम ने कहा कि केंद्र सरकार अधिक उधार ले और अर्थव्यवस्था को एक प्रोत्साहन देने के लिए अधिक खर्च करे।

### बजट का हिस्सा हैं आर्थिक पैकेज की कई घोषणाएं

उन्होंने कहा, ''हमने वित्त मंत्री की ओर से घोषित पैकेज का पूरे ध्यान से विश्लेषण किया। हमने अर्थशास्त्रियों से बात की। हमारा यह मानना है कि इसमें सिर्फ 1,86,650 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज है। चिदंबरम के मुताबिक आर्थिक पैकेज की कई घोषणाएं बजट का हिस्सा हैं और कई घोषणाएं कर्ज देने की व्यवस्था का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के आर्थिक पैकेज से 13 करोड़ कमजोर परिवार, किसान, मजदूर और बेरोजगार हो चुके लोग असहाय छूट गए हैं।

### गरीबों, मजदूरों, किसानों और मध्य वर्ग को सिर्फ निराशा

पूर्व वित्त मंत्री ने सरकार से आग्रह किया सरकार आर्थिक पैकेज पर पुनर्विचार करे, समग्र वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा करे जो जीडीपी का 10 फीसदी हो। यह 10 लाख करोड़ का वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज होना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री के पांच दिनों के 'धारावाहिक से देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और मध्य वर्ग के लोगों को सिर्फनिराशा हाथ लगी है। उन्होंने कहा यह जुमला पैकेज है। सरकार को गरीबों की चिंता नहीं है।

# राजधानी में 16 अगस्त या आगामी आदेश तक धारा 144 प्रभावशील

*नवप्रदेश संवादाता*

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रायपुर डॉ. एस. भारतीदासन ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव और सुरक्षा हेतु सम्पूर्ण जिला रायपुर में दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत प्रभावशील धारा 144 को 16 अगस्त या आगामी आदेश तक के लिये लागू करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने इस सम्बन्ध में समय - समय पर जारी उनके कार्यालय द्वारा अन्य आदेशो के तहत प्रतिबन्धों को भी लागू रखने के आदेश दिए है। कलेक्टर एव जिला दण्डाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि कि कोरोना वायरस से भारत सहित पूरे विश्व के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है और इससे पीड़ित, संदेही से दूर रहने की सख्त हिदायत है। इसी प्रकार इसके प्रसार को रोकने के लिए कड़े सामाजिक अलगाव और शारीरिक दूरी के उपयोग को अपनाना उचित एवं आवश्यक हो गया है। इन आदेशों का किसी भी व्यक्ति, संस्था, संगठन द्वारा उल्लंघन नहीं किया जाएगा। किसी व्यक्ति, संस्था, संगठन द्वारा कोरोना वायरस के रोकथाम एवं नियत्रण हेतु जारी किसी भी निर्देश का उल्लंघन किया जाता है तो वह भारतीय दंड संहिता 1860 कि धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी के अंतर्गत आता है।

## रेस्टोरेंट, होटल बार और क्लब अब 31 मई तक रहेंगे बंद

*छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राज्य के सभी रेस्टोरेंट, होटल बारों और सभी एफ़एल. 4/4 क्लब को आगामी 31 मई तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। वाणिज्यिक कर (आबकारी विभाग) द्वारा पूर्व में 17 मई तक रेस्टोरेंट, होटल बार और क्लब को बंद रखने का आदेश जारी किया गया था। इस अवधि को बढ़ाकर अब 31 मई तक बंद रखने का आदेश दिया गया है। राज्य शासन द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।*

## दुकान खुलने से व्यापारियों ने ली राहत की सांस

*रायपुर। देशभर में आज से लॉकडाउन-4 की शुरूआत हो गई है। लेकिन यह लॉकडाउन कई मायनों में अब तक पूरे हो चुके लॉकडाउन से काफी हद तक अलग है। इसमें कई तरह की बंदिशों के साथ ही कई बिंदुओं पर छूट भी दी गई है। लॉकडाउन-4 के लिए जो दिशा-निर्देश जारी हुआ है उसमें कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर छूट दी गई है। स्वास्थ्य सेवाएं, दवा, दूध, सब्जी, फल, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी की दुकानों को जहां रोजाना खुलने की छूट मिली है तो वहीं सोमवार से शुक्रवार तक राशन दुकानें, किराना स्टोर, कृषि संबंधित दुकानें, टू-फोर व्हीलर सर्विसिंग, इलेक्ट्रिशियन, आईटी, मिठाई, बेकरी, सभी किराना दुकानें, कारपेंटर, प्लंबर, एसी मैकेनिक, सभी प्रकार की रिपेयरिंग, कार वॉश की दुकानें, मटन, मुर्गा, मछली, अंडा, पानी, वॉटर केन, डेयरी को शनिवार-रविवार को छोड़कर सप्ताह के शेष दिनों में खोला जा सकता है। वहीं सोमवार से गुरूवार के बीच कपड़ा, जूता, हार्डवेयर, पेंट, टाइल्स, सीमेंट, लोहा की दुकानें खोली जा सकती है। मंगलवार से शुक्रवार के मध्य सोने-चांदी की दुकानें, इलेक्ट्रिकल्स, चश्मे, स्टेशनरी, पंखा, वॉटर फिल्टर, आरओ की दुकानें खोली जा सकती है। इसी प्रकार मंगलवार-गुरुवार तक टीवी, एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मोबाइल, जनरल स्टोर, मनिहारी, अगरबत्ती, स्पोर्ट्स, खिलौने, टेलर की दुकानें।बुधवार-गुरुवार तक फर्नीचर और फूल, बर्तन, सूटकेस, बैग, पैकिंग मटेरियल की दुकानें। गुरुवार-शुक्र वार तक दो, तीन और चार पहिया के साथ भारी वाहनों के शो रूम खोले जा सकते हैं। इस छूट का आज राजधानी के बाजारों में भी असर दिखा। कई दिनों से बंद व्यापारिक प्रतिष्ठानों के शटर खुलने के बाद जहां व्यापारियों ने राहत की सांस ली है तो वहीं आमजनों ने भी अब राहत ली है।*

## न्यूज गैलरी

### जम्मू कश्मीर में फंसे छत्तीसगढ़ के श्रमिकों के लिए 2 ट्रेनों की मिली अनुमति

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर लॉकडाउन में जम्मू कश्मीर में फंसे हुए छत्तीसगढ़ के श्रमिकों के लिए दो ट्रेनों की अनुमति मिल गई है। ये श्रमिक स्पेशल ट्रेन जम्मू से बिलासपुर-चांपा चलेंगी। पहली ट्रेन 20 या 21 मई को यहां पहुंचने की संभावना है इसी तरह दूसरी ट्रेन 22 या 23 मई को आएगी। जम्मू कश्मीर में फंसे श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 3 श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अनुमति प्रदान की थी।

### 13 जिलों में महिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति

**रायपुर (नव प्रदेश)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस ने 13 जिलों में नए जिला कांग्रेस महिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जिनमें राजनांदगांव शहर, रोशनी सिन्हा, राजनांदगांव ग्रामीण, रामछत्री चन्द्रवंशी, कवर्धा शहर, रानू दुबे, कवर्धा ग्रामीण, गांगोत्री योगी, मुंगेली शहर, नूरजहां बेगम नूर, मुंगेली ग्रामीण, ललिता सोनी, कोरबा शहर, कुसुम द्विवेदी, जांजगीर चाम्पा, गीता देवांगन, बीजापुर ग्रामीण, गीता कमल गीतू, सूरजपुर ग्रामीण, आनंद कुंवर, बलरामपुर शहर, भागमन मरावी, बलरामपुर ग्रामीण, नीलम पटवा, गौरेला पेंड्रा मरवाही, गजमति भानु शामिल है।

### फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया बिलासपुर के कर्मचारियों ने दिए 50 हजार का योगदान

**रायपुर।** कोरोना महामारी के संक्रमण की रोकथाम और जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध हो सके इसके लिए फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया बिलासपुर के कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में 50 हजार रूपए की सहयोग राशि जमा कराई गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस सहयोग के लिए फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया बिलासपुर के समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है।

### रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिए 3.60 लाख

**रायपुर।** वैश्विक महामारी कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण लॉकडाउन में असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में 3 लाख 60 हजार रूपए की सहयोग राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस सहयोग के लिए रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के सभी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया है।

## पुलिस थी बेखबर, लोगों ने बताया तब दिखाई दी युवक की जली लाश

*नवप्रदेश संवादाता*

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में दीनदयाल उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र के रायपुरा चौक पर सोमवार सुबह अज्ञात युवक की जली हुई लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है,युवक का शव प्रांजल पेट्रोल पंप के पास मिला है जिसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है, पुलिस मौके पर पहुँच मामले की जांच कर रही है, चेहरा जल जाने से युवक की पहचान होना मुश्किल है,फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद नजदीकी सी सी टीवी फुटेज से पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात कब और कैसे हुई। चौंकाने वाली बात यह है कि युवक की हत्या हुई है या फिर उसकी स्वाभाविक मौत है यह पीएम के बाद ही पुलिस बता पाएगी। जबकि युवक के जले शव तक की खबर पुलिस को पता ही नहीं था। आसपास के चंद लोगों ने जब देखा और सूचना दी तब पुलिस हड़बड़ाई और मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की।

## जोगी के डोपलर स्केन में मस्तिष्क में खून का प्रवाह ठीक पर हालत पहले जैसी

*नवप्रदेश संवादाता*

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का नारायणा हास्पिटल में गहन निगरानी में इलाज चल रहा है। के मस्तिष्क में डोपलर स्कैन के जरिए खून का प्रवाह देखा गया है. जिससे उनके स्वास्थ्य में थोड़ी उम्मीद की किरण जागी है, लेकिन अभी इससे किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता है. हालांकि डॉक्टरों ने इसे एक अच्छा संकेत बताया है. उनके बाकी अंग की हालत पहले जैसे ही है. वेंटिलेटर से साँस दी जा रही है. पिछले 9 दिन बाद भी ख़तरे से बाहर अजीत जोगी नहीं आ पाए है. उनकी हालत पहले जैसे ही बनी हुई है। हास्पिटल से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार अजीत जोगी का डोपलर स्कैन किया गया, जिसमें उनके मस्तिष्क में खून का प्रवाह को देखा गया था. यह एक अच्छा संकेत है, लेकिन डॉक्टरों के अनुसार इसे अभी मस्तिष्क की गतिविधियों को लेकर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुँचा जा सकता है. डॉक्टरों की टीम द्वारा जोगी की मस्तिष्क समेत सभी अंगों पर लगातार नज़र रखी जा रही है।

## कोरोना त्रासदी : संघ की चुप्पी पर पीसीसी अध्यक्ष ने दागा सवाल

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कोरोना त्रासदी के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की निष्क्रियता और चुप्पी पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि जनसेवा का दम भरने वाले खाकी पैंटधारी आरएसएस के कार्यकर्ता कोरोना संकट के समय कहां लापता हो गए हैं? उन्होंने पूछा है कि क्यों त्रासदी झेल रहे मज़दूरों की सहायता के लिए आरएसएस के लोग नहीं दिख रहे हैं और वे क्यों नहीं कह रहे हैं कि इस भीषण, पीड़ादायक स्थिति के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोषी हैं।

उन्होने कहा है कि भारत को ठीक तरह से समझने वाले आरएसएस को क्या यह समझ में नहीं आ रहा है कि इतनी बड़ी संख्या में मज़दूरों को सड़कों पर हज़ारों मील पैदल चलने के लिए मजबूर करके केंद्र की मोदी सरकार ने कोरोना से बड़ी एक समस्या खड़ी कर दी है। उन्होंने कहा है कि नरेंद्र मोदी जी ने पहले बिना सोच विचार किए लॉक-डाउन पर लॉक-डाउन किया, लोगों से थाली ताली बजवाई, दीपक जलवाया फिर पुष्प वर्षा करवाई लेकिन देश के नाम किसी संबोधन में मजबूर और पीड़ा झेल रहे मज़दूरों का ज़िक्र तक नहीं किया। श्री मरकाम ने कहा है कि हिंदू धर्म और हिंदुओं की रक्षा करने वाली संस्था आरएसएस इस समय कहां है? जब करोड़ों मज़दूर लहुलुहान पैरों, भूखे पेटों और खाली जेबों के साथ सड़कों पर पैदल चल रहे हैं? उन्होंने कहा है कि क्या मोहन भागवत और आरएसएस के दूसरे पदाधिकारियों को यह नहीं दिख रहा है कि जैसे तैसे घर पहुंचने की कोशिश कर रहे श्रमिकों में से अधिकांश हिंदू धर्म के अनुयायी ही हैं।

## किसानों को लेकर नेताप्रतिपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

### कहा- किसानों के साथ अन्याय हो रहा

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने किसानों को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार किसानों के हितों की चिंता नहीं, बल्कि केवल सत्ता सुख के लिये किसानों को छल रही है।

श्री कौशिक ने जारी अपने बयान में कहा कि कांग्रेस ने कभी किसानों के साथ न्याय नहीं, हमेशा अन्याय किया है। अब प्रदेश का हर किसान एक ही बात पूछ रहा है कि उसके धान मूल्य की अंतर की राशि और दो साल के बकाया बोनस का भुगतान कब आयेगा? उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में किसानों से हर वर्ग में प्रदेश सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। इस सरकार को दिल्ली को कोसने के अलावा किसी की चिंता नहीं है। प्रदेश की चिंता होती, तो अब तक के किसानों को बाकी बोनस का भुगतान भी मिल जाता लेकिन प्रदेश सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

श्री कौशिक ने कहा कि पूरे प्रदेश में 19.55 लाख किसानों का पंजीयन हुआ था। 25.28 लाख हेक्टेयर याने करीब 63 लाख एकड़ में 9.48 हजार करोड़ क्विंटल धान की खरीदी होनी थी लेकिन करीब 8.30 हजार करोड़ क्विंटल धान ही खरीदा गया है। इस तरह करीब 1.18 हजार करोड़ क्विंटल धान कम खरीद गया जिससे किसानों को करीब तीन हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। पहले ही रकबे में कटौती कर दी गई थी और किसानों का धान ही कम खरीदा गया है।

**राहत...**

रायपुर। कोरोना महामारी के कारण हमारे प्रवासी मजदूर वापस अपने घर आरहे है, साथ मे महिलाएं भी है जिन्हें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी जरूरत को देखते हुए जेसीआई ने महिलाओं को सेनेटरी पैड किया वितरित।

## विवेकानंद सरोवर में सीएस व डीजीपी पहुंचे श्रमदान करने मुख्य वन संरक्षक, विधायक, कलेक्टर, महापौर, कमिश्नर भी थे साथ

**रायपुर।** 14वीं शताब्दी के ऐतिहासिक विवेकानंद सरोवर (बूढ़ातालाब) के सौंदर्यीकरण कार्य में आज मुख्य सचिव आरपी मंडल, डीजीपी डीएम अवस्थी, मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी, विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन, महापौर एजाज ढेबर, कमिश्नर सौरभ कुमार श्रमदान करने पहुँचे। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार, रितेश त्रिपाठी, पार्षद डॉ. सीमा कंदोई, प्रमोद मिश्रा, पूर्व पार्षद मनोज कंदोई, रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के जीएम तकनीकी एसके सुंदरानी, नगर निगम अपर आयुक्त पुलक भट्टाचार्य जोन क्रमांक-7 के कमिश्नर विनोद पांडेय, जोन क्रमांक-4 के कमिश्नर चंदन शर्मा समेत अन्य आला अधिकारी भी साथ थे।

ज्ञात हो राजधानी रायपुर के सबसे सुंदर ऐतिहासिक स्थलों में से एक विवेकानंद सरोवर (बूढ़ातालाब) में इन दिनों सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। तालाब के सफाई कार्य में लगभग 35 मछुआरों, 85 सफाई मित्रों को मिलाकर कुल 120 श्रमिक लगे हुए हैं। 4 पोकलेन मशीने लगी हैं। इनकी हाइड्रोलिक आर्म से तालाब का कचरा बाहर निकाला जा रहा है। सड़क के किनारे ट्रक भी खड़े किए गए हैं। तालाब से निकाली जा रही जलकुंभी और मलबा ट्रकों के जरिए डंप किया जा रहा है। राजधानी वासियों की आस्थाओं का प्रतीक विवेकानंद सरोवर (बूढ़ातालाब) बहुत जल्द नए कलेवर में नजर आएगा। रायपुर नगर निगम व स्मार्ट सिटी लि. द्वारा तालाब का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। तालाब का सौंदर्यीकरण कर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। बहुत जल्द पर्यटक प्रेमियों को शहर के बीचों-बीच बहुत ही खूबसूरत विवेकानंद सरोवर (बूढ़ातालाब) पर्यटन स्थल के रूप में मिलेगा।

## प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू के निधन पर श्रद्धांजलि

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने गहरा दुख व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू के निधन पर कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष गण गिरीश देवांगन, गुरुमुख सिंह होरा, प्रतिमा चंद्राकर, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, संगठन प्रभारी महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने शोक व्यक्त किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू के निधन पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, राजेंद्र तिवारी सदस्य, रमेश वर्ल्यानी सदस्य, आर पी सिंह सदस्य, सुरेंद्र शर्मा सदस्य, सुशील आनंद शुक्ला सदस्य, विकास दुबे सदस्य, विभोर सिंह सदस्य, रउफ कुरैशी सदस्य, किरणमयी नायक सदस्य, क्रांति बंजारे सदस्य, नीना रावतिया सदस्य, अधिवक्ता मोहन निषाद सदस्य, संदीप साहू सदस्य, नितिन भंसाली सदस्य, अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव सदस्य, इंजीनियर अमित यदु सदस्य ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रवक्ता धनंजय ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, विकास तिवारी, मोहम्मद असलम, एम ए इकबाल, एडवोकेट सुरेंद्र वर्मा, वंदना राजपूत, आलोक दुबे, अभय नारायण राय, जनार्दन त्रिपाठी, कमलजीत पिंटू, कृष्णकुमार मरकाम ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जिनको जरूरत थी उनको नहीं मिली राहत : त्रिवेदी

■ **मजदूर किसान व्यापारी नौकरीपेशा छोटे कारोबारियों लघु और मध्यम उद्योग - किसी को भी तो कुछ नहीं दिया**

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** 18 मई 2020 ।कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि 12 मई को मोदी जी ने बहुत बड़ी घोषणा की थी कि करोना से लड़ने 20 लाख करोड़ का पैकेज दिया जाएगा। पूरे देश को उम्मीद और आशा बंधी थी कि शायद अब मोदी जी को गरीबों का, लाचारों का दुख और दर्द समझ में आ गया है। शायद अब मोदी जी को समझ में आ गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है । वो इससे निपटने ठोस कदम उठाने जा रहे हैं और। लेकिन जो पांच धारावाहिक वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने देश को दिखाए, उसके बाद ये बात साफ है कि मोदी सरकार गरीब का, कमजोर का और यहाँ तक कि मध्यम वर्ग का भी दर्द नहीं समझ रही है।

श्री त्रिवेदी ने कहा है कि वित्तमंत्री ने कहा है कि हमें जब अतिरिक्त बोरोइंग दिखेगी, तभी पता चलेगा कि कितना खर्चा हुआ है और इसका जो फिगर आर्थिक विशेषज्ञों ने लगाया है, वह जीडीपी के 1 प्रतिशत से भी कम है। जीडीपी से जो अतिरिक्त खर्चा हो रहा है वो मात्र 0.91 प्रतिशत है। मोदी सरकार ने लोगों के दुखदर्द की बुरी तरीके से अनदेखी की है।

त्रिवेदी ने कहा है कि करोना से बुरी तरह से प्रभावित लोगों में देश में 13 करोड़ परिवार वो हैं जो सबसे निचले तबके से बाहर हैं। गरीबों प्रवासी मजदूरों किसानों भूमिहर कृषि मजदूरों दिहाड़ी मजदूर काम करने वालों और जिन लोगों ने अपनी नौकरी खोई है, उनकी संख्या 14 करोड़ से ज्यादा हैं।जिनकी नौकरी गई है, जिनकी छटनी हुई है, वो लोग अलग है। अपंजीकृत व्यवसायियों, असंगठित क्षेत्र के वो लोग, जिनकी नौकरी चली गई है, स्वरोजगार करने वालों , 7 करोड़ दुकानदार और वह मध्यम वर्ग, जिसका पैसा समाप्त हो चुका है और वो ऋण लेने के लिए मजबूर है अलग हैं । इसी तरह करीब-करीब 6 करोड़ एमएसएमई भी इसमें दरकिनार किए गए हैं। सरकार ने इन सबके दर्द, उनकी वेदना की अनदेखी कर उन सबसे मुंह फेर लिया है। त्रिवेदी ने कहा है कि मोदी सरकार की असंवेदनशीलता का सबसे बड़ा प्रमाण है प्रवासी मज़दूरों की अनदेखी। उन असहाय लोगों की आँख का एक आंसू नहीं पोंछा सरकार ने, बल्कि अपने फैसलों से उनके घाव पे नमक छिड़कने का काम ज़रूर किया है।

## संपादकीय

# अब 31 मई तक लॉकडाउन

भारत में एक बार फिर लॉकडाउन आगे बढ़ाना पड़ गया है। देश में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या एक लाख के पास पहुंच रही है। ऐसी स्थिति में सरकार के पास इसके अलावा और कोई दूसरा रास्ता ही नहीं है कि लॉकडाउन को और आगे बढ़ाया जाए। अब 31 मई तक लॉकडाउन जारी रहेगा। इस बार क्रेन्द्र सरकार ने राज्यों को यह छूट दी है कि वे अपने स्तर पर रेड, ग्रीन और आरेंज जोन का निर्धारण कर सकते है और बाजार खोलने या बंद रखने का निर्णय ले सकते है। यहीं नहीं बल्कि दो राज्य आपसी सहमति से एक दूसरे के प्रदेश तक बस सेवा भी शुरू कर सकते है। अब यह राज्य सरकारों को तय करना है कि वे अपने राज्यों में कौन कौन सी सेवाएं बहाल कर सकते है। जहां तक केन्द्र सरकार का प्रश्न है तो उसने नियमित रेल सेवा और हवाई उड़ानो पर 31 मई तक प्रतिबंध लगाने का एलान कर दिया है। लॉकडाउन की अवधि में सभी राजनीतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों पर भी रोक बदस्तूर जारी रहेगी। इस बीच प्रवासी मजदूरों के लिए विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी। लॉकडाउन 4 का कड़ाई पूर्वक पालन करने की जिम्मेदारी भी राज्य सरकारों पर डाली गई है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विडियों कांफ्रेसिंग के जरिए हुई चर्चा में कई प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों ने यह मांग की थी कि राज्यों को रेड, ग्रीन और आरेंज जोन घोषित करने का अधिकार दिया जाए ताकि वे अपने प्रदेशों में आर्थिक गतिविधियां शुरू कर पाएं। मुख्यमंत्रियों की मंशा के अनुरूप केन्द्र सरकार ने उन्हे यह अधिकार दे दिया है। अब गेंद राज्य सरकारों के पाले में है, इसलिए सभी राज्य सरकारों को सोच समझकर ही कदम उठाना होगा। लॉकडाउन का कड़ाई पूर्वक पालन कराना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखते हुए ही आर्थिक गतिविधियां संचालित करनी होगी अन्यथा कोरोना वायरस का संक्रमण और तेजी के साथ फैल सकता है। भारत जैसे विशाल देश में जिसकी जनसंख्या 130 करोड़ है वहां लंबे समय तक लॉकडाउन लागू रखना भी एक बड़ी चुनौती है। यही वजह है कि लॉकडाउन का पालन कराना मुश्किल होता जा रहा है। सरकार की लाख समझाईश के बावजूद लोग लॉकडाउन तोड़ने से बाज नहीं आ रहे है। नतीजतन चौथी बार लॉकडाउन बढ़ाने की जरूरत पड़ गई है यदि यही स्थिति बनी रही तो 31 मई के बाद भी पांचवी बार लॉकडाउन आगे बढ़ाए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। बेहतर होगा कि 31 मई तक लॉकडाउन का कठोरता पूर्वक पालन कराया जाए और प्रवासी मजदूरों की समस्या का त्वरित समाधान किया जाए। यदि ये लाखों प्रवासी मजदूर बगैर मेडिकल जांच के अपने गांवों तक पहुंच गए और इनमें से कुछ कोरोना संक्रमित निकले तो गांव गांव में कोरोना वायरस का संक्रमण फैल जाएगा और फिर स्थिति पर काबू पाना राज्य सरकारों के लिए मुश्किल हो जाएगा।

राजीव कुमार

# कोविड आर्थिक आपातकाल से सीधा मुकाबला

*राज्यों को 13000 करोड़ प्रवासी श्रमिकों के लिए क्वारेनटीन होम और शेल्टर होम्स बनाने के लिए दिये गए है। इसके अलावा कई और श्रेणियों में भी लोगों को सीधे तौर पर फायदा मिले और बाजार में मांग की बढ़ोतरी हो इन सभी को दृष्टिगत रखते हुए आर्थिक गतिविधियों को दोबारा पटरी पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं? माननीय वित्त मंत्री ने रविवार को कहा कि इस प्रोत्साहन पैकेज की जो राशि है वह 20 लाख 97 हजार करोड़ है जो माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 12 मई को अपने संबोधन में घोषित राशि से ज्यादा ही है। यह हमारी जीडीपी का 10: है। इससे अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा। इसके अलावा कई ढांचागत सुधार किए गए हैं जो कड़े कदम उठाये गए हैं उसके दम पर भारत वैश्विक स्तर पर जो प्रतिस्पर्धा है उसका सामना कर सकेगा और आर्थिक मजबूती की ओर बढ़ सकेगा। साथ ही हमारे जो परेशान किसान हैं उन्हें भी इस पैकेज से फायदा होगा और कोविड के बाद का जो आर्थिक परिदृश्य रहेगा उसमें हमें आगे बढ़ने का सहारा मिलेगा।*

आर्थिक जगत पर कोविड 19 के विनाशकारी प्रभावों को देखते हुए केंद्र सरकार का जो प्रोत्साहन पैकेज है वह दो मंत्रों पर आधारित है। सबसे पहले किसी भी तरह की जनहानि नहीं हो खासतौर पर जो वंचित हैं और आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं उनकी जनहानि नहीं हो। इसके साथ ही इस पूरे संकट की घड़ी को एक साहसिक सुधार तंत्र के माध्यम से अवसर में बदला जाए। ढांचागत सुधारों के माध्यम से आर्थिक जगत में उत्पादन क्षमता और आपूर्ति की क्षमता को बढ़ाया जाए। पिछले 5 दिनों में माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित प्रोत्साहन पैकेज सावधानी पूर्वक तैयार किया गया संतुलित और साहसिक पैकेज है।

आने वाले दिनों में यह अपने दोनों ही उद्देश्यों को पूरा करेगा। ऐसा व्यापक रूप से माना गया है कि 90 के दशक में एशियन फाइनैंशल क्राइसिस हो या वर्ष 2008-2009 का वैश्विक आर्थिक संकट जिसने आर्थिक जगत में मांग और आपूर्ति पक्ष पर बुरी तरह से प्रभाव डाला था। आपूर्ति पक्ष पर सरकार की प्रतिक्रिया चार बिंदुओं पर आधारित होगी। सबसे पहले खाद्य सुरक्षा और किसानों की आमदनी का किसी प्रकार का नुकसान न हो इसे सुनिश्चित किया जाएगा। लॉक डाउन की घोषणा के साथ ही सरकार ने कृषि और उससे संबंधित गतिविधियों को आवश्यक सेवाओं के रूप में तत्काल शामिल कर दिया था। इससे रबी की फसल की कटाई और उसकी खरीद सफलता पूर्वक की जा सकी। इसके साथ ही किसानों के हाथ में करीब 78000 करोड रुपए की नई खरीद क्षमता रही। इसके अलावा दूसरी चुनौती थी दिवालियापन और तरलता की कमी। इससे असरकारी तरीके से निपटने के लिए 50,000 करोड़ रुपये की तरलता सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही लघु सूक्ष्म एवं मध्यम इकाइयों के उद्योग जगत के लिए अतिरिक्त ऋण क्षमता जो कि 3 ट्रिलियन थी वह बिना किसी अनुप्रासंगिक शर्त के बढ़ाई गई। इसके अतिरिक्त हॉस्पिटैलिटी मनोरंजन और रिटेल क्षेत्र में भी सेवाओं को बढ़ावा देने और गति देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। ऊर्जा उत्पादन के लिए स्टेट डिस्कॉम को 90,000 करोड रुपए का कर्ज पैकेज उपलब्ध करवाया गया है जिससे राज्यों की बिजली उत्पादन इकाइयां दिवालिया होने से बच सकें और उनके दिवालियेपन को रोका जा सके जिनके की विनाशकारी परिणाम हो सकते थे। जो तीसरा उपाय किया गया है उससे निजी उत्पादकों को कृषि और मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में विशेष रुप से सुधार होगा। किसानों द्वारा अपने क्लाइंट और व्यापारियों को चुनने की एक लंबी लंबी प्रक्रिया थी उससे भी उन्हें आजादी दी गई है। वह अपने उत्पाद का आवश्यक भंडारण कर सकते हैं। इसके अलावा रक्षा संबंधी उत्पादन और निर्यात को भी उदारीकरण के उपायों द्वारा नया प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा निजी व्यापार करने वालों को भी नई गति मिलेगी और जिन पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज का जिन क्षेत्रों में एकाधिकार था वह भी समाप्त होगा।

मुख्य रूप से इन उपायों को करने से करीब 5000000 परिवारों की आजीविका को सहायता मिलेगीए जिनमें बहुत से स्ट्रीट वेंडर्स पूरे देश के शामिल हैं जिन्हें प्रत्येक को 10000 की सहायता उपलब्ध करवाई गई है। कर्ज के रूप में इस तरीके से यह प्रोत्साहन पैकेज उत्पादन क्षमता को उत्तरजीविता देने के लिए उसको बढ़ावा देने के साथ ही निजी क्षेत्र के जो भागीदारी है उसको भी बढ़ावा देता है। इसके अलावा बाजार में जो मांग में गिरावट आ गई है उसे भी दूर करने के लिए और बाजार को ऊपर उठाने के लिए कई तरह के उपायों की घोषणा की गई हैं। गिरती हुई अर्थव्यवस्था को ठीक करने के लिए उपभोक्ता के हाथ में कैश होना जरूरी है। इससे उपभोग निवेश और मध्यवर्ती वस्तुओं की मांग और उपलब्धता में बढ़ोतरी होगी। इसको देखते हुए एमएसएमईए वेंडर और किसानों को अतिरिक्त क्रेडिट लाइन उपलब्ध कराई गई है।

करीब 2 ट्रिलियन की धनराशि जिसे केसीसी के तहत दिया गया है, जो मांग को बढ़ावा देने में सहायक होगी। बाजार में उपभोग और मांग को सीधे तौर पर बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय किए गए हैं। इनमें एक करोड़ 73 लाख रुपए की राशि का सबसे पहला पैकेज दिया गया है जो कि समाज के आखरी तबके सबसे कमजोर तबके की आय और उसके कल्याण के लिए प्रदान किया गया है। जिसमें जनधन खाते वाली 20 करोड़ महिलाएं शामिल है। जिन्हें अपने बैंक खातों में सीधे यह राशि मिलेगी। इसके अलावा टीडीएस और टीसीएस में जो कमी की गई है उससे 50000 की अतिरिक्त राशि रहेगी। मनरेगा के श्रमिकों को 40000 की अतिरिक्त राशि का आवंटन किया गया है जिससे मनरेगा श्रमिकों के काम को बढ़ावा मिलेगा। 17800 करोड रुपए की राशि 12 करोड किसानों को हस्तांतरित की गई है।

राज्यों को 13000 करोड़ प्रवासी श्रमिकों के लिए क्वारेनटीन होम और शेल्टर होम्स बनाने के लिए दिये गए है। इसके अलावा कई और श्रेणियों में भी लोगों को सीधे तौर पर फायदा मिले और बाजार में मांग की बढ़ोतरी हो इन सभी को दृष्टिगत रखते हुए आर्थिक गतिविधियों को दोबारा पटरी पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं? माननीय वित्त मंत्री ने रविवार को कहा कि इस प्रोत्साहन पैकेज की जो राशि है वह 20 लाख 97 हजार करोड़ है जो माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 12 मई को अपने संबोधन में घोषित राशि से ज्यादा ही है। यह हमारी जीडीपी का 10: है। इससे अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा। इसके अलावा कई ढांचागत सुधार किए गए हैं जो कड़े कदम उढ़ाये गए हैं उसके दम पर भारत वैश्विक स्तर पर जो प्रतिस्पर्धा है उसका सामना कर सकेगा और आर्थिक मजबूती की ओर बढ़ सकेगा। साथ ही हमारे जो परेशान किसान हैं उन्हें भी इस पैकेज से फायदा होगा और कोविड के बाद का जो आर्थिक परिदृश्य रहेगा उसमें हमें आगे बढ़ने का सहारा मिलेगा। **(लेखक नीति आयोग के उपाध्यक्ष हैं)**

## विचार

# भारत में दो हिंदुस्तान हैं



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कोरोना के इन 55 दिनों में मुझे दो हिंदुस्तान साफ साफ दिख रहे हैं। एक हिंदुस्तान वह है, जो सचमुच कोरोना का दंश भुगत रहा है और दूसरा हिंदुस्तान वह है, जो कोरोना को घर में छिपकर टीवी के पर्दों पर देख रहा है। क्या आपने कभी सुना कि आपके किसी रिश्तेदार या किसी निकट मित्र का कोरोना से निधन हो गया है ? मैंने तो अभी तक नहीं सुना। क्या आपने सुना कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री की तरह हमारा कोई नेता, कोई मंत्री, कोई सांसद या कोई विधायक कोरोना का शिकार हुआ है ? हमारे सारे नेता अपने-अपने घरों में दुबके हुए हैं। देश के लगभग हर प्रांत में मेरे सैकड़ों-हजारों मित्र और परिचित हैं लेकिन सिर्फ एक संपन्न परिवार के सदस्यों ने बताया कि उनके यहां तीन लोग कोरोना से पीड़ित हो गए हैं। मैंने पूछा कि यह कैसे हुआ ? उनका अंदाज था कि यह उनके घरेलू नौकर, ड्राइवर या चौकीदार से उन तक पहुंचा होगा। यानि कोरोना का असली शिकार कौन है ? वही दूसरावाला हिंदुस्तान ! इस दूसरे हिंदुस्तान में कौन रहता है ? किसान, मजदूर, गरीब, ग्रामीण, कमजोर और नंगे-भूखे लोग ! वे चीन या ब्रिटेन या अमेरिका जाकर कोरोना कैसे ला सकते थे ? उनके पास तो दिल्ली या मुंबई से अपने गांव जाने तक के लिए पैसे नहीं होते। यह कोरोना भारत में जो लोग जाने-अनजाने लाए हैं, वे उस पहले हिंदुस्तान के वासी हैं। वह है, इंडिया ! वे हैं, देश के 10 प्रतिशत खाए-पीए-धाए हुए लोग और जो हजारों की संख्या में बीमार पड़ रहे हैं, सैकड़ों मर रहे हैं, वे लोग कौन हैं ? वे दूसरे हिंदुस्तान के वासी हैं। वे 'इंडिया' के नहीं, 'भारत' के वासी हैं। इन भारतवासियों में से 70-80 करोड़ ऐसे हैं, जो रोज कुआ खोदते हैं और रोज़ पानी पीते हैं। उनके पास महिने भर की दाल-रोटी का भी बंदोबस्त नहीं होता। इन्हीं लोगों को हम ट्रकों में ढोरों की तरह लदे हुए, भयंकर गर्मी में नंगे पांव सैकड़ों मील सफर करते हुए, थककर रेल की पटरी पर हमेशा के लिए सो जाने के लिए और सड़कों पर दम तोड़ते हुए रोज देख रहे हैं। सरकारें उनके लिए भरसक मदद की कोशिशें कर रही हैं, लेकिन उनसे भी ज्यादा भारत की महान जनता कर रही है। आज तक एक भी आदमी के भूख से मरने की खबर नहीं आई है। यदि सरकारें, जैसा कि मैंने 25 मार्च को ही लिखा था, प्रवासी मजदूरों को घर-वापसी की सुविधा दे देतीं तो हमें आज पत्थरों को पिघलाने वाले ये दृश्य नहीं देखने पड़ते। आज भी 'भारत' के हर वासी के लिए सरकार अपने अनाज के भंडार खोल दे और कर्जे देने की बजाय दो-तीन माह के लिए दो सौ या ढाई सौ रुपए रोज का जीवन-भत्ता दे दे तो हमारे 'इंडिया' की सेवा के लिए यह भारत फिर उठ खड़ा होगा।

# केरल में कोरोना संक्रमितों में एकाएक इजाफा

## विदेश से आने वालों के कारण हो रही यह वृद्धि

पी श्री कुमारन

*अधिक परीक्षण केंद्रः विदेशों में फंसे भारतीयों की वापसी ने भी राज्य सरकार को और अधिक परीक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए मजबूर किया है। वर्तमान में, केवल 21 परीक्षण केंद्र हैं - 15 सरकारी नियंत्रण में और 6 निजी क्षेत्र में। अब सरकार परीक्षण केंद्रों की संख्या को कम से कम 30 तक बढ़ाने की योजना बना रही है। बेवॉच आउटलेट खोला जानाः एक और कदम जो चिंता पैदा कर रहा है वह है सोशल डिस्टेंसिंग पर सख्त प्रतिबंधों के तहत सोमवार से बेवरेजेस कॉर्पोरेशन (बेवको) के स्वामित्व वाले पेय आउटलेट्स खोलने का निर्णय। बेवॉच की कीमतों पर शराब बेचने के लिए बार में विशेष खुदरा काउंटर खोले जाएंगे।*

**तिरुअनंतपुरमः** सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के नेताओं के चेहरों पर चिंता की लकीरें वापस आ गई हैं। उनकी चिंता का कारण विदेशों में फंसे भारतीयों की वापसी के मद्देनजर कोविद के संक्रमण मामलों में अचानक आई बढ़ोतरी है। पिछले दो दिनों में राज्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए सभी अच्छे कार्यों को खतरे में डालते हुए 42 मामलों की वृद्धि देखी गई है।

इस सिलसिले में, दूसरे दिन मुख्यमंत्रियों के साथ आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा की गई आशंकाएं सच हो गई हैं। केरल के सीएम ने कहा था कि बोर्डिंग बिंदु पर ही सभी रिटर्न होने वालों को एंटीबॉडी परीक्षणों से गुजरना चाहिए। अन्यथा, यात्रियों के संक्रमित होने की पूरी संभावना है। लेकिन यह नहीं किया गया है, उस समय के बाद के घटनाक्रम से यह स्पष्ट है। केरल की भूमि पर उतरने के बाद 11 लौटे लोगों का पोजिटिव टेस्ट किया गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उदाहरण कासरगोड जिले में सकारात्मक मामलों में वृद्धि है, जो 10 मई को कोविद-मुक्त हो गया था। जिले में अब 14 सकारात्मक मामले सामने आए हैं। यह जिले के कुछ लोगों के गैर-जिम्मेदाराना आचरण का प्रत्यक्ष परिणाम है। स्वास्थ्य कर्मचारियों, पुलिस और कलेक्टर द्वारा कोविद - 19 को नियंत्रित करने के लिए जिले में उत्कृष्ट काम किया गया था, लेकिन उस पर अब पानी फिर गया है। कासरगोड में मामलों की इस स्थिति के लिए जिम्मेदार लोगों में से एक सीपीआई (एम) दंपति है जिन्होंने सकारात्मक परीक्षण किया। बड़ी संख्या में लोग उनके संपर्क में आए थ। अब उन लोगों को समुदाय के प्रसार से बचाने के लिए निगरानी में रखा गया। स्पष्ट रूप से, कड़े प्रतिबंध वापस आ गए हैं। पुलिस और जिला कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की है कि चीजें नियंत्रण से बाहर न हों। जिला फिर से रेड जोन में है, और काफी समय तक वैसा ही रहेगा।

इसी तरह वायनाड जिले में मंतववादी तालुक की स्थिति भी बेहद गंभीर है। तालुक में वेल्लमुंडा पंचायत को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। दो पंचायतें पहले से ही पूर्ण लॉकडाउन के तहत हैं। कुछ सख्त पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए संपर्कों द्वारा इन कठोर कदमों की आवश्यकता है। साथ ही साथ बथेरी में भी कड़ी सख्ती होगी। इस बीच, केंद्र ने सभी लौटे लोगों के लिए सरकार द्वारा नियंत्रित सुविधाओं पर 14-दिवसीय संगरोध पर जोर दिया है। केरल सरकार ने पहले यह माना था कि सरकारी सुविधाओं में केवल सात-दिवसीय संगरोध आवश्यक है। केंद्र 14 दिनों के संगरोध पर जोर देने में सही है क्योंकि राज्य में घरेलू संगरोध के साथ अनुभव अच्छा नहीं रहा है।

बेवॉच आउटलेट खोला जानाः एक और कदम जो चिंता पैदा कर रहा है वह है सोशल डिस्टेंसिंग पर सख्त प्रतिबंधों के तहत सोमवार से बेवरेजेस कॉर्पोरेशन (बेवको) के स्वामित्व वाले पेय आउटलेट्स खोलने का निर्णय। बेवॉच की कीमतों पर शराब बेचने के लिए बार में विशेष खुदरा काउंटर खोले जाएंगे। हालांकि, लाइसेंस वाले क्लबों को खोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शराब पर लगाए जाने वाले उपकर को 10 से 35 फीसदी तक ले जाने की योजना बनाई जा रही है, इसका मतलब है कि शराब खरीदने के लिए पियक्कड़ों को अधिक पैसे देने होंगे।

फंड क्रंच स्टंप्स स्टेटः राज्यों की वजह से जीएसटी और अन्य बकाया को जारी करने में केंद्र की विफलता पर राज्य भी गंभीर रूप से चिंतित है। धन की कमी ने कोविद -19 के खिलाफ लड़ाई के वित्तपोषण के लिए राज्यों की क्षमता को गंभीर रूप से अपंग कर दिया है। प्रधानमंत्री द्वारा घोषित वित्तीय पैकेज के वित्तमंत्री द्वारा अलिखित रूप से राज्यों को अब तक कोई धनराशि देने की बात सामने नहीं आई है। यह पैकेज राज्यों के लिए थोड़ी सुस्ती के रूप में आया है। उनकी निराशा का मुख्य कारण यह है कि प्रभावित प्रवासी श्रमिकों या किसानों और अन्य गरीब लोगों के लिए सीधे धन हस्तांतरित करने का कोई कदम नहीं है, जिन्होंने लॉकडाउन के परिणामों का खामियाजा उठाया है। इसने उन्हें बेरोजगार छोड़ दिया है और अनिश्चित और गंभीर भविष्य का सामना करना पड़ रहा है। यह सच है कि सूक्ष्म, मध्यम और छोटे उद्योगों, किसानों, सड़क विक्रेताओं और अन्य वंचित लोगों की मदद करने के लिए भव्य योजनाएं सामने आई हैं। लेकिन मुख्य रूप से बैंकों के माध्यम से इन योजनाओं के कार्यान्वयन में समय लगेगा। सरकार ने गरीबों के सबसे गरीब लोगों को सीधे धन हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिए उचित नहीं सोचा है - एक कदम, जो कि प्रख्यात व्यक्तित्वों, आर्थिक विशेषज्ञों और नोबेल पुरस्कार विजेताओं अमर्त्य सेन और अभिजीत बनर्जी द्वारा दिए गए एक कदम की वकालत है। और सबसे अधिक प्रभावित होने वाले धन का प्रत्यक्ष हस्तांतरण सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह इसलिए नहीं किया गया कि यह गहरी निराशा और आघात का विषय है।

- (संवाद)

## पाठकों की बात

### पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### क्यों भूख को ही देखा जाता है, अगर

क्यों भूख को ही देखा जाता है, अगर हर अमीर अपनी थाली से एक रोटी एक गरीब की थाली में दे दे ,तो भूख खत्म हो जाये ऐसी छवि मन दुखी करती है मेरा,पर क्या करू मेरे देश के अमीरो की भूख इन गरीबो से ज्यादा है, जो मिटने का नाम ही नही लेती। **संध्या चतुर्वेदी**

### तेरी हर एक याद को, हवन में जला

तेरी हर एक याद को, हवन में जला रहा हूँ, वो कसमें, वो हसीन वादें भी मिटा रहा हूँ, जहाँ भी रहना सप्रिये तुम खुश रहना, मैं भी अपनी ज़िंदगी, नये सिरे से बसा रहा हूँ...!!

**अजय पटेल**

### ख़ास पाती | आलोचना और निंदा में

आलोचना और निन्दा में बहुत सूक्ष्म सा भेद है।फिर भी बड़ा है ।आलोचना में आलोचक निष्पक्ष भाव से अपनी बात रखता है।और जिसकी आलोचना की जा रही है उसके प्रति कोई दुर्भाव नहीं रखता।लेकिन निंदा करने वाला मजे लेता है ।दूसरे को दुखी करने की मंशा रखता है ।निंदा करने वाले की आलोचना अशुद्ध है ।जब कि आलोचक शुद्ध हृदय से संवेदनात्मक स्तर पर निष्पक्ष भाव से अपनी बात कहता है । **मां आनंद प्रदीपा**

### मुझे अपना रूमाल देने का वो

मुझे अपना रूमाल देने का वो हसींअंदाज़ याद है आज भी। तुम्हारे सुनहरे हंसी बाल और उन पर वो गुलाब याद है आज भी। वक्त कहां रहता है एक सा हरदम मगर वो मासूम ख्वाब याद है आज भी। मिलेंगे हम किसी न किसी मोड़ पर देखना, तेरे शहर का रास्ता याद है आज भी। बेकरार हैं इंतज़ार में हम, पहली मुलाकात की वो रिमझिम बरसात याद है आज भी। **कामनी गुप्ता, जम्मू**

### ये आह कराह इस बेसबरी को कहाँ

ये आह कराह इस बेसबरी को कहाँ ले जाऊँ, सखी री इस आरजू बावरी को कहाँ ले जाऊँ, पढ़ते तो हैं वो शामों सहर मेरे लिखे शेरों को, मगर ज़ज़्बात की बेअसरी को कहाँ ले जाऊँ, तू कहता रो लिया कर मन हल्का हो जाएगा, सूखे इस आँसू ए आखिरी को कहाँ ले जाऊँ, सखी री तू लड़की नहीं अप्सरा है जन्नत की, कहाँ रखूंगा बता तुझ परी को कहाँ ले जाऊँ, छँटती न बरसती है बस लदी रहती है ।

**अनिल अनमोल शर्मा**

### तुमसे मिल तमन्ना जगी इश्क

तुमसे मिल तमन्ना जगी इश्क में बहक जाऊँ ये उजडा है जो मन सोचा महक जाऊँ जुडे हैं तार कहीं न कहीं जरूर तुमसे छोड लाज मीरा की तरह तेरी दीवानी हो जाऊँ। **बेनू सतीश कॉत**

### जब विचलित करते खग व्योम

जब विचलित करते खग व्योम के अपनी स्वतंत्र किलकारी से, और उड़ने को व्याकुल होता मन का पौधा अपनी क्यारी से, तेरी बांसुरी की धुन मुझको देती बहुत दिलासा है!! कदम्ब तले यमुना तट पर बिखरी तेरी ही आशा है!! **शिल्पी अग्रवाल**

### बड़े बुजुर्गों ने सच ही कहा है दो रोटी

बड़े बुजुर्गों ने सच ही कहा है दो रोटी कम खा लेना पर अपनी जड़ अपनी जमीन न छोड़ना महलों की आस में अपना टूटा घर न छोड़ना जिसे तुम छोड़कर आए थे आज उसी के लिए दौड़ पड़े हो बदहवासी में भूखे ही, नंगे पैर तुम दौड़ पड़े हो खाओ कसम अब कभी भी इस गाँव की पगडंडी न छोड़ना लम्बा है सफर, पर पता है जाना किधर राह में मिलेंगे कई हमसफ़र चाहे अंतिम श्वास तक ही पहुचना हो पर पहुँचोगे जरूर, टूटा द्वार, टूटी खाट जोह रहें तुमरी बाट बूढ़े माता पिता का कभी दामन न छोड़ना। **राजीव वर्मा**

### रात दिन आपकी याद आती रही

रात दिन आपकी याद आती रही। ज़िन्दगी बेवफा सी रुलाती रही।। उम्र भर ज़िन्दगी गम उठाती रही। दर्द में भी सदा मुस्कुराती रही। आंख का आंख से जब हुआ सामना। लाज वो हर किसी से छुपाती रही।। भूख से लाल जब भी बिलखने लगा। दूध में डाल पानी पिलाती रही।। वक्त ने इस कदर आज बेबस किया। आबरू मौन अपनी लुटाती रही।। कोई संजय बढ़ा ना मदद के लिये। वो गुहारे सभी से लगाती रही ।। **संजय कुमार गिरि**

## QUIZ TIME

1) फरवरी, 2020 में श्रीकांत श्रीनिवासन किस देश की फेडरल सर्किट कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने? (अमेरिका / जर्मनी)

2) सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का संबंध किससे है?

3) होर्मुज जल संधि किन दो देशों को अलग करती है?

4) बौद्ध गाथाओं में हाथी किसका प्रतीक है?

5) मछली के प्रजाति का नाम बताए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अमेरिका (2) भारत में नये संसद भवन का निर्माण से (3) ओमान और ईरान को (4) बुद्ध के जन्म का (5) गप्पी मछली

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1571 - मिग्यूल लोपेज डी जगाज्पी ने फिलीपींस की राजधानी मनीला की स्थापना की। 1714 - ब्रिटेन की महारानी ने अपने जीवनकाल में हनोवर के सदन के सदस्यों को ब्रिटेन में रहने की इजाजत देने से इनकार किया। 1769 - पोप क्लेमेंट-14 पोप क्लेमेंट-13 के स्थान पर 249वें पोप के रूप में चुने गए। 1802 - नेपोलियन बोनापार्ट ने साहब फ्रेंच लेजन (साहब की सेना) स्थापना की। 1848 - दुनिया का पहला डिपार्टमेंटल स्टोर खुला। 1881 - आधुनिक तुर्की के निर्माता कमाल अतातुर्क का जन्म। 1885 - जर्मन चांसलर बिस्मार्क ने अफ्रीकी देश कैमरून और टोंगोलैंड पर कब्जा किया। 1900 - दुनिया की मौजूदा सबसे बड़ी रेल सुरंग सिंपलन यात्रियों के लिए खुला, इटली-स्विट्जरलैंड मार्ग से जुड़े।

न्यूज गैलरी

## आयुक्त को सौंपा बीमा प्रीमियम राशि

**भिलाई 3।** नगर पालिक निगम कार्यालय सफाई कर्मचारियो के सेहत सुरक्षा योजनांतर्गत (स्वास्थ्य बीमा) निगम द्वारा 18 से 50 वर्ष के बीच काम करने वाले अस्थाई सफाई कर्मचारियो का बीमा कराने छ.ग. चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा चेंबर के अध्यक्ष अजय भसीन के नेतृत्व में पदाधिकारियों का दल छम्मन नथ्थानी, कोमल जैन, अनिल जेठानी व शंकर सचदेव की उपस्थिति में बीमा प्रीमियम राशि के लिए रू 50 हजार मात्र की सहयोग राशि निगम आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर को सौंपा गया।

## ढवाले व पोद्दार का 2 वेतन वृध्दि

**दुर्ग।** ग्रीष्मऋतु के दौरान शहर के पाइप लाइनों का बार.बार लीकेज एवं पंप इत्यादि में खराबी आने की शिकायत मिलने के बावजूद जलगृह विभाग के उप अभियंता राजेन्द्र ढवाले द्वारा निरीक्षण वह परीक्षण नहीं करने व विद्युत विभाग के सहायक अभियंता राजू पोद्दार ने विभिन्न ट्रीटमेंट प्लांट के पैनल बोर्ड खराब 2 माह पूर्व से सूचित करने पर भी नहीं की गई। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन व्दारा राजेंद्र ढाबाले का 2 वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने का आदेश जारी किया।

# ग्रामीण अंचल के क्वारंटाईन सेंटरो का हाल बेहाल

**केन्द्र में भारी गदंगी का आलम है और साफ-सफाई की स्थिति बदत्तर**

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** राज्य से बाहर काम करने के लिए गए छत्तीसगढ़ के नागरिकों का वापस लौटने के बाद क्वारंटीन केन्द्रों में हाल बेहाल है। शहर से लगभग 5-7 किलोमीटर के दूर चंदखुरी स्थित क्वारंटाईन के लिए बनाए गए आइसोलेशन केन्द्र में भारी अव्यवस्था की शिकायत सामने आई है। परिणामतः यह जाहिर हो रहा है कि प्रभारी इस मामले में भारी लापरवाही बरत रहे है। जानकारी के अनुसार जिले के धोबीपारा नेवई में निवासरत् 24 वर्षीय नरेन्द्र कुमार यादव पिता पूरनलाल यादव जिला अस्पताल में कोरोना की जांच का सेम्पल लेने के बाद

**चंदखुरी में दाखिल ने बताई अपनी व्यथा**

चंदखुरी के सन् इंजीनियरिंग कॉलेज की बिल्डिंग में बनाए गए आइसोलेशन केन्द्र में क्वारंटाईन के लिए भेज दिया गया है। इस आइसोलेशन केन्द्र में वर्तमान में 2 सौ से ढाई सौ लोग रखे गए है। लेकिन केन्द्र में व्याप्त अव्यवस्था व बदइंतजामी के कारण भगवान ही इनका मालिक है। क्वारंटाईन के लिए दाखिल नरेन्द्र यादव ने नवप्रदेश को अपनी व्यथा से अवगत कराते हुए प्रशासन व शासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। नरेन्द्र ने बताया कि वह सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने का कार्य करता है और आंध्रप्रदेश राज्य में काम रह रहा था। आंध्रप्रदेश में कोरोना के बढ़ते प्रभाव की वजह से दो दिन पहले ही छत्तीसगढ़ लौटा है। नरेन्द्र ने बताया कि कोरोना का सेम्पल लेने के बाद चंदखुरी में सन् इंजीनियरिग कॉलेज भवन में स्थित आइसोलेशन केन्द्र में क्वांरटाईन के लिए रखा गया है। इस केन्द्र में भारी गदंगी का आलम है और साफ-सफाई की स्थिति बदत्तर है। ऐसा लगता है कि कई दिनो से भवन की साफ-सफाई नहीं की गई है। वहां रखे बिस्तर से भारी बदबू उठ रही है तथा खाना व नाश्ते की भी कोई व्यवस्था नहीं है। नरेन्द्र का कहना था इस तरह की उपेक्षा व तिरस्कार से उसका मनोबल टूट रहा है। भवन में सेनेटाइजर की भी कोई व्यवस्था नही है। नरेन्द्र ने जिलाधीश अंकित आनंद का ध्यान आकृष्ट कराते हुए व्यक्तिगत रुचि लेकर इस मामले में पहल का आग्रह किया है। इस मामले में चंदखुरी के आइसोलेशन केन्द्र के प्रभारी चिकित्सक से इनका पक्ष लेने के लिए दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होने फोन नहीं उठाया। बहरहाल ग्रामीण क्षेत्रों के आइसोलेशन सेंटर में भारी बदइंतजामी का आलम है।

# 25 वर्षो से बंद पड़े नहर का जीर्णोद्धार

नवप्रदेश संवाददाता

**साकार करने पालिका अध्यक्ष का युद्धस्तर पर प्रयास सफल**

**कुम्हारी।** किसानों को बेहतर व सस्ती सिंचाई सुविधा मुहैया कराने एवं नगर के तालाबों को भरने तीन दशक पूर्व जल संसाधन विभाग द्वारा जिस नहर का निर्माण कराया गया था वह नहर नगर में तेजी से बढ़ते शहरीकरण एवं समुचित रखरखाव के अभाव में विगत 25 वर्षों से बंद पडी हुई थी। यूं कहें की नहर, पूरी तरह नाली मे तब्दील हो गई इस नहर की बदहाली के चलते किसानों को सिंचाई सुविधा मिलना कठिन हो गया साथ ही तालाबों में जल का भराव नही होने से तालाब सूखने लगे। शहर में भूजल स्तर भी तेज गति से गिरने लगा जिससे किसानों मे बेचैनी भी बढने लगी। जैसे तैसे 25 वर्ष का लम्बा अंतराल बीत गया। इसे पुनः प्रारंभ करना कठिन ही नही बेहद चुनौती पूर्ण भी था। लेकिन इस चुनौती को स्वीकार कर मनीष बंछोर के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशानुसार तथा नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर के कुशल नेतृत्व में करीब 12 किलोमीटर लम्बी नहर जो पूरी तरह नाले में तब्दील हो चुकी थी उसे प्रदेश की महती योजना नरवा, गरवा, घुरवा बारी के तहत पुनः मूर्त रूप देने के लिए पालिका अमला एवं जल संसाधन अमला द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य प्रारंभ किया गया। उल्लेखनीय है की धमधा तहसील के कुम्हारी नगर मे कुगदा से प्रारंभ होकर कुम्हारी खपरी के किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया करवाने के लिए तीन दशक पूर्व नहर का निर्माण कराया गया था।

# नाली ऊपर बाउंड्रीवॉल बनाकर कब्जा

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** वार्ड उत्कल कालोनी में 9 लोगों ने नाली के ऊपर बाउंड्रीवाल का निर्माण कर कब्जा कर लिया गया है । उत्कल नगर कालोनी वासियो ने इसकी शिकायत निगमायुक्त से की गयी । आयुक्त इंद्रजीत बर्मन व्दारा वार्ड अधिकारी को तत्काल कार्रवाही करने निर्देशित किया गया। आयुक्त के निर्देश पर उपअभियंता गिरीश दिवान कार्यवाही करने उत्कल नगर कलोनी पहुंचे। संकरी गली की नाली में दिवाल बनार कब्जा किया जा रह है। इससे आम लोगों को आने-जाने में होने वाली परेशानी को देखते हुये अतिक्रमण कारियों को कब्जा हटाने कहा गया। अतिक्रमणकारियों ने निगम अधिकारी से कब्जा हटाने दो दिनों का समय मांगा। अधिकारी ने सभी 9 कब्जाधारियों को दो दिनों के अंदर अतिक्रमण को हटा लेंने निर्देश दिए गए। अन्यथा कड़ी कार्यवाही करने की हिदायत दिया । अवैध रूप से 9 लोगो द्वारा नाली के ऊपर कब्ज़ा किया है। कार्यवाही के दौरान उपअभियंता विनोद मांझी, सतीश साहू एव अन्य मौजूद थे।

# अनुकंपा नियुक्ति के साथ 50 लाख देने की मांग

**मृतक दयाराम झीठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करता था कोरोना वायरस के लक्षण का सैंपल कलेक्शन**

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग ने अनुकंपा नियुक्ति के साथ 50 लाख देने की मांग के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीठ में पदस्थ लैब टेक्नीशियन दयाराम साहू के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। अध्यक्ष ने कहा कि लैब टेक्नीशियन लगातार कोरोना वायरस महामारी नियंत्रण में अपनी सेवाएं दे रहे थे। विभाग द्वारा उनकी ड्यूटी सैंपल कलेक्शन में लगाई गई थी। आनंद साहू अध्यक्ष एवं सदस्यों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा मुआवजा देने की मांग करते हुए उनके परिवार के सदस्य को तत्काल अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की। महंत लीलाधर दास महासचिव ने बताया कि लैब टेक्नीशियन स्व. दयाराम साहू की ड्यूटी पाटन विकास खण्ड के अंतर्गत झीठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रवासी मजदूर श्रमिकों और कोरोना वायरस के लक्षण बताने वालों के सैंपल कलेक्शन लेने लगाई गई थी। उनकी मृत्यु कोरोना वायरस संक्रमण से हुई है या अन्य कारणो से हुई है ये जांच का विषय है लेकिन केन्द्र सरकार ने कोरोना वायरस महामारी सेवा में लगे वारियर्स को 50 लाख देने की घोषणा की है। मांग करने वालो में युवा प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग के संरक्षक हर्ष साहू, प्रेमकिशन साहू, सूरज साहू, अध्यक्ष आनंद साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सुरगी राजनांदगांव, उपाध्यक्ष टीमन साहू, लिकेस साहू कबीर, महेश्वर साहू, जिला प्रभारी राजेश साहू, संगठन सचिव खेमलाल, भुवन साहू, कोषाध्यक्ष लोकेश साहू एवं दुर्ग संभाग युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शामिल हैं।

# न्यायालय परिसर को किया सेनेटाईज

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** जिला न्यायालय में आज से कोर्ट के सभी कामकाज प्रारंभ हो रहा है न्यायालय के बाहर बहुत से नोटरी और फोटोकापी आदि दुकान लगाकर लोग व्यवसाय करते हैं जहॉ अधिक संख्या में भीड़ होती है। कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के अंतर्गत शहर में किसी भी स्थिति में संक्रमण का फैलाव ना हो इसके लिए आज विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में पूरा न्यायालय परिसर क्षेत्र में दवाई का छिड़काव कर सेनेटाईज किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, कर्मशाला अधीक्षक बीरेन्द्र ठाकुर एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित थे।

इस दौरान विधायक और महापौर ने न्यायालय परिसर के लोगों को कोरोना वायरस संकमण से बचाव के लिए सजग रहने की समझाईश दिये। सोशल डिस्टेंस का पालन करने और मास्क लगाकर कार्य करने कहा।

महापौर बाकलीवाल ने बताया कि कोरोना काल के लॉकडाउन में जिला न्यायालय का बंद कामकाज जिला प्रशासन के निर्देश के बाद आज से जिला न्यायालय के सभी कार्य प्रारंभ हो रहा है जिला न्यायालय में पूरे जिले भर से लोग अपने न्यायालयिन कार्य के लिए आयेगें। कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण को देखते हुये पूरा न्यायालय परिसर को सेनेटाईज करना की आवश्यकता को देखते हुये विधायक श्री वोरा के दिशा निर्देश पर दवाई का छिड़काव कर सेनेटाईजेशन किया गया। इस दौरान कोर्ट के काम से उपस्थित वकील और लोगों को विधायक और महापौर ने सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुये कार्यो को संचालित करने का कार्य करने समझाईश दिया गया। इसके साथ ही लॉकडाउन के नियमों का पालन करते हुये मास्क अवश्य लगाने के निर्देश दिए।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुप कुमार खोब्रागड़े आ. स्व. अभिमान उरकुड़ा निवासी सेक्टर 04 भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर पुराना 431/2 नया खसरा नं. 4958 रकबा 0.03 हे. जो उसकी स्व. पिता अभिमान उरकुड़ा आ. उरकुड़ा विक्रम खोब्रागड़े के नाम पर दर्ज है। की फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋणपुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर फौती नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को उजर दावा आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21.05.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.03.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर (छ.ग.)**

**बचाव व रोकथाम..** गठित टीम दिन में चार बार कर रही है आइसोलेट हुए व्यक्तियों की निगरानी

# बाहर से आए 1123 लोगों को किया होम आइसोलेट

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई नगर।** निगम क्षेत्र में बाहर राज्य से आने वाले लोगों को होम आइसोलेट किया जा रहा है। नोवल कोरोना वायरस के बचाव हेतु निगम क्षेत्र में अब तक 1123 व्यक्तियों को होम आइसोलेट किया जा चुका है। आइसोलेटेड लोगों की निगरानी के लिए सभी जोन कार्यालय के अंतर्गत विशेष टीम गठित की गई है जो दिन में चार बार आइसोलेट होम के लोगों पर निगरानी रख रहे हैं। नोवल कोरोना वायरस कोविड.19 के अंतर्गत लॉक डाउन के दौरान अन्य राज्यों से आए हुए व्यक्तियों की सूची अथवा सूचना के आधार पर होम क्वॉरेंटाइन एवं निगरानी सुनिश्चित करने के लिए जोन आयुक्तों के निर्देशन में टीम गठित की गई है। निगम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम बाहर से आए हुए व्यक्तियों के घरों के बाहर होम आइसोलेशन के स्टीकर लगा रहे है। क्षेत्र में अब तक 1098 स्टीकर लगाए जा चुके है। बाहर से आए हुए व्यक्ति व परिवारों को निर्धारित अवधि तक घर पर रहने की हिदायत देने के साथ ही निगरानी भी की जा रही है ताकि ये लोग किसी तरह से दूसरे लोगों के संपर्क में न आए और होम क्वॉरेंटाइन का पूर्णतः पालन करें। दूसरे राज्यों से आने वाले व्यक्तियों की प्रतिदिन निगरानी करने निगम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई जो अलग.अलग जोन क्षेत्रों में शहर के आम नागरिकों से सूचना प्राप्त कर बाहर राज्य से आए हुए हैं उनकी जानकारी एकत्रित कर उन्हें होम आइसोलेट कर रहे है।

**श्रमिक सहायता केन्द्र में दे रहे है सुखा नाश्ता, पानी व सत्तु**

प्रवासी मजदूर जो अपने घरों की ओर रवाना हो रहे हैं, उनके लिए निगम द्वारा श्रमिक सहायता केंद्र बनाया गया है जहां पर ऐसे मजदूर और श्रमिकों के लिए पानी और सूखा नाश्ता, सत्तु एवं दानदाताओं से प्राप्त फल प्रदान किया जा रहा है। नाश्ता के पश्चात ऐसे प्रवासी मजदूरों को थोड़ी देर आराम करने छांव देने हेतु टेंट व कुर्सी व्यवस्था की गई है ताकि वे कुछ देर आराम करके अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सके। नेहरू नगर गुरुद्वारा के पास श्रमिक सहायता केंद्र की स्थापना प्रवासी मजदूरों के आवागमन के साथ ही कर दी गई है ताकि अपने गंतव्य की ओर रवाना होने वाले श्रमिकों व मजदूरों को राहत मिल सके। 4 प्रवासी को सहायता केंद्र में हाथों को सैनिटाइज कर सूखा नाश्ता, सत्तु और पानी पिलाया गया।

**न्यायालय तहसीलदार**
**दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./814/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संध्या तिवारी पति गगन तिवारी निवासी ग्राम पुलगांव दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 64/23 रकबा 0.005 हे. भूमि को विक्रेता सरजू पिता मदनलाल निवासी ग्राम डिपरापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.03.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.05.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार**
**दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./836/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूपेन्द्र कुमार कोठारे पिता गेंदलाल कोठारे निवासी ग्राम डिपरापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 50/2 का भाग रकबा 600 वर्गफीट भूमि को विक्रेता गौरेलाल पिता स्व. बलीराम निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.03.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.05.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती वेदुला इंदिरा ध.प. व्ही.व्ही. एन मूर्ति साकिन लक्ष्मी नगर रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1088/10 रकबा 0.020 हे. जो उसके स्व. व्ही.व्ही. एन. मूर्ति के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.05.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./1204/अ-02/वर्ष 2019-20
पंजी. 202003100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री शरणप्रीत कौर बिन्दा पति जगजोत सिंह बिन्दा निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 202/338 रकबा 0.024 हें/ 2628 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी**
**दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./1205/अ-02/वर्ष 2019-20
पंजी. 202003100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री दीपक शर्मा आ. श्री रामाधार शर्मा निवासी सांई नगर चिखली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली प.ह.न. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 325/68 रकबा 0.020 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी**
**दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./1202/अ-02/वर्ष 2019-20
पंजी. 202003100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री जगदीप कुमार आ. स्व. श्री भगवान सिंह निवासी सेक्टर 04 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 332/23 रकबा 0.024 हें/ 2600 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी**
**दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक नवीन कुमार पटेल आ. रणछोरभाई पटेल निवासी न्यू दीपक नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम पुलगांव प.ह.न. 25 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 242/9 रकबा 0.022 हें/ अर्थात वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिधारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी**
**दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक नवीन कुमार पटेल आ. रणछोरभाई पटेल निवासी न्यू दीपक नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम पुलगांव प.ह.न. 25 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 242/10 रकबा 0.022 हें/ अर्थात वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिधारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी**
**दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.//अ-06/2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निकिता वामनकर अन्य पिता राधेश्याम वामनकर निवासी सेक्टर 2 भिलाई द्वारा जामुल प.ह.न. 18 रा.नि.मं. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 265/23 रकबा 0.050 हे. जो उसकी पिता स्व. राधेश्याम वामनकर के नाम पर दर्ज है की फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर/ दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 19.05.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.03.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./1203/अ-02/वर्ष 2019-20
पंजी. 202003100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री नरेन्द्र सिंह ठाकुर आ. श्री रघुनंदन सिंह ठाकुर निवासी सांई नगर चिखली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली प.ह.न. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 325/4 रकबा 0.020 हें/ 2610 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी**
**दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./40/अ-06 अ /2019-20
पंजी. 20200310100057

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रायल डेवलपर्स दुर्ग भागीदार श्री अश्वनी चंद्राकर पिता श्री कलीराम चंद्राकर जाति कुर्मी निवासी उतई बाजार चौक तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा कचान्दुर प.ह.न. 17 स्थित भूमि खसरा नंबर 1043 रकबा 0.20 हे. लगान 0.50 रु. असिचिंत धनहा एक फसली भूमि आवेदक ने दिनांक 31 मार्च 2013 को विक्रेता श्रीमती गौरी चंद्राकर व अन्य 2 से पंजीकृत बैनामा से उचित स्टाम्प शुल्क अदा कर खरीदा ता उपरोक्त वर्णित जमीन खसरा नंबर 1043 जो बंदोबस्त के बाद नक्शा में नाला त्रुटि से अंकित है जिसे सुधार करते हुए बंदोबस्त के पूर्व खसरा नं. 151/2 के नक्शा अनुसार सुधार किए जो आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.06.2020 तक अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर (छ.ग.)**

## न्यूज गैलरी

### मजदूरों को स्वल्पाहार करा वाहनों से भेज रही पुलिस

**महासमुंद।** जिले में सभी थाना चौकियों में सड़क पर पुलिस के टैंट लगे हैं। जहां वे सड़क से जो भी मजदूर पैदल, साइकिल से या ट्रक आदि वाहनों से जाते दिखे उन्हें रोककर छांव में बिठाते चाय पानी पिलाते और स्वल्पाहार, फलाहार या भोजन देते हैं। इस बीच वे मजदूरों से पूछ लेते हैं कि वे कहां से आ रहे हैं और कहां जाना है। जो मजदूर पैदल या साइकिल से जा रहे होते हैं, उन्हें कुछ देर बिठाकर रखा जाता है, तब तक कोई न कोई वाहन आ जाता है, जिसमें उन्हें बिठाकर आगे रवाना किया जाता है। पुलिस कप्तान प्रफुल्ल कुमार ठाकुर एवं एएसपी मेघा टेम्भूरकर ने रविवार दोपहर नेशनल हाइवे पर घोड़ारी, तुमगांव, पटेवा, झलप, पिथौरा पहुंचकर पुलिस टैंट में रायपुर जिले की ओर से आने वाले प्रवासी श्रमिकों को पानी, शरबत, स्वल्पाहार, फल, बिस्कुट आदि देकर आगे रवाना किया। उन्होंने वाहन चालकों को समझाइश दी कि वे मजदूरों को सकुशल पहुंचाएं, रास्ते में न छोड़ें।

### डिवाइडर पर चढ़ी मजदूरों से भरी बस

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर ग्राम टेका के पास मजदूरों को महाराष्ट्र से कोलकाता लेकर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। घटना शनिवार देर रात की है। बस में 42 मजदूर सवार थे। यहां बड़ी दुर्घटना होते होते बची, सभी मजदूर सुरक्षित हैं।

### प्रतिबंधित गुटखा व गुड़ाखू परिवहन करते हुए दो पकड़ाए

**महासमुंद।** पुलिस ने शनिवार को तुमगांव रेलवे क्रासिंग के पास घेराबंदी कर प्रतिबंधित गुटखा व गुड़ाखू परिवहन करते हुए दो युवकों को पकड़ा है। इसके पास से भारी मात्रा में गुटखा व गुड़ाखू जब्त किया है। परिवहन में प्रयुक्त वाहन एवं बिक्री रकम 18070 को जब्त कर उसके खिलाफधारा 188, 269, 270 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी शेरसिंह बंदे ने बताया कि गुटखा व गुड़ाखू परिवहन के आरोप में ग्राम खरोरा महासमुंद निवासी धनीराम दीवान पिता रमेश दीवान (25) और ग्राम पतेरापाली निवासी सालिक राम विश्वकर्मा पिता गेंद सिंह विश्वकर्मा (24) को गिरफ्तार किया है। इसके पास से टीम ने सूरज छाप गुड़ाख 24 पैकेट, विमल गुटखा 100 पुड़ा, राजश्री गुटखा 02 बोरी 100 पैकेट, पान पराग सादा 33 पैकेट, पान पराग जर्दा 5 पैकेट, पान पसंद गुटखा 8 पैकेट, सुहाना पसंद 33 पैकेट, राजा छाप तम्बाकू 26 पैकेट, 36 पैकेट मधुमुनक्का गोली, 26 पैकेट सिगरेट एवं बिक्री की रकम 18070 रूपये व परिवहन में प्रयुक्त एक्टिवा क्रमांक सीजी 06 जी 4508 जब्त की है।

### युवक से शराब बरामद

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली में एक युवक अवैध रूप से शराब बेचते पकड़ा गया। जानकारी के मुताबिक रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डूमरपाली निवासी मानसिंह कमार पिता घसिया के कब्जे से 3 लीटर महुआ शराब जब्त की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### एक ही नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर वाहन बेचा और गिरवी रखा, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** अलग-अलग चेचिस नंबर की सूमो गोल्ड वाहन में एक नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर बेचने व गिरवी रखने का मामला सामने आया है। सांकरा पुलिस ने माटीदरहा निवासी राजेश साहू के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। बलौदाबाजार जिले ग्राम डूमरपाली निवासी टिकेश्वर पिता दुर्योधन प्रधान(42) ने थाने में बताया कि उनका ससुराल सांकरा क्षेत्र के माटीदरहा में है। उसके पहचान के माटीदरहा निवासी राजेश पिता शंख साहू ने कहा कि उसे पैसे की जरूरत है। इस पर राजेश ने अपनी टाटा वाहन सूमो गोल्ड क्रमांक सीजी 04 एचएस5125 को टिकेश्वर के पास गिरवी रखने की बात कही। 18 मार्च 2020 को वाहन संबंधी नोटरी कर गवाहों के सामने 73 हजार रुपए उसे दिया। कुछ दिन बाद उन्हे पता चला कि राजेश साहू ने ग्राम बड़ेलोरम के चितरंजन प्रधान को भी टाटा सूमो गोल्ड क्रमांक सीजी 04 एचएस 5125 बेचा है, शंका होने पर राजेश की दी रजिस्ट्रेशन की कापी से घर में रखे टाटा सूमो की चेचिस नंबर मिलान किया तो वह दस्तावेज के अनुरूप नहीं मिला। तब बड़े लोरम के चितरंजन प्रधान के पास जाकर पूछने पर बताया कि माटीदरहा के राजेश साहू ने 7 फरवरी 2020 को 3 लाख 80 हजार रुपए में सूमो गोल्ड क्रमांक सीजी 04 एचएस 5125 को नोटरी करवाकर बेचा है।

### सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान

**महासमुंद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता माधव राव टांकसाले ने सफाई कर्मचारियों का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। टांकसाले ने बताया कि कोरोना जैसी घातक महामारी में भी अपने और अपने परिवार की चिंता फिक्र न करते हुए शहर के सभी वार्डों में सफाई कार्य में लगे सभी सफाई कर्मचारी बधाई और सम्मान के पात्र हैं। इस अवसर पर वार्ड 16 के पार्षद मंगेश टांकसाले, भाजपा नेता गणेश सिंह चौहान, राकेश श्रीवास्तव, चंद्रशेखर बुन्देल, अखिल कहार आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिले के सभी सीमा क्षेत्र 31 तक तालाबंदी करने के दिए आदेश

**महासमुंद।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कोरोना वायरस (कोविड-19) एक संक्रामक बीमारी है। इस बीमारी से भारत समेत पूरे विश्व के देशों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह तथ्य परिलक्षित है कि कारोना (कोविड-19) के संपर्क से पीड़ित संदेही से दूर रहने की सख्त हिदायत है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी यह निर्देशित किया गया है कि इससे बचने के सभी संभावित उपाय अमल में लाया जाए। इसलिए (कोविड-19) के संभाव्य प्रसार को देखते हुए इसके प्रसार को रोकने के लिए कड़े सामाजिक अलगाव के उपयोग को अपनाना उचित एवं आवश्यक हो गया है।

# निस्तारी समस्या से अब पिटियाझर वासियों को मिलेगी राहत

**महासमुंद।** गर्मी के दिनों में अब पिटियाझर वार्ड 12 के नागरिकों को निस्तारी की समस्या नहीं होगी। इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने बोर में मोटरपंप लगाकर लोगों को पानी की किल्लत से राहत दी है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने वार्ड पार्षद डमरूधर मांझी के साथ रविवार को पिटियाझर तालाब के घटते जल स्तर का जायजा लिया। निस्तारी की समस्या और पेयजल की आवश्यकता को देखते हुए पालिका अध्यक्ष चंद्राकर स्वयं उपस्थित रहकर तपती दोपहरी में जल प्रभारी विजय श्रीवास्तव को मौके पर बुलाकर नलकूप में मोटरपंप लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने कहा कि लोगों को पीने सहित निस्तारी की समस्या अब नहीं होगी। बोर से तालाब को भी भरा जाएगा। पालिका अध्यक्ष ने जल प्रभारी को बोर के इर्दगिर्द कांक्रीटीकरण करने को कहा। जिससे कि बोर के आसपास जल भराव न हो और सफाई व्यवस्था भी बनी रहे। बताया जाता है कि पिटियाझर के 75 प्रतिशत लोग निस्तारी के लिए तालाब का उपयोग करते हैं। दशगात्र से लेकर तमाम कार्य के लिए तालाब पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं गर्मी शुरू होते ही तालाब का जल स्तर कम होने लगता है और पानी पूरी तरह मटमैला हो जाता है। जिससे तालाब का पानी उपयोग लायक नहीं रहता। अब इस नलकूप से लोगों को बहुत राहत मिलेगी। इस अवसर पर सभापति राजेन्द्र चंद्राकर, संदीप घोष सहित जल विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने लगाया पीडीएस चावल वितरण में गड़बड़ी का आरोप

**खरोरा।** सार्वजनिक वितरव प्रणाली अन्तर्गत राशन कार्डधारी हितग्राहियों को बाटें जा रहे चावल वितरण मे आबंटन मे गड़गडी का मामला सामने आया है जहाँ राशन कार्ड धारियों को प्रतिकार्ड मे अंकित प्रतिव्यक्ति 5किलो अतिरिक्त का आदेश शासन ने दिया बावजूद सार्वजनिक वितरण प्रणालीअन्तर्गत संचालित राशन दुकानों मे वितरण कार्य मे लगे कर्मचारी हितग्राहियों को शासन के नियमानुसार चावल का वितरण नही हो पा रहा है ,जिसके चलते कोरोना महामारी के कारण आर्थिक तंगी का मार झेल रहे गरीब व जरूरत मंदो परेशानी हो रही है ।

कोरोना के चलते गरीब परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चांवल का वितरण कि जा रहाहै वही गरीब परिवारो को सरकार के आदेश पर प्रति राशन कार्ड धारी को प्रतिव्यक्ति 5किलो अतरिक्त चावल देने का आदेश दिया गया है इसी के तहत सोसायटीयो मे खाद्य विभाग से प्रति राशन कार्ड धारियों को चावल का आंबटन जारी किया गया है जिस आधार पर कर्मचारियों द्वारा गरीब परिवारो के विभिन्न राशन कार्डधारियों को चावल का वितरण खाद्य विभाग के दिशानिर्देश का पालन करते वितरण किया जा रहा है लेकिन खाद्य विभाग राशन कार्डधारी हितग्राहियों चावंल का आंबटन जारी करते समय यही हाल अंतोदय व अन्य राशन कार्डधारियों का है इस बीच धिवरा के ग्रामीण क्षेत्रों के रहने वाले कुछ समझदार लोगों ने इस बात को लेकर खुब हल्ला मचाया हल्ला बोल रहे राशन कार्डधारियो को वितरण कार्य मे लगे अरूण साहू ने मुह बंद करने का अनुरोध करते उनके हिस्से का चावल ले जाने व अन्य राशन कार्ड धारी परिवार के हितग्राहियों को भी उनके हिस्से का चावल देने की बात कही खबर मिलने पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत ग्राम धिवरा मे चावल बाट रहे कर्मचारी अरुण साहू से बात करने पर बताया कि फूड अधिकारी को वस्तु स्थिति के बारे मे जानकारी देने पर कहा कि इन हितग्राहियों की सुचि जारी कर दी गयी है जिन्हे नियमानुसार चावल वितरण नही हुआ है। प्रत्येक राशन कार्ड धारियो चांवल का आबटंन अलग अलग कर दिया हितग्राहियों ने बताया कि जहाँ एक नीला राशन कार्ड धारी जिसमे 4से.5 परिवार सदस्य है उन्हे 35 किलो चांवल दिये जाने अलावा प्रति व्यक्ति 5किलो अतिरिक्त चांवल मिले है वही दुसरे हितग्राही दुसरा परिवार के नीले रंग के राशन कार्ड धारक जिसके भी परिवार के संख्या 4से5है उन्हे मात्र 35किलो तक चावल का आबंटन खाद्य शाखा ने जारी किया है

इस सबंध मे जवाबदारो से बात करने के लिये सम्पर्क करने पर फोन नही उठाया वही ग्राम धिवरा के, नारायण बांधे, जय सिह साहू, संजीवसाहू, बाहादुर जागंड़े ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क कर राशन वितरण मे हो गडबडी के खिलाफकार्यवाही करने की मांग की।

## पूर्व सभापति टीकम चंद साहू बने सांसद प्रतिनिधि

**छुरा।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री चुन्नीलाल साहू जी ने जनपद पंचायत छुरा के लिये अपना सांसद प्रतिनिधि टीकम चंद साहू जी को नियुक्त किया है, सांसद चुन्नीलाल जी ने कोरोना महामारी की वजह से क्षेत्र के लोगों से मुलाकात न होने की वजह से सभी क्षेत्रों में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं ताकि लोगों को समस्याओं के लिए भटकना न पड़े और अपनी बात क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तक पहुंचा सके, इसलिए क्षेत्र के 3 जिलों व सभी जनपदों में सांसद प्रतिनिधि की नियुक्ति किया जा रहा है, नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि टीकम चंद साहू जी ने कहा कि सांसद जी द्वारा व्यक्त किया गया विश्वास एवम जिम्मेदारी को कायम रखकर पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा, छेत्र के लोगों की समस्याओं को उच्च अधिकारी एवम सांसद महोदय तक पहुंचा कर निराकरण हेतु पूरा प्रयास करूंगा, उन्होंने सांसद जी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है, ज्ञात हो कि टीकम चंद साहू पूर्व में जनपद पंचायत छुरा के वन सभापति रह चुके हैं, इसके अलावा साहू समाज के व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष एवं विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों में कार्य करते हुए समाज में लगातार सक्रिय है। उनके द्वारा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपना इलाज कराया था, छुरा जनपद से लगातार आम लोगो से शिकायत मिलते आ रहा था कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नही निभा रहे है,निश्चित रूप से टीकम चंद साहू जी के सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने से छुरा जनपद में ब्याप्त निरंकुशता में रोक लगेगा, क्षेत्र के लोगों ने एवम शुभचिंतको ने बधाई दी है, प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री रिखी राम यादव, जिला साहू संघ अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, छत्तीसगढ़ जनपद सदस्य संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डेमन प्रसाद सिन्हा आदि शामिल है।

## सोशल डिस्टेंस का पालन कराने सड़क पर उतरे अधिकारी

**देवभोग ।** जिला के राजिम कोरेना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद स्थानीय अधिकारियों के हाथ पांव फुलते नजर आ रहे हैं। बकायदा स्थानीय सीईओ तहसीलदार, थाना प्रभारी, सड़क पर उतरकर सोशल डिस्टेंस का पालन कराने के लिए कड़ा रुख अख्तियार किया एंव दुकानों में जाकर जुर्माना भी ठोका आज करीब 3 घंटे के कार्यवाही में सीईओ मनोहर लाल मंडावी, तहसीलदार बीएल कुर्रे, थाना प्रभारी सत्येंद्र श्याम, अपने दल बल के साथ सोशल डिस्टेंस का पालन कराने के लिए मार्च फास्ट करते करीब 17 दुकानों पर जुर्माना ठोका अधिकारियों ने नियम का उल्लंघन करने पर कपड़ा दुकान इलेक्ट्रॉनिक दुकान किराना फल दुकान सहित अन्य दुकानों में सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं करते देख - 2 - 2 रुपए का जुर्माना काटा गया मतलब करीब 3400 रुपए का अर्थ दंड वसूली क्या गया इसके अलावा दुकान मालिकों को सख्त हिदायत भी दिया गया है। कि अपने ग्राहकों मैं सत प्रतिशत सोशल डिस्टेंस का पालन कराएं और इसके लिए सतत कार्यवाही जारी रहने की भी संकेत दिया है। जनपद सीईओ मनोहर लाल मंडावी ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन मैं कम से कम 1 मीटर के अंतराल में लोग रहे साथ ही दुकान के बाहर गोल घेरा लगाया जाए और अधिक से अधिक भीड़ एक साथ ना हो ऐसे सभी नियमों का पालन कर व्यवस्थित ढंग से लॉकडाउन का पालन करते दुकान संचालित करें क्योंकि सबके सहयोग से ही कोरिना वायरस को रोकथाम किया जा सकता है। इसलिए सबका जागरूक होना अति आवश्यक है। इसके लिए लगातार अभियान चलाने की बात कही है। साथ ही थाना प्रभारी सत्येंद्र श्याम ने भी दुकान के बाहर मनमर्जी अनुसार रखे गए वाहनों को पार्किंग में रखनी के लिए कहा और समझाइश देने के बाद भी नियम का उल्लंघन करने वाले लोगों के वाहनों से हवा भी निकाल दिया गया ताकि सड़क किनारे गाड़ी रखकर आवागमन बाधित ना करें इसके साथ तहसीलदार बीएल कुर्रे ने भी लोगों से बेवजह घर से नहीं निकालने की अपील किया है। क्योंकि लगातार मजदूर बाहर से आ रहे हैं। जिनकी व्यवस्थित ढंग से रखना एक बड़ी चुनौती है। और ऐसी स्थिति में आम जनता का सहयोग काफी अहम है। ताकि हर संभव इस महामारी को ज्यादा से ज्यादा पांव पसारने में रोका जाए।

## राजिम का एक किमी दायरा कंटेनमेंट जोन घोषित

- **लोगों से अनिवार्य रूप से मास्क पहनने व शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने कलेक्टर ने की अपील**

**गरियाबंद।** जिला अंतर्गत नगर पंचायत राजिम में एक कोरोना पॉजिटिव प्रकरण पाये जाने की पुष्टि के पश्चात पंडित श्यामाचरण शुक्ल चैक,वार्ड क्रमांक-01 राजिम के एक किमी की परिधि वाले क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्याम धावड़े द्वारा जारी आदेश में कंटेनमेंट जोन हेतु प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत राजिम के सीएमओ श्री चंदन मानकर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री जीडी वाहिले को पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। कंटेनमेंट जोन में सभी दुकाने एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। प्रभारी अधिकारी द्वारा कंटेनमेंट जोन में घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जायेगी। साथ ही जोन अंतर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवगमन पर प्रतिबंध रहेगा। कंटेनमेंट जोन की निगरानी हेतु पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जायेगी। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य की निगरानी एवं सेम्पल इत्यादि जांच हेतु लिया जाएगा।

## विवाह समारोह के लिए 50 लोगों की दे अनुमति छग सरकार : गुलशन साहू

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ राज्य समेत समूचे देश पर आज कोरेना का कहर है , कई देशो ने अपने कठिन प्रयासो से कोरेना, कोविड19 के प्रभावों पर काबू पा लिया है , लेकिन बहुत से देश इस भयंकर वैश्विक माहामारी से अब भी जुझ रहे है । गुलशन साहू संयुक्त सचिव साहू समाज रायपुर संभाग ,छः ग प्रदेश साहू संघ ने कहा कि इस कोरेना जैसे वैश्विक महामारी के चलते विवाह की पर्व भी फीका पड़ रहा है , विवाह हेतु केवल 20 लोगो की अनुमति दी जा रही है। एक तरफ जहां छत्तीसगढ़ सरकार कोरेना का लेकर लगातार प्रयास कर रहे है वही दुसरी तरफ शराब की दुकानें खुलने से ना तो सोशल डिस्टेन्स का पालन हो रहा है ना ही शासन प्रशासन द्वारा जारी कर रहे आदेशों का पालन हो रहा है। दुसरी तरफ सरकार ने विवाह हेतु कोविड 19 के प्रभावों को लेकर केवल 20 लोगो की ही अनुमति दी जा रही जबकी शराब की दुकानो के शराबियों की कतारें सैकड़ो मीटर लम्बी होती है ,और ना जाने कहा -कहा से लोग आते होंगे ,ना ही सेनेटाइज की छिड़काव करते है ना ही सोशल डिस्टेन्स का और वही बात अगर विवाह समारोह की हो तो उसमें तो अपने ही परिचित के लोग ही शामिल होंगे ना कि शराब की दुकानों जैसे भीड़ लगी होगी ।

## आशियाना संवारने में जुटे ग्रामीण

**खरोरा।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में मानसून से पहले लोग आशियाना संवारने में जुट गए हैं । लोग बांस- बल्ली बदलने के साथ ही छप्परों की मरम्मत कर रहे हैं । इस वर्ष मजदूरों की कमी के चलते मरम्मत का कार्य प्रभावित हो रहा है । मानसून को लेकर अब तक आशियाना संवारने की चिंता लोगों को सताने लगी है। वहीं लांकडाउन के कारण लोगों को खपरैल मिलने में मुश्किल हो रहे हैं । जिससे भी काम प्रभावित हो रहा है । क्षेत्र में इन दिनों मौसम बार-बार बदल रहा है बारिश से बचने व शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की छत सुधारने जुट गए हैं । दो- तीन दिन के अंतराल में बारिश हो रही बारिश के साथ लोग मकानों की मरम्मत , छप्पर बदलने तथा झुकी- झोपड़ी को प्लास्टिक और टीन से रखने की जुगाड़ में लग गए हैं। बेमौसम बारिश से लोग परेशान हैं वहीं मौसम को देखते हुए लोग जल्द से जल्द घरों की मरम्मत करना चाह रहे हैं क्योंकि अधिक बारिश के कारण भट्ठों में ईंट व खप्पर बनाने का काम बंद हो जाएगा ।

**सेवाभाव** | जरूरतमंदों को रोजाना निर्बाध रूप से करा रहे नि:शुल्क सुविधा मुहैया

# यात्रियों की अनिवार्य आवश्यकताएं नि:शुल्क पूरी कर रहे सेवा भारती पदाधिकारी

**घोड़ारी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सेवा भारती शाखा महासमुंद के पदाधिकारी घोड़ारी स्थित नदी मोड के पास हाइवे के किनारे पंडाल लगा कर जुटे हैं। यहां, रोजाना हजारों मजदूरों और जरूरतमंद यात्रियों के लिए न केवल पानी, बल्कि सूखे नाश्ते के पैकेट और पौष्टिक भोजन की निर्बाध रूप से निःशुल्क सुविधा मुहैया कराई जा रही है। लॉकडाउन के दिनों में राज्य स्तरीय सीमाओं के सील होने से हजारों की तादात में लोग अपने मूल ठिकानों से दूर हो गए। लेकिन, हाल में खुली सीमाओं के बाद बाहर फंसे लोगों की घर वापसी का सिलसिला भी अब तेज हो गया है। अनेकानेक लोग पैदल ही निकल पड़े तो बहुतों ने साइकिल का सहारा लिया, हालात ऐसे हैं कि जिसे जो साधान मिल रहा है उसी से वापस लौट रहा है। इस दौरान एक ओर जहां, तथाकथित रूप से मजबूरी का फायदा उठाकर यात्रियों को छलने वाले बेइमानों के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही हैं, वहीं, दूसरी ओर निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले स्वयं सेवियों के मददगार बन कर सामने आने के प्रमाण भी देखने मिल रहे हैं।

बता दें कि जिले में महासमुंद शहर से महज पांच से आठ किमी के दायरे में पड़ता है ग्राम घोड़ारी का नदी मोड़। जहां, बदलती पालियों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सेवा भारती शाखा महासमुंद के पदाधिकारियों का जमावड़ा इसलिए लग रहा है कि जिले से होकर आने व जाने वाले यात्रियों की अनिवार्य आवश्यकताओं को निःशुल्क पूरा किया जा सके। मौके पर मिले प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक यहां, मुंह में मास्क और हाथों में ग्लब्ज पहने हुए दर्जनों स्वयंसेवी जरूरतमंद यात्रियों में विशेषकर मजदूर वर्ग के लिए पीने का पानी, बिस्कुट, मुर्रे और चने के पैकेट सहित दाल, चावल और सब्जी युक्त पौष्टिक भोजन लेकर खड़े रहते हैं। गुजरने वाले हर वाहन की पूछ-परख ली जाती है और जिसे जो राहत सामग्री चाहिए मौके पर निःशुल्क प्रदान की जा रही है। हर दिन यहां से करीब हजारों यात्रियों का आवगामन हो रहा है, इससे दो घंटे में राहत सामग्री समाप्त हो जाती है, ऐसे में कुछ स्वयंसेवी राहत पंडाल में खपत के अनुरूप सिर्फ भंडारण की व्यवस्था में ही जुटे हुए हैं। ताकि, किसी को मदद मिलने में देर न हो। दूसरी ओर यात्रियों के लिए क्षेत्रीय गुरूद्वारे के द्वार भी खोल दिए गए हैं। जिसके समीप स्नान इत्यादी की सुविधाओं सहित पास के एक दूसरे पंडाल में गर्म एवं स्वादिष्ट भोजन तैयार कर उपलब्ध करने की व्यवस्थाएं भी बनाई गई है।

# छंटने लगे हैं धूप और गम के बादल, मुख्यमंत्री के निर्देश पर बस आवागमन से श्रमिकों की चिंता हुई दूर

- बस आवागमन के लिए जिला प्रशासन ने की तत्परता एवं सक्रियता से व्यवस्था
- श्रमिकों की सहायता के लिए काऊंटर बनाए गए

**राजनांदगांव।** धूप और गम के बादल अब छंटने लगे हैं। कोविड-19 संक्रमण के कारण लॉकडाऊन में फंसे प्रदेश एवं अन्य प्रवासी श्रमिकों की पीड़ा को महसूस कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बागनदी बार्डर से उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान से बड़ी संख्या में श्रमिक बागनदी बार्डर आ रहे है। जिला प्रशासन ने तत्परता एवं सक्रियता से श्रमिकों के आवागमन के लिए बागनदी चेक पोस्ट में व्यवस्था की है। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य निरंतर बागनदी चेक पोस्ट का निरीक्षण कर रहे है और व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। श्रमिकों की सहायता के लिए काउंटर बनाए गए है। विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रमिक सहायता केन्द्र में अपने गांव की ओर जाने वाले बसों का पता पूछकर जाने की तैयारी में खुश दिखाई दिए।

बागनदी बार्डर में श्रमिकों के लिए सूखे नाश्ते एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। उन्हें ओआरएस घोल एवं शर्बत दिया जा रहा है। चेक पोस्ट में उनके स्वास्थ्य परीक्षण के लिए काउंटर बनाया गया है। समीप ही पुलिस सहायता केन्द्र में श्रमिकों को जानकारी देने के साथ ही मदद की जा रही है। श्रमिकों के पंजीयन के लिए दो काउंटर बनाए गए है। प्रवासी श्रमिकों को उनके राज्य तक एवं छत्तीसगढ़ के श्रमिकों को उनके जिलों तक पहुंचाने के लिए लगभग 100 बसें लगी हुई है।

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 में स्थित बागनदी बार्डर में प्रतिदिन लगभग 10 से 15 हजार श्रमिक सीमा में प्रवेश कर रहे है। महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, मध्यप्रदेश से आने वाले यात्री लगातार आ रहे हैं। महाराष्ट्र एवं गुजरात परिवहन विभाग की बसों एवं उन राज्यों से आने वाले ट्रकों के माध्यम से बढ़ी संख्या में यात्रियों को बागनदी चेक पोस्ट के समीप उतार दिया जाता है। जिससे बागनदी चेक पोस्ट पर हजारों लोगों की भीड़ एकत्र हो रही है। सीमा पर आने वाले यात्री छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओड़िसा, पश्चिम बंगाल के निवासी है।

राजनांदगांव जिले में लाकडाउन की समयावधि में प्रथम चरण (24 मार्च से 13 अप्रैल 2020), द्वितीय चरण (14 अप्रैल से 3 मई 2020) एवं तृतीय चरण (4 मई से 17 मई 2020) को मिलाकर अब तक राजनांदगांव के अंतर्राज्यीय सीमाओं से लगभग 2 लाख 10 हजार लोग प्रवेश कर चुके है। प्रवासी मजदूरों की जाने की व्यवस्था अंतर्गत पका हुआ भोजन एवं सूखा राशन लगभग 60 हजार से अधिक लोगों को प्रदान किया गया। क्वारेन्टाईन सेंटर जहां दूसरे राज्य के प्रवासी मजदूरों को 14 दिनों तक क्वारेन्टाईन किया गया, सड़क चिरचारी में 800, रैन बसेरा राजनांदगांव में 300 लोगों को तथा दूसरे राज्यों से आए प्रवासी मजदूरों के रहने, खाने, कपड़े और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं में लगभग 28 लाख रूपए व्यय किए गए है।

## न्यूज गैलरी

### कवर्धा से अब चिखलीपानी की ओर गजराज

**कवर्धा।** कवर्धा से लौटे गजराज अब पहुंच चुके हैं क्षेत्र चिखला पानी की ओर कवर्धा पंडरिया वन मंडल का यह क्षेत्र एक ओर कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और दूसरी ओर अचानकमार टाइगर रिजर्व को जोड़ने वाला कॉरिडोर है। जिसके चलते वन्य प्राणियों की चहलकदमी इस ओर बनी रहती है। 28 मार्च को 12 हाथियों ने कबीरधाम के जंगलों में दस्तक दिया था। वही इन हाथियों के समूह पर वन विभाग के द्वारा नजर भी रखी जा रही थी । 2 से 3 दिन तक यह हाथियों का समूह कबीरधाम के जंगलों में विचरण करता रहा। वहीं जंगलो की ओर लौट चुका था जों अब इनका दल इन दिनों चिखला पानी क्षेत्र में पहुंच चुके हैं।

### एक तो मौसम की मार ऊपर से रेंगाखारवासी बिजली को लेकर हो रहे परेशान

**कवर्धा।** वनांचल रेंगाखार बिजली विभाग सब स्टेशन में सालो से ब्रेकर पेनल पडा हुआ है। जो अब तक नही लगाया गया है। जिससे बार-बार लाइन बंद हो रही है। इसकी जानकारी जिले के अधिकारी लोहारा के जेई को जानकारी देने के बाद भी पेनल चालू करने की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसका खामियाजा वनांचलवासियों को भुगतान पड रहा है। गर्मी के मौसम मे लाईट के भी जरूरत पडती है। तेज धूप के कारण अधिक गर्मी का एहसास वनांचल क्षेत्र होने के बाद भी होता है। लोगो को 24 घंटे बिजली की जरूरत पडती है। गर्मी लगने पर पंखा, कूलर चलाना पडता है। ऐसे मे जब लाईट बंद हो जाती है,तो लोगो का गुस्सा विद्युत विभाग के ऊपर होना जायज है लेकिन घंटो तक बिना कारण के बिजली बंद होना समझ से परे है। और विभाग के कर्मचारियों को समस्या से अवगत कराने के बाद भी ध्यान नही देना आक्रोश का कारण बनता है। रेंगाखार सबस्टेशन में ब्रेकर पेनल पडा हुआ है। जिसकी जानकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को दी जा चुकी है। जिसके बाद भी उनके द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। बार-बार बिजली बंद होने से जनता भीशण गर्मी से हलाकान है।

### मजदूर मन के हित में काम करथे छत्तीसगढ़ सरकार : मिथलेश

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरोना संक्रमण के बीच कोविड-19 के कारण लॉकडाउन में फंसे अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ आने वाले प्रदेश के श्रमिकों एवं प्रवासी श्रमिकों को चरण पादुका देने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के संवेदनशील मुखिया ने दूर राज्यों से आने वाले श्रमिकों की पीड़ा को समझकर उन्हें चरण पादुका देने के लिए कहा है। बागनदी बार्डर में आज बेमेतरा जिले के सोनपांढर गांव के मिथलेश ने कहा कि चप्पल मिले के खुशी होईस। हमर सरकार मजदूर मन के हित में काम करथे। मुंगेली की श्रीमती ललिता ने कहा कि बहुत दूर पुणा से आ रहे है और चप्पल मिलने पर खुशी हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अन्य राज्यों से आये प्रवासियों की सुविधा के लिए बनाए गए राजनांदगांव के सभी सीमावर्ती चेक पोस्ट बाघनदी, साल्हेवारा, गातापार, बोरतलाव, कोहका में चरण पादुका का वितरण किया जा रहा है।

### नेवारी में धान उपार्जन केन्द्र खोलने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कवर्धा।** विगत दिवस जनपद पंचायत कवर्धा क्षेत्र क्र. 23 के जनपद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे द्वारा अपने क्षेत्र के दौरा के दौरान प्राप्त मांगों को प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने हेतु ज्ञापन सौंपा। ग्राम नेवारी में विगत 5-6 वर्षो पूर्व धान खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्र बनाया गया था, जिसमें आसपास के ग्राम बीजाझोरी, बरबसपुर, डबराभाठ, जोराताल, जमुनिया, के कृशकगण अपने धान बिक्री करते आ रहे थे। किन्तु उक्त धान उपार्जन केन्द्र को शासन द्वारा बंद कर दिया गया है, जिससे कृशकों को लम्बी दूरी तय कर धान उपार्जन केन्द्र कोठार में बड़ी कठिनाई व असुविधा से धान विक्रय करना पड़ रहा है। उक्त समस्या को जिलाधीश कबीरधाम, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. राजनांदगावं एवं कृशि शाखा कवर्धा को अवगत कराते हुए पुनः ग्राम नेवारी में धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने की मांग की है।

# कर्रानाला क्षेत्र में मृत अवस्था में मिला तेंदुआ

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के वन क्षेत्रो में अनेक प्रकार के वन्यप्राणी मौजूद है। तो इसके साथ ही विगत एक महीने में वन्यप्राणी भटकते हुए बस्तियों तक भी पहुंच चुके है। कुछ माह पहले की बात करे तो सहसपुर लोहारा क्षेत्र अंतर्गत बिरोंडा में बायसन को देखा गया था, तो वहीं पंडरिया क्षेत्र में हाथियों के समूह ने 28 मार्च को दस्तक दी थी। दो से तीन दिन बाद गजराज का समूह वनो की ओर चला गया था। वहीं वर्श 2011 में बहुचर्चित कबीरधाम जिले में बाघिन हत्या कांड का मामला रहा। वर्श 2011 के बाद अब मृत अवस्था में तेंदूआ को पाया गया है। प्रथम दृश्टिकोण से अनुमान लगाया जा रहा है कि शिकारी के द्वारा इसका शिकार किया गया होगा। लेकिन अब लैबोरेटरी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि तेंदूआ का शिकार किया गया है या फिर इसकी मौत का कोई दूसरा कारण हो। ज्ञात हो कि कर्रानाला क्षेत्र

अंतर्गत बीट क्रमांक 291 में मृत तेंदूआ को देखा गया। जिसकी जानकारी तत्काल ही वन विभाग को दी गई। वन विभाग के आला अधिकारी डॉक्टर व टीम के सहित मौके पर पहुंची और अब जांच मे जुटी है कि तेंदूआ का मौत होने का क्या कारण हो सकता है। तेंदूआ की मौत के बाद अब विभाग ने मुखबीर तंत्र को भी इस घटना का पता लगाने कहा है तो वहीं विभाग के अधिकारी और उनकी टीम ग्रामीणो से पूछताछ कर रही है। जिससे यह पता लग सके कि कोई शिकारी तो इस क्षेत्र में नही आया है। फिलहाल वन विभाग के टीम ने आसपास के स्थानो का भी मुआयना कर करे है कि कोई सुराग मिल सके। फिलहाल तेंदूआ की मौत के बाद ग्रामीण क्षेत्रो में भी अब कई तरह की चर्चाएं हो रही है।

### लगभग तीन दिन पूराना था तेंदूआ का शव

कर्रानाला क्षेत्र अतंर्गत बीट क्रमांक 291 मे मिले तेंदूआ का शव लगभग 3 दिन पूराना बताया जा रहा है। तेंदूआ का शव पूरी तरह से फूलने की कगार पर आ चुका था। मुखबीर की सूचना से घटना क्रम की जानकारी मिलते ही मौके पर वन विभाग की टीम डॉक्टरो के साथ पहुंची और स्थान का मौका मुआयना किया। वहीं तेंदूआ की मौत को लेकर शिकार की आशंका प्रथम दृश्टि से सामने आ रही है।

वही विभाग के गुप्त सूत्रो की माने तो बहुत जल्द तेंदूआ की मौत के संबंध मे खुलाश हो सकता है। फिलहाल अभी जांच जारी है।

### ग्रामीणो से की जा रही पूछताछ

तेंदूआ के मृत अवस्था में मिलने के बाद अब विभाग की टीम इसकी जांच को लेकर जुटी हुई है। वहीं ग्रामीणो से भी मामले की पूछताछ की जा रही है। हालाकि अभी तक वन्यप्राणियों से जुडी सूचनाओं में वन विभाग तत्परता के साथ मौके पर पहुंचे है और वन्यप्राणियों का रूख पुनः वनो की ओर किया है। वहीं शिकार के मामले भी अगर विभाग को मिले है तो उसकी जांच कर शिकारियो को सलाखो तक भेजा जा चुका है।

### वन विभाग ने की अपील

वनमण्डलाधिकारी दिलराज प्रभाकर ने ग्रामीणो से एक बार फिर अपील करते हुए कहा कि अगर ग्रामीण क्षेत्रो में वन्यप्राणी दिखे या फिर इसकी सूचना किसी भी के माध्यम से मिले तो इसकी जानकारी तत्काल कवर्धा वन विभाग, रेंज आफिस या फिर उस ग्राम के संबंधित चैंकी में तत्काल उपलब्ध कराए। जिससे किसी भी को नुकसान होने से बचाया जा सके।

### शिकार की आंशका

मृत तेंदूआ को लेकर शिकार की आशंका जताई जा रही है। मृतक तेंदूआ को वन विभाग की टीम बानो स्थित डिपो लेकर पहुचें जहां डॉक्टर ने तेंदूआ के पोस्टमार्टम मे वैक्टिरियल इन्फैक्शन पाया है जिसकी पुश्टि के लिए सैम्पल लेकर उसे लैबोरेटरी भेजा जाएगा। तो इसके साथ ही तेंदूआ की मौत को लेकर पॉइजन व शिकार की आशंका भी जताई जा रही है।

### आठ वर्ष का था तेंदूआ

मृत तेंदूआ की लंबाई लगभग 6 फीट के आसपास है तथा मृत तेंदूआ के नाखून, पंजे, दांत सब मौजूद थे। फिलहाल डॉक्टरो के द्वारा पोस्टमार्टम किया जा चुका है। वहीं अब लैबोरेटरी से जांच रिपोर्ट आने के बाद मृत तेंदूआ की मौत को लेकर खुलाशा हो सकेगा।

## हैल्पिंग हैंड बोड़ला की मद्द से नगरवासी सहित मजदूरो को मिल रही राहत

- नंगे पैर चल रहे मजदूरो को दिया पादुका, तो भूखो को खिलाया खाना

**बोड़ला।** हैल्पिंग हैंड बोड़ला की ओर से कोरोना काल के दौरान मजदूरों के दर्द को कम करने के लिए जो कार्य किया जा रहा है। वह निः शब्द है। लगातार शासन प्रशासन के साथ मिलकर एक राज्य से दुसरे राज्य जाने वाले लोगो की मदद की जा रही है । जलपान ,मास्क का वितरण के साथ साथ उन्हें घर तक पहुचने के लिए सही रास्ता भी बताया जाता है और उन्हें अपना नम्बर देकर यदि रास्ते मे दिक्कत होती है तो वहां भी किसी न किसी माध्यम से उस राज्य के शासन प्रशासन को अवगत कराके मदद की जा रही है। हैल्पिंग हैंड बोड़ला द्वारा मानवता की ऐसी मिसाल पेश की जिसमें धर्म जात की सारी बेड़ियां तोड़ दी। अभी भी मजदूरों कि घर वापसी लगी हुई है जिनकी सेवा में हैल्पिंग हैंड स्वयं सेवी संस्था के सुनील केशरवानी ने बताया कि हमारी टीम लगातार अपना योगदान बिना स्वार्थ के दे रहे है और 24 घण्टे मदद के लिए अपना नम्बर 7224072250 जारी की हुई है।

वही रविवार को कबीरधाम जिले की सीमा धवईपानी और बोड़ला में एस डी एम विनय सोनी तहसीलदार अमन चतुर्वेदी, मनीष वर्मा के आह्वान पर हैल्पिंग हैंड बोड़ला के द्वारा मजदूरों व उनके बच्चों को 250 जोड़ा चप्पल और मास्क छोड़ा गया। रास्ते मे मिलने वाले राहगीरों को पहनाया भी गया ।

## सोशल डिस्टेंसिंग का नहीं किया पालन, तो होगी चालानी कार्रवाई

**पंडरिया।** कोरोना वायरस से आमलोगो को बचाने केन्द्र सरकार, राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन ने सरलता से इसके उपाय लोगो को बताए है बावजूद इसके आज भी बहुत से लोग लापरवाह नजर आ रहे है। यह बात सिर्फ शहर के ही नही ब्लॉक सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भी बिना मास्क लगाए लोग मिल जाते है। तो इसके साथ ही कुछ समय

पहले नपा व नगर पंचायत ने बिना मास्क वालो पर कार्रवाई भी की थी। लेकिन अब पंडरिया नगर पंचायत ने उन दुकानदारो पर भी कार्रवाई की जो सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नही कर रहे है। नगर पंचायत पंडरिया के कर्मचारियों द्वारा सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंडरिया के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी अनिल शर्मा एवं स्टाफके सहयोग से बिना मास्क/बिना मुंह ढंके 36 लोगों एवं सामाजिक दूरी का पालन नहीं किए जाने वाले 08 दुकानदारों वालों के उपर कार्यवाही कर अर्थदण्ड के रूप मे कुल 4500 रू की वसूली की गई है।

## कबीरधाम जिले में छत्तीसगढ़ के श्रमिकों और अन्य नागरिकों के लिए बसों की सुविधा प्रारंभ

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में प्रवासी श्रमिको और अन्य नागरिकों के उनके सकुशल प्रदेश वापसी के बाद उनके गांव और जिले तक पहुचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बसों की सुविधा की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर प्रवासी श्रमिकों को लाने-ले जाने के लिए लगाई गई सभी बसों को सेनेटाइजर किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विशेष प्रयासों से कोविड-19 कोरोना वायरस के लाकडाउन के बीच देश के विभिन्न राज्यो में फंसे प्रवासी श्रमिको की सकुशल वापसी हो रही है। प्रवासी श्रमिको की जिले वापसी के बाद जिले में चेक पोस्ट में स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की जा रही है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सभी श्रमिकों को उनके गांव में संचालित क्वारेन्टीन सेंटर तक बसों के माध्यम से सकुशल सुरक्षित पहुँचाया जा रहा है।

### क्वारेन्टीन केंद्रों में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश प्रतिबंध

कबीरधाम जिले में कोविट-19 कोरोना वायरस के रोकथाम, नियंत्रण तथा उनके संक्रमण को रोकने तथा उनके बचाव के उपायों के तहत बनाए गए क्वारेन्टीन केंद्रों में कलेक्टर द्वारा अनाधि.त व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस केंद्रों में प्रभारी, चिकित्सक दल, भोजन व्यवस्था में लगे कर्मचारी और जोनल अधिकारी ही प्रवेश सकेंगे। श्रमिक तथा अन्य नागरिक भी केंद्रों से बाहर नही जा सकेंगे।

## आनलाइन वर्चुअल क्लास में पांच कक्षाएं हुई संचालित

**कवर्धा।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना पढ़ई तुंहर दुआर के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संचालित जिला स्तरीय आनलाइन वर्चुअल क्लास में सोमवार को कुल पांच कक्षाएं संचालित हुई।

शिक्षा विभाग के जिला मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य गजराज सिंह राजपूत व भानूप्रताप सिंह राजपूत ने बताया कि सोमवार को दोपहर 1 बजे से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दुल्लापुर बाजार के शिक्षक व संकुल प्रभारी मोहन लाल शर्मा ने कक्षा आठवी के हिंदी विषय की ऑनलाइन कक्षा संचालित की उन्होंने बच्चों को हिंदी व्याकरण मे संज्ञा व संज्ञा के भेद बताए। दोपहर 2 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उड़िया खुर्द की व्याख्याता स्वाति मिश्रा द्वारा कक्षा बारहवीं का अंग्रेजी विषय की

मार्किंग स्किम पर कक्षा संचालित करते हुए प्रश्न पत्र के स्वरूप और अंक विभाजन पर विस्तृत चर्चा की।

स्वामी करपात्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा के व्याख्याता रोहित जायसवाल द्वारा कक्षा बारहवीं के गणित विषय,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसुमघटा के व्याख्याता अश्वनी कोसले द्वारा कक्षा बारहवीं के भौतिकी विषय, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महरटोला के शिक्षक दुर्गेश कुमार साहू द्वारा कक्षा छठवीं के अंग्रेजी विषय की आनलाईन कक्षा संचालित की गई।

**स्वास्थ्य विभाग ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा की पेश की मिसाल, कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने बच्चे को जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया**

# राजनांदगांव बागनदी बार्डर उप स्वास्थ्य केन्द्र में नन्ही बिटिया ने लिया जन्म

**राजनांदगांव।** कोरोना संक्रमण के कठिन दौर में लाकडाउन की स्थिति में राजनांदगांव के बागनदी बार्डर के उपस्वास्थ्य केन्द्र में प्रसूता मती त्रिवेणी साहू ने नन्ही बिटियां को जन्म दिया। इस घटना की खबर मिलते ही कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी के साथ बार्डर पर उपस्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर प्रसूता श्रीमती त्रिवेणी साहू से मिलकर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मौर्य ने श्रीमती त्रिवेणी साहू को बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र एवं बेबी किट प्रदान किया। उन्होंने एएनएम रौशनी सिंह के हौसले और स्वास्थ्य विभाग के त्वरित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के जज्बे की प्रशंसा की और उन्हें बहुत धन्यवाद कहा।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ल ने कठिन परिस्थिति में बार्डर के उपस्वास्थ्य केन्द्र में श्रीमती त्रिवेणी के सुरक्षित प्रसव पर खुशी जताई और स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं सहयोगी पुलिस जवानों

की सराहना की। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहता है कि जिले के सभी अस्पतालों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सभी आवश्यक उपकरण और दवाएं उपलब्ध रहें और विभाग की पूरी टीम किसी भी समय पर अपातकालीन सेवाएं देने के लिए पूरे प्रेरित करते है। कोरोना संक्रमण काल के संकट के समय मे जिले के स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला पूरी ऊर्जा और सजगता से 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं देने के लि पूर्णतः तैयार खड़ी है और जनता के साथ है।

प्रसूता श्रीमती त्रिवेणी साहू के पूरे परिवार की कोरोना जांच की गई, जो नेगेटिव आए थे। उसके बाद उन्हें भोजन कराकर आवश्यक दवाईयों की समझाईश देकर शासकीय एम्बुलेंस से उनके गांव कटई बेमेतरा के लिए रवाना कर दिया गया। जिला राजनांदगांव की जागरूक स्वास्थ्य टीम और उपस्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम रौशनी सिंह ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सफल देखभाल कर एक मिसाल पेश की है और स्वास्थ्य विभाग के मानवीय चिकित्सा सेवाओं के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाया है। राजनांदगांव स्वास्थ्य विभाग ने बागनदी बार्डर पर स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र को उन्नत कर हैल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेज दिया है।

# तीन चोरी समेत शातिर चोर और नकबजन चढ़ा पुलिस के हत्थे

**■ दो आरोपी गिरफ्तार, माल-मशरूका भी बरामद**

**रायपुर।** लॉक डाउन अवधि के दौरान थाना आजाद चैक क्षेत्र में चोरी की घटित 02 घटनाओं को पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर आरिफ शेख ने गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चैक एवं थाना प्रभारी आजाद चैक को आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना आजाद चैक की एक विशेष टीम का गठन कर टीम को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। टीम द्वारा घटना स्थलों का बारिकी से निरीक्षण किया जाकर घटना के संबंध में प्रार्थियों से विस्तृत पूछताछ किया गया। घटना स्थल व उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों को खंगालने के साथ ही किड्जी स्कुल में कार्यरत अन्य कर्मचारियों से भी घटना के संबंध में पृथक-पृथक व बारिकी से पूछताछ किया गया। टीम द्वारा हाल ही में जेल से रिहा हुये चोरी/नकबजनी के

पूर्व आरोपियों के संबंध में भी तस्दीक किया जाकर उनकी गतिविधियों पर सतत् निगाह रखीं जा रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चैक क्षेत्रांतर्गत समता कालोनी अर्जुन निवासी झम्मन साहू जो कि शातिर नकबजन है, जो हाल ही में कुछ दिनों पूर्व जेल से रिहा होकर आया है तथा उसे घटना दिनांक को किड्जी स्कुल के आसपास देखा गया था। टीम द्वारा झम्मन साहू की लगातार पतासाजी कर उसके छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुये अंततः टीम द्वारा झम्मन साहू को पकड़ने में सफलता मिली। टीम द्वारा झम्मन साहू से कडाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने एक अन्य साथी अमर सिंग के साथ मिलकर किड्जी स्कुल में चोरी करना तथा एक्टिवा वाहन को झम्मन साहू द्वारा स्वयं अकेले चोरी करना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम द्वारा घटना में शामिल आरोपी अमर सिंग को भी गिरफ्तार किया गया।

**आरोपियों से यह बरामद**

आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरी की 01 नग माइक्रोमैक्स कंपनी एलईडी टीव्ही, एक्टिवा, 2 नग ट्रॉली साउंड सिस्टम, 04 नग सैमसंग टैब एवं 01 नग कम्प्यूटर सी.पी.यू. जुमला कीमती 1,30,000/- (एक लाख तीस हजार रूपये) जप्त किया गया। आरोपी झम्मन साहू शातिर नकबजन है जो पूर्व में भी चोरी/नकबजनी के कई प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुका है तथा आरोपी अमर सिंग भी पूर्व में चोरी के प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुका है। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## जिले के 61 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन

**■ ऑनलाईन पढ़ाई से हो रहें लाभान्वित**

**कांकेर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने लॉकडाउन एवं कोराना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये, पढ़ई तुंहर दुआर ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को जोडा गया है तथा प्रतिदिन राज्य और जिला स्तर से ऑनलाईन क्लासेस का संचालित किया जा रहा है। जिले के 61 हजार से अधिक विद्यार्थियों तथा 8200 से अधिक शिक्षकों ने ऑनलाईन पोर्टल में पंजीयन कर घर बैठे उत्साह के साथ अध्ययन कर रहे हैं। इसके साथ विद्यार्थी ऑनलाईन पोर्टल में उपलब्ध अपनी कक्षा से संबंधित पाठ्यक्रमों एवं क्लासमेटरियल को देखकर शिक्षकों से अपनी शंकाओं का समाधान के साथ-साथ ऑनलाईन क्लासेस से शिक्षकों के द्वारा दिये गये होमवर्क भी कर रहे है। जिले के विभिन्न शिक्षकों के द्वारा अब तक 1936 विडियो एवं क्लासमेटरियल पोर्टल में अपलोड किये गये है, जिसमें पूरे प्रदेश में जिले के सार्वाधिक 1543 पठन सामग्री की स्वीकृति प्राप्त हुई है। दूरस्थ ग्रामीण वनांचलों में कमजोर नेटवर्क एवं नेटवर्क की ऑख मिचौनी का तोड़ निकालते हुये शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा शालावार वाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें प्रतिदिन शिक्षकों के द्वारा पोर्टल से सामग्री डाउनलोडकर शेयर भी कर रहे है। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश पाण्डेय ने सभी संस्था के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों से अग्रह किया है कि वे अपने विद्यालय के शतप्रतिशत विद्यार्थियों को पोर्टल से जोडे। एवं विद्यार्थियों को ऑनलाईन क्लासेस व पोर्टल में उपलब्ध शैक्षणिक सामग्री का उपयोग किस प्रकार किया जाता है, इस संबंध में लगातार मार्गदर्शन एवं टेकनिकल के लिए प्रेरित करें। जिला एडमिन संजीत श्रीवास्तव ने बताया है कि जिला स्तरीय ऑनलाईन क्लासेस के आयोजन में श्रीमती वंदना पटेल, श्रीमती निवेदिता वर्मा, श्रीमती प्रमिला साव, श्री दिलेश्वर साव, रनीता राय, पुरूषोत्तम दास साहू द्वारा उल्लेखनीय कार्य कर रहे है। इसके साथ-साथ सभी संकुल समन्वयक अपने क्षेत्र के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से सतत् संपर्क बनाये रखने निर्देशित किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अब तक 15 ट्रेनों से...**

परिवहन की निःशुल्क व्यवस्था ने श्रमिकों को काफी राहत पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के सभी सीमाओं पर पहुंचने वाले प्रवासी श्रमिकों को, चाहें वो किसी भी राज्य के हो, उन्हें छत्तीसगढ़ का मेहमान मान कर शासन-प्रशासन के लोग उनके हरसंभव मदद कर रहे है।

मंत्री डॉ. डहरिया ने बताया कि लॉकडाउन से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण देश के अन्य राज्यों में फंसे छत्तीसगढ़ के 2 लाख 51 हजार 867 श्रमिक तथा 22 हजार 168 अन्य लोगों इस तरह कुल 2 लाख 73 हजार 935 लोगों ने अब तक वापस अपने गृहग्राम आने के लिए राज्य शासन द्वारा जारी लिंक के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन करवाया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा अन्य प्रदेशों में छत्तीसगढ़ के संकटापन्न प्रवासी श्रमिकों को वापस लाने के लिए लगभग 45 ट्रेनों की सहमति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है।

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा 34 हजार 284 श्रमिकों को छत्तीसग? वापस लाने 23 ट्रेनों के लिए विभिन्न रेल मण्डलों को लगभग 2 करोढ़ का भुगतान किया गया है। अब तक 15 ट्रेनों के माध्यम से लगभग 22 हजार प्रवासी श्रमिकों को वापस लाया जा चुका है। वाहन एवं अन्य माध्यमों से अन्य राज्यों में फंसे लगभग 83 हजार 172 श्रमिक सकुशल अपने गृहग्राम लौट चुके है। छत्तीसगढ़ में अन्य राज्यों के फंसे हुए लगभग 30 हजार से अधिक श्रमिकों को उनके गृह राज्य भेजा गया है। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के भीतर ही 11 हजार से अधिक श्रमिकों को एक जिले से अपने गृह जिला तक पहुंचाया गया है।

छत्तीसगढ़ के 2 लाख 51 हजार 867 प्रवासी श्रमिक सहित तीन लाख से अधिक लोगों को जो देश के अन्य राज्यों में होने की सूचना मिलने पर उनके द्वारा बतायी गई समस्याओं का त्वरित निदान करते हुए उनके लिए भोजन, राशन, नगद, नियोजकों से वेतन तथा रहने एवं चिकित्सा आदि की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही श्रम विभाग के अधिकारियों का दल गठित कर विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं, नियोजकों एवं प्रबंधकों से समन्वय कर (राशन एवं नगद) आदि की व्यवस्था भी की जा रही है। प्रदेश के 26 हजार 102 श्रमिकों को 36 करोड़ रूपए बकाया वेतन का भुगतान कराया गया है। लॉकडाउन के द्वितीय चरण में 21 अप्रैल से शासन द्वारा छूट प्रदत्त गतिविधियों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 98 हजार श्रमिकों को पुनः रोजगार उपलब्ध कराया गया है। वहीं छोटे-बड़े 1246 कारखानों में पुनः कार्य प्रारंभ हो गया है।

**राज्य के बिल्डरों को...**

25 मार्च के बाद पूरे होने वाले थे। लॉकडाउन की वजह से काम पूरी तरह बंद पड़ा है। मजदूरों और अन्य दिक्कतों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इनमें से सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट्स रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जिले के हैं। इसके लिए बिल्डरों को किसी तरह का आवेदन नहीं देना होगा, बल्कि स्वयमेव तिथि में बढ़ोत्तरी की गई है।

**अम्फान के प्रचंड...**

से गुजर सकता है।

मौसम विभाग ने चार दिन के लिए जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों के लिए गंभीर चक्रवाती तूफान अंफान के चलते वर्षा की चेतावनी जारी की है। मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे अगले 24घंटों के दौरान बंगाल की दक्षिणी खाड़ी में,17-18 मई के दौरान बंगाल की केंद्रीय खाड़ी और 18-20 मई 2020 के दौरान बंगाल की उत्तरी खाड़ी में आवाजाही न करें।

ओडिशा सरकार ने किए ये इंतजाम :

पिछले साल चक्रवात 'फोनी' सहित कई चक्रवातों का सामना कर चुके ओडिशा ने खतरे वाले इलाकों से 11 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। राज्य के 12 तटीय जिले- गंजम, गजपति, पुरी, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक, बालासोर, मयूरभंज, जाजपुर, कटक, खुर्दा और नयागढ़ हाई अलर्ट पर हैं। 12 तटीय जिलों में 809 चक्रवात आश्रय केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 242 का अभी चिकित्सा शिविर के रूप में उन लोगों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा जो लॉकडाउन के बीच विभिन्न राज्यों से लौटे हैं।

**तेज हवा के साथ...**

के चलते ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल के कई तटीय जिलों में तेज रफ्तार हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना है।

**तेज हवा के साथ होगी बारिश**

अंफान में धूल नहीं होगी। तटीय क्षेत्रों में आने वाले चक्रवात समुद्र से आते हैं इसलिए इनमें नमी बहुत ज्यादा होती है इसलिए जहां ये जाते हैं वहां तेज हवा के साथ बारिश होती है। इसके साथ इनकी वायु गति भी बहुत ज्यादा होती है। अंफान चक्रवात का पथ मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल, सागर द्वीप समूह और शायद बांग्लादेश की ओर है। लेकिन एनडीआरएफ इस पर करीबी नजर रख रहा है। एनडीआरएफ समय रहते अपनी टीमें तैनात कर रहा है। चक्रवाती तूफान के भारतीय तट की ओर बढ़ने के चलते ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल के कई तटीय जिलों में तेज रफ्तार हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना है।

**ऑनलाईन पढ़ाई, सुपोषण...**

विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ ने छत्तीसगड़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं और बच्चों को पोषण आहार पहुंचाने और लोगों को जागरूक करने के कार्य की सराहना की है। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के 90 हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने हितग्राहियों के घरों में जाकर सामग्री वितरण के साथ-साथ लोगों को कोरोना से बचाव के संबंध में जागरूक करने का काम किया है। बैठक में बताया गया कि बस्तर क्षेत्र में बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए अण्डा वितरण प्रारंभ किया गया है। जिसे बच्चे पसंद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए स्थानीय स्तर पर ही अण्डा लिए जाएं। इससे मुर्गी पालन से जुड़े स्थानीय लोगों को फायदा होगा। उन्होंने गौठानों में महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से मुर्गी पालन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। श्री बघेल ने कहा कि इससे बच्चों के लिए ताजे अण्डे मिलेंगे। परिवहन का व्यय कम होगा और महिला समूहों को भी काम मिलेगा। मुख्यमंत्री ने गौठानों में मनरेगा से मुर्गी पालन के लिए शेड का निर्माण कराने और स्व सहायता समूहों को डीएमएफ तथा सीएसआर मद से सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्व सहायता समूहों को शहद उत्पादन से जोड़ने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ महिला कोष के माध्यम से महिला स्व सहायता समूहों और महिलाओं को मुर्गी पालन और शहद उत्पादन के लिए सहायता दी जा सकती है। बैठक में जानकारी दी गई कि लॉकडाउन के समय बच्चों को डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से घरों में ही रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से प्रारंभ किए गए सजग और चकमक अभियान में बच्चे काफी रूचि ले रहे हैं। इन कार्यक्रमों से अब तक 18 लाख बच्चे जुड़े हैं। इस अभियान में बच्चों को स्थानीय बोलियों में बालगीत, कविता, कहानियों के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है।

**स्थानीय बुनकरों व्दारा तैयार साड़ियां खरीद रहा विभागः** मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस वर्ष प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को स्थानीय बुनकरों द्वारा तैयार साड़ियां वितरित की जाएंगी। प्रतिवर्ष कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दो-दो साड़ियां यूनिफार्म के रूप में दी जाती हैं। श्री बघेल ने इस योजना के माध्यम से बुनकरों को रोजगार दिलाने के निर्देश दिए थे। बैठक में बताया गया कि लॉकडाउन के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा समाज सेवी संगठनों की सहायता से प्रतिदिन लगभग 25 हजार से अधिक व्यक्तियों के लिए गर्म भोजन की व्यवस्था की गई और 27 हजार परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही घुमंतू अर्द्ध विक्षिप्त और मानसिक रूप से अविकसित व्यक्तियों को सहारा देकर उनके भोजन और रहने की व्यवस्था भी विभाग द्वारा की गई। लॉकडाउन के दौरान बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके इसके लिए विभाग द्वारा संचालित विशेष स्कूलों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई करायी जा रही है।

**भारत की डब्ल्यूएचओ से...**

की पृष्ठभूमि में हो रही है। इस मुद्दे को लेकर चीन और अमेरिका में जुबानी जंग चल रही है। ऐसी संभावना है कि डब्ल्यूएचए वैश्विक महामारी से निपटने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने के विषय पर जोर देगा। कोरोना वायरस के चलते दुनिया भर में 3,10,000 लोगों की जान जा चुकी है और यह वायरस करीब 47 लाख लोगों को संक्रमित कर चुका है तथा अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ चुका है।

समर्थन देने वालों में अमेरिका का नाम नहीं

इस कदम को समर्थन देने वालों में अमेरिका का नाम नहीं नजर आया है। मसौदा प्रस्ताव में डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य आपदा कार्यक्रम को मजबूत करने के माध्यम से वैश्विक महामारी रोकथाम प्रणालियों को सुधारने की अनुशंसा भी होगी। साथ ही यह पशु स्वास्थ्य के लिए विश्व संगठन, संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन और अन्य देशों के साथ करीब से काम करने का भी आह्वान करता है ताकि वायरस के पशुजन्य स्रोत और इंसान में इसके प्रवेश का पता लगाया जा सके।

**दूसरे राज्य जाना...**

जब सुरक्षाकर्मी ई-पास के बारे में पूछें तो आप उन्हें दिखा सकें।

**सीबीएसई ने 12 वीं कक्षा...**

अभिभावकों का काम होगा कि उनके बच्चे बीमार ना हो।

तारीखवार पेपटर

1 जुलाई- होम साइंस

2 जुलाई-हिंदी (इलेक्टिव) और हिंदी (कोर)

3 जुलाई-दिल्ली के पूर्वी इलाके में फिजिक्स, एकाउंटेंसी और केमिस्ट्री के पेपर होंगे

7 जुलाई- देशभर में इन्फॉर्मेटिक्स (प्रेक्टिकल), कंप्यूटर साइंस (पुराना), कंप्यूटर साइंस (नया) और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के पेपर होंगे।

8 जुलाई-केवल दिल्ली के पूर्व इलाके में इंग्लिश इलेक्टिव (एन) इंग्लिश इलेक्टिव (सी) और इंग्लिश-कोर के पेपर होंगे

9 जुलाई- बिजनेस स्टडीज

10 जुलाई- बायोटेक्नोलॉजी

11 जुलाई- भूगोल

13 जुलाई- समाजशास्त्र

14-केवल पूर्वी दिल्ली में राजनीति विज्ञान के पेपर होंगे

15 जुलाई- दिल्ली के पूर्वी इलाके में गणित, अर्थशास्त्र और इतिहास तथा जीवविज्ञान के पेपर होंगे।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्र. 7, रायपुर**
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र. 505/2019-2020
वार्ड का नाम- ब्राम्हणपारा-58

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ब्राम्हणपारा वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 58/57/1 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती रमेन्द्र शुक्ला पिता रामसजीवन शुक्ला के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. रमा शुक्ला पति स्व. रामेन्द्र शुक्ला 2. अमित शुक्ला 3. अभिषेक शुक्ला दोनों पिता स्व. रामेन्द्र शुक्ला ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर जोन क्र.-07 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्र. 7, रायपुर**
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र. 503/2019-2020
वार्ड का नाम- सदरबाजार-39

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सदर बाजार वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 39/ 351 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती शेख मोहम्मद हनीफ, शेख मोहम्मद अजीज दोनों पिता शेख हिफज्र्जुर रहमान के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. विवेक कुमार गुप्ता 2. संदीप कुमार गुप्ता दोनों पिता श्री अशोक कुमार गुप्ता ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर जोन क्र.-07 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email ID-eocghbzone1@gmail.com

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित एमआईजी भवन योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक एमआईजी-102 में श्री गुरजीत सिंग पिता श्री स्व. दयाल सिंग को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 15.03.2008 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 18.02.2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती पुष्पारानी शर्मा पति श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1 कबीर नगर, रायपुर**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्र. 7, रायपुर**
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र. 504/2019-2020
वार्ड का नाम- पं. जवाहरलाल नेहरू-37

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 37/143 व 144 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती अभय सिंग पिता परमेश्वर सिंग के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. देवेन्द्र सिंह पिता मोहिन्दर सिंह 2. कबीर सिब्बल पिता देवेन्द्र सिंह सिब्बल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर जोन क्र.-07 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय अधीक्षक,**
**जिला जेल महासमुन्द (छ.ग.)**
**निविदा सूचना**
**द्वितीय वार्षिक ठेका वर्ष 2020-21**

निविदा क्रमांक 1040/निर्वाह/2020 महासमुन्द, दिनांक 15/05/2020

जिला जेल महासमुन्द में परिरूद्ध बंदियों के खाद्यान्न सब्जियां एवं अन्य सामग्री प्रदाय करने के लिए निविदाएं सीलबंद लिफाफे में दिनांक 09.06.2020 को दोपहर 1.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, इच्छुक व्यापारीगण निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी कार्यालय समय प्रातः 9.00 बजे से 1.00 बजे किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

**जेल अधीक्षक**
जी-80833/2 **जिला जेल महासमुन्द (छ.ग.)**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र.-/अविअ./वा-2/2020 आरंग दि. 04/05/20
रा.मा.क्र. अ-19(1) वर्ष 2019-20
ग्राम आरंग, तहसील आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आयुष पिता जयकांत निवासी आरंग, तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा कलई रोड आरंग, प.ह.नं. 54, तहसील आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 14/1 का भाग रकबा 2000 वर्गफीट भूमि को आवासीय हेतु छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर का ज्ञापन क्रमांक एफ-4-7/सात-1/ 2019 दिनांक 11.09.2019 के अनुसार विधिवत नियमानुसार स्थायी पट्टे पर आबंटन किए जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति मेरे समक्ष स्वयं या अपने वैध अभिभाषक/ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दिनांक 20/05/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/05/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र.-/अविअ./वा-2/2020 आरंग दि. 04/05/20
रा.मा.क्र. अ-19(1) वर्ष 2019-20
ग्राम आरंग, तहसील आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनोज पिता त्रिलोक चन्द्राकर निवासी आरंग, तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम आरंग, प.ह.नं. 54, तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 71 का भाग रकबा 2000 वर्गफीट भूमि को आवासीय हेतु छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर का ज्ञापन क्रमांक एफ-4-7/ सात-1/ 2019 दिनांक 11.09.2019 के अनुसार विधिवत नियमानुसार स्थायी पट्टे पर आबंटन किए जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति मेरे समक्ष स्वयं या अपने वैध अभिभाषक/ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दिनांक 20/05/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 4/5/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र.-/अविअ./वा-2/2020 आरंग दि. 04/05/20
रा.मा.क्र. अ-19(1) वर्ष 2019-20
ग्राम आरंग, तहसील आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जयकांत पिता भूखन कुर्मी निवासी आरंग, तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा कलई रोड आरंग, प.ह.नं. 54, तहसील आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 14 का भाग रकबा 2000 वर्गफीट भूमि को आवासीय हेतु छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर का ज्ञापन क्रमांक एफ-4-7/ सात-1/ 2019 दिनांक 11.09.2019 के अनुसार विधिवत नियमानुसार स्थायी पट्टे पर आबंटन किए जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति मेरे समक्ष स्वयं या अपने वैध अभिभाषक/ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दिनांक 20/05/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 4/5/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र.-/अविअ./वा-2/2020 आरंग दि. 04/05/20
रा.मा.क्र. अ-19(1) वर्ष 2019-20
ग्राम आरंग, तहसील आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री उत्कर्ष पिता राधेश्याम चन्द्राकर निवासी आरंग, तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा कलई रोड आरंग, प.ह.नं. 54, तहसील आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 71 का भाग रकबा 2000 वर्गफीट भूमि को आवासीय हेतु छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर का ज्ञापन क्रमांक एफ-4-7/ सात-1/ 2019 दिनांक 11.09.2019 के अनुसार विधिवत नियमानुसार स्थायी पट्टे पर आबंटन किए जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति मेरे समक्ष स्वयं या अपने वैध अभिभाषक/ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दिनांक 20/05/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 4/5/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र.-/अविअ./वा-2/2020 आरंग दि. 04/05/20
रा.मा.क्र. अ-19(1) वर्ष 2019-20
ग्राम आरंग, तहसील आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उपासना पति जयकांत कुर्मी निवासी आरंग, तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा कलई रोड आरंग, प.ह.नं. 54, तहसील आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 14 का भाग रकबा 2000 वर्गफीट भूमि को आवासीय हेतु छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर का ज्ञापन क्रमांक एफ-4-7/ सात-1/ 2019 दिनांक 11.09.2019 के अनुसार विधिवत नियमानुसार स्थायी पट्टे पर आबंटन किए जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति मेरे समक्ष स्वयं या अपने वैध अभिभाषक/ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दिनांक 20/05/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 4/5/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायपुर, छत्तीसगढ़**
**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्र. 05/नि.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड, रायपुर, दिनांक 29.04.2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | रायपुर जिले के विकासखंड अभनपुर के ग्राम पटेवा आवर्धन जलप्रदाय योजना के अंतर्गत जल वितरण प्रणाली हेतु 90, 110, 160 mm dia $6 kg/cm^2$ के UPVC पाईप लाईन क्रमशः 3100, 1050, 200 मीटर एवं 100 मि.मी. व्यास के जी.आई.पाईप 04 मीटर का प्रदाय कर बिछाने, जोड़ने, परीक्षण कर चालू करने का कार्य, इन्टरकनेक्शन, टेस्टिंग कार्य, वाल्व चेम्बर का निर्माण कार्य एवं अन्य सिविल कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित) | 19.93 |
| 2 | रायपुर जिले के विकासखण्ड अभनपुर के ग्राम पटेवा आवर्धन जलप्रदाय योजना के अंतर्गत राईजिंग मेन हेतु 90mm dia $10 kg/cm^2$ के UPVC पाईप 925 मीटर का प्रदाय कर बिछाने, जोड़ने, परीक्षण कर चालू करने का कार्य, इन्टरकनेक्शन, टेस्टिंग कार्य, स्वीच रूम वाल्व चेम्बर का निर्माण कार्य एवं अन्य सिविल कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित) | 4.76 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23.05.2020 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

जी-80808/2 **कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायपुर, छत्तीसगढ़**


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

# ईद मनाने नहीं बल्कि बीमार बूढ़ी मां को घर छोड़ने गए हैं नवाजुद्दीन सिद्दीकी

पूरे देश में कोरोना वायरस के कारण लॉकडाउन लगा हुआ है। इस बीच खबर आई थी कि बॉलिवुड ऐक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने परिवार के साथ मुंबई से उत्तर प्रदेश के बुढाना में ईद मनाने के लिए गए हैं। बुढाना पहुंचने के बाद उन्हें उनके घर में होम क्वॉरंटीन कर दिया गया।

हालांकि उनके भाई का कहना है कि नवाज ईद मनाने नहीं बल्कि बीमार बूढ़ी मां को घर छोड़ने आए हैं। बताया जा रहा है कि नवाज शनिवार को अपने घर पहुंचे हैं।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने मुंबई से यूपी तक आने के लिए प्रशासन से जरूरी परमिशन ली थी। नवाज के भाई शम्स सिद्दीकी ने इस परमिशन की एक कॉपी भी सोशल मीडिया पर शेयर की है। उन्होंने ट्वीट कर रहा है कि उनकी मां काफी बीमार हैं और इसलिए उनका परिवार मुंबई से सफर करके होम टाउन पहुंचा है। परमिशन लेटर में भी लिखा है कि नवाज का परिवार स्वास्थ्य कारणों से सफर कर रहा है। शम्स ने अपने ट्वीट में लिखा, 'हाल में कैंसर से हमारी बहन के निधन के बाद हमारी 71 साल की मां काफी बीमार हैं, इसीलिए नवाजुद्दी सिद्दीकी को मां के साथ बुढाना जाना पड़ा। वे यहां ईद मनाने के लिए नहीं आए हैं।' बता दें कि बुढाना पहुंचने पर नवाज की फैमिली का कोरोना टेस्ट किया गया है जो नेगेटिव आया है लेकिन फिर भी नियम के मुताबिक उन्हें 14 दिन के लिए होम क्वॉरंटीन कर दिया गया है। इससे पहले नवाज ने भी ट्विटर पर अपनी मां के बारे में सूचना देते हुए लिखा, 'मेरी छोटी बहन की हाल में हुई मौत के कारण मेरी 71 साल की मां को 2 बार एंजाइटी अटैक आ चुका है। हम राज्य सरकार की दी हुई सभी गाइडलाइंस का पालन कर रेह हैं। हम लोग बुढाना में होम क्वॉरंटीन हैं। कृपया घर पर रहें और सुरक्षित रहें।

# लॉकडाउन में कंगना रनौत ने लिखी कविता

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड में अपने संजीदा अभिनय के लिये मशहूर कंगना रनौत ने लॉकडाउन में एक कविता लिखी है।

कोरोना वायरस को लेकर लॉकडाउन शूटिंग्स बंद होने से बॉलीवुड सेलेब्स घर पर हैं। इस दौरान सभी कुछ न कुछ क्रिएटिव कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। अब कंगना रनौत एक कविता लिखी है और उसे अपनी आवाज में रेकॉर्ड किया है। कंगना ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कविता 'आसमान' की एक झलक दिखाई है। इसके साथ लिखा है, एक कलाकार (कंगना रनौत) के दिल से सीधे उसकी आवाज में एक कविता। कल आसमान पहुंचना है। कंगना रनौत तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता की बायॉपिक 'थलाइवी' में नजर आएंगी। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी। इस फिल्म के अलावा वह फिल्म 'तेजस' में एक एयरफोर्स पायलट की भूमिका में दिखाई देंगी।

# जलसा की संडे मीटिंग को मिस कर रहे अमिताभ

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन लॉकडाउन के दौरान संडे मीटिंग को मिस कर रहे हैं।

अमिताभ के प्रशंसक हर रविवार उनकी एक झलक पाने के लिए दूर-दूर से उनके घर जलसा के बाहर इकट्ठा होते हैं। यह कवायद काफी समय से चली आ रही है लेकिन इन दिनों लॉकडाउन की वजह से ऐसा नहीं हो पा रहा है। अमिताभ भी अपने प्रशंसकों को मिस कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने ट्विटर पर बीते रविवार जलसा के बाहर की कुछ फोटोज शेयर की हैं। इनमें कुछ वर्कर्स सफाई करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ ने जलसा के बाहर की तीन तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें कुछ सफाईकर्मी काम कर रहे हैं और एक गार्ड खड़ा है। इसके अलावा हर तरफ सन्नाटा छाया हुआ है।

अमिताभ ने तस्वीरों के साथ लिखा, ÷कौन कहता है कि संडे की वेल विशर मीटिंग बंद हो गई जलसा गेट पर। ये देखिए।

# 211 कलाकारों ने गाया 'आत्मनिर्भर भारत' से प्रेरित गीत

**मुंबई (वार्ता)।** वैश्विक महामारी कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए लागू देशव्यापी लॉकडाउन के बीच 211 कलाकारों ने मिलकर 'आत्मनिर्भर भारत' से प्रेरित गीत गाया है। कोरोना वायरस महामारी के बीच लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए देश भर के लोकप्रिय गायकों ने एक गाना तैयार किया है जो देश के विषम हालातों में लोगों के बीच उत्साह भरने के लिए बनाया गया है। इस गाने का पूरा नाम 'वन नेशन वन वॉइस- जयतु जयतु भारतम' है। जयतु जयतु भारतम सॉन्ग के लिए देश के 200 से ज्यादा मशहूर गायकों ने अपनी आवाज दी है। इनमें आशा भोंसले, एस पी बालासुब्रह्मण्यम, शंकर महादेवन, सोनू निगम और कैलाश खेर जैसे नाम शामिल हैं। इस गाने को प्रसून जोशी ने लिखा है और इस गाने को 12 भाषाओं में तैयार किया गया है। सुर-सम्राज्ञी लता मंगेशकर ने इस गाने को लेकर एक ट्वीट किया, ÷ नमस्कार। हमारे बहुत गुणी 211 कलाकारों ने एक होकर आत्मनिर्भर भारत की भावना से प्रेरित इस गीत का निर्माण किया है, जो पूरे भारत की जनता को और हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी को हम अर्पण करते हैं। उन्होंने इस गीत का लिंक भी साझा किया है।

# उस्मान ख्वाजा की टेस्ट टीम में वापसी मुश्किल: रिक्की पोंटिंग

**मेलबोर्न (वार्ता)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का कहना है कि बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के लिए टेस्ट टीम में वापसी करना मुश्किल है। बांए हाथ के बल्लेबाज ख्वाजा टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं और उन्हें पाकिस्तान तथा न्यूजीलैंड के खिलाफ भी टीम में शामिल नहीं किया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में स्टीवन स्मिथ के हेलमेट पर गेंद लगने के बाद मार्नस लाबुशेन को स्मिथ की जगह कन्कशन सब्स्टीट्यूट के तौर पर लॉर्डस टेस्ट में टीम में शामिल किया गया था। लाबुशेन ने इस अवसर को दोनों हाथों से भुनाया और अंतिम एकादश में अपनी जगह पक्की कर ली। स्मिथ के टीम के वापसी करने के बाद ख्वाजा को टीम से बाहर हो जाना पड़ा। 33 वर्षीय ख्वाजा पिछले साल आईसीसी विश्वकप में सेमीफाइनल से पहले चोटिल के बाद से अब तक वनडे में नहीं खेले हैं। उन्हें शेफील्ड शील्ड में खराब प्रदर्शन के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने केंद्रीय अनुबंध से भी बाहर कर दिया था। ख्वाजा ने 11 पारियों में 18.36 के बेहद खराब औसत से 202 रन बनाये थे।

# कश्मीर हमारा है हमारा ही रहेगा: शिखर धवन

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने पाकिस्तान के पूर्व आलराउंडर शाहिद आफरीदी को करारा जवाब देते हुए कहा है कि कश्मीर हमारा है हमारा ही रहेगा। आफरीदी शनिवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के दौरे पर गए थे और वहां उन्होंने भारत तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्द कहे थे। शिखर ने आफरीदी को करारा जवाब देते हुए कहा, इस वक्त जब सारी दुनिया कोरोना से लड़ रही है उस वक्त तुमको कश्मीर की पड़ी है।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर ने ट्विटर पर कड़े शब्दों में कहा, ÷कश्मीर हमारा था, हमारा है और हमारा ही रहेगा। चाहे 22 करोड़ ले आयो हमारा एक-एक सवा लाख के बराबर है। बाकी गिनती अपने आप कर लेना।

## जोकोविच से बेहतर हैं मरे: किर्गियोस

**मेलबोर्न (वार्ता)।** ऑस्ट्रेलिया के टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस का मानना है कि पूर्व ओलम्पिक और विम्बलडन चैंपियन ब्रिटेन के एंडी मरे विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच से बेहतर हैं। कोरोना वायरस के कारण दुनियाभर में टेनिस सहित तमाम खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई हैं। ऐसे में किर्गियोस ने मरे के साथ इंस्टाग्राम पर लाइव सत्र में चर्चा की।

# आईपीएल के आयोजन पर सोचना जल्दबाजी होगी: बीसीसीआई

**मुंबई (वार्ता)।** कोरोना वायरस के कारण देशभर में जारी लॉकडाउन के बीच स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स और स्टेडियम को सशर्त खोलने की इजाजत के बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का कहना है कि मौजूदा हालात में आईपीएल के आयोजन के बारे में सोचना जल्दबाजी होगी। सरकार ने रविवार को देशभर में लॉकडाउन को 31 मई तक बढ़ाने की घोषणा की थी। गृह मंत्रालय ने दिशानिर्देश जारी करते हुए बताया था कि लॉकडाउन के बावजूद देशभर में स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स और स्टेडियम दर्शकों के बिना खोले जा सकते हैं। हालांकि इस दौरान ऐसे टूर्नामेंटों के आयोजन पर रोक बरकरार है जिसमें भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ जुटने की संभावना है। बीसीसीआई ने सरकार के इस आदेश का स्वागत किया है। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने सोमवार को कहा कि भले ही सरकार ने स्टेडियम खोलने की इजाजत दी है लेकिन देशभर में 31 मई तक हवाई यात्रा पर प्रतिबंध लगा हुआ है और मौजूदा हालात में आईपीएल के 13वें सत्र का आयोजन करने के बारे में सोचना जल्दबाजी होगी। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस के कारण देशभर में जारी लॉकडाउन और विदेशी यात्रियों के आने पर प्रतिबंध के बाद बीसीसीआई ने अप्रैल में आईपीएल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया था। यह पूछे जाने पर कि क्या बीसीसीआई इस साल आईपीएल के आयोजन के बारे में विचार कर रही है, धूमल ने कहा कि मौजूदा हालात में टूर्नामेंट के आयोजन के बारे में सोचना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि विश्वभर में विदेशी यात्राओं पर प्रतिबंध हटने के बाद क्रिकेट कलेंडर को देखते हुए आईपीएल के लिए विंडो देखना होगा। इस बीच आईपीएल की फ्रेंचाइजी टीमें इसके आयोजन को लेकर बीसीसीआई के फैसले का इंतजार कर रही हैं। आईपीएल की एक फ्रेंचाइजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि सरकार के आदेश से बीसीसीआई पर प्रभाव पड़ेगा और इससे आईपीएल के आयोजन को लेकर सकारात्मक स्थिति बनेगी।

## लॉकडाउन में दर्शकों के बिना स्टेडियम खोलने की इजाजत

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए देशभर में 31 मई तक बढ़ाये गए लॉकडाउन के बीच स्पोटर्स काम्प्लेक्स और स्टेडियम को दर्शकों के बिना खोलने की इजाजत दी गयी है। देशभर में कोरोना वायरस के बढ़ते मामले को देखते हुए भारत सरकार ने रविवार को लॉकडाउन को 31 मई तक बढ़ाने का फैसला किया। गृह मंत्रालय ने दिशानिर्देश जारी कर बताया कि स्पोटर्स काम्प्लेक्स और स्टेडियम को खोलने की अनुमति दी गयी है लेकिन स्टेडियम में दर्शकों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। हालांकि इस दौरान ऐसे टूर्नामेंटों के आयोजन पर रोक बरकरार है जिसमें भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ जुटने की संभावना है।

## गंभीर, हरभजन, युवराज ने आफरीदी को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय क्रिकेट की शान समझे जाने वाले तीन खिलाड़ियों गौतम गंभीर, हरभजन सिंह और युवराज सिंह ने पाकिस्तान के पूर्व आलराउंडर शाहिद आफरीदी को भारत तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहने पर मुंहतोड़ जवाब दिया है। आफरीदी शनिवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के दौरे पर गए थे और वहां उन्होंने भारत तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्द कहे थे जिसके बाद तीनों भारतीय क्रिकेटरों ने पूर्व पाकिस्तानी आलराउंडर को जमकर लताड़ लगाई है। पूर्व सलामी बल्लेबाज और अब लोकसभा सांसद गंभीर ने आफरीदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत से कश्मीर नहीं ले सकता। गंभीर ने अपने ट्वीट में आफरीदी पर तंज कसते हुए कहा, ÷16 वर्ष के आफरीदी का कहना है कि पाकिस्तान के पास सात लाख लोगों की सेना है जिसे 20 करोड़ लोगों का समर्थन हासिल है। इसके बावजूद वे 70 वर्षों से कश्मीर के लिए भीख मांग रहे हैं।

# टी-20 विश्वकप स्थगित से आईपीएल का रास्ता साफ हो सकता है: टेलर

**मेलबोर्न (वार्ता)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर का कहना है कि इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी-20 विश्वकप अगर स्थगित किया जाता है तो आईपीएल के आयोजन का रास्ता साफ हो सकता है। कोरोना वायरस के खतरे के कारण दुनियाभर में क्रिकेट गतिविधियां ठप्प पड़ी हैं और इस साल होने वाले टी-20 विश्वकप के आयोजन को लेकर खतरा पैदा हो गया है। कोरोना के कारण भारत में लॉकडाउन की वजह से 29 मार्च से शुरु होने वाले आईपीएल के 13वें सत्र को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केविन रॉबर्ट्स ने हाल ही में कहा था कि टी-20 विश्वकप को लेकर आखिरी फैसला अगस्त से पहले नहीं हो पाएगा और इसकी तस्वीर 28 मई को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड की बैठक के बाद साफ होगी।

टेलर ने कहा, मेरे ख्याल से टी-20 विश्वकप स्थगित किया जा सकता है क्योंकि 15 टीमों को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना होगा और सात स्थल में 45 मैचों का आयोजन होगा। ताजा स्थिति में विदेश की यात्रा करना बेहद मुश्किल है और इसके बाद यहां पहुंचने पर 14 दिनों के लिए क्वारेंटीन में रहने से इसका होना और भी मुश्किल है। टेलर ने कहा, अगर आईसीसी टी-20 विश्वकप को स्थगित कर दे तो बीसीसीआई के लिए आईपीएल आयोजित कराने को लेकर रास्ता साफ हो सकता है जिससे जिम्मेदारी व्यक्तिगत खिलाड़ी पर आ जायेगी कि वह यात्रा करना चाहता है नहीं। विश्व कप में तो पूरी टीम को दूसरे देश की यात्रा करनी होगी।

पूर्व कप्तान ने कहा, जाहिर है कि सीए टी-20 विश्वकप का आयोजन करना चाहता है लेकिन वो इस बारे में भी चर्चा कर रहा है कि उसके खिलाड़ी आईपीएल के लिए भारत जाएंगे या नहीं। वे चाहते हैं कि भारत ऑस्ट्रेलिया आए। मेरे ख्याल से अभी काफी कुछ होना बाकी है। उन्होंने कहा, मेरे ख्याल से क्रिकेट को समय मिला है।

# ट्रेनिंग कैंप शुरु करने बीसीसीआई जल्दबाजी नहीं करेगी: धूमल

**मुंबई (वार्ता)।** कोरोना वायरस के कारण देशभर में 31 मई तक जारी लॉकडाउन के बीच स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स और स्टेडियम को खोलने की छूट मिलने के बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का कहना है कि वह फिलहाल अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग शिविर शुरु करने पर जल्दबाजी नहीं करेगी। देशभर में कोरोना वायरस के बढ़ते मामले को देखते हुए भारत सरकार ने रविवार को लॉकडाउन को 31 मई तक बढ़ाने का फैसला किया था। गृह मंत्रालय ने दिशानिर्देश जारी कर बताया था कि स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स और स्टेडियम को खोलने की अनुमति दी गयी है लेकिन स्टेडियम में दर्शकों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने गृह मंत्रालय के दिशानिर्देश के अगले दिन सोमवार को बयान जारी कर बताया कि देशभर में 31 मार्च तक हवाई यात्रा पर प्रतिबंध जारी है इसलिए बीसीसीआई अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग शिविर शुरु करने पर कोई जल्दबाजी नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बोर्ड के लिए खिलाड़ियों और स्टाफ की सुरक्षा सर्वोपरि है और ऐसे में बीसीसीआई कोई ऐसा फैसला नहीं लेगी।

■ न्यूज गैलरी

## सांसद व विधायक के द्वारा किया गया भूमि पूजन

**भाटापारा।** बोरसी चिचपोल खैरा मार्ग निर्माण के लिए सोमवार को सांसद सुनील सोनी,विधायक शिवरतन शर्मा ने उक्त मार्ग का भूमिपूजन किया। इस मार्ग निर्माण की मांग ग्रामवासी लंबे समय से कर रहे थे। जिस पर 6 करोड़ से अधिक की स्वीकृति मिलने के साथ ही उसका भूमि पूजन कार्य संपन्न हुआ।इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष सनम जांगड़े जिला पंचायत सदस्य शंकर दयाल, चन्द्र प्रकाश साहू,जनपद सदस्य ,मंडल महामंत्री देवक साहू ,ग्रामीण अध्यक्ष टिक्की वर्मा, राजू अग्रवाल, संकेत अग्रवाल, सरपंच लखेश्वर वैष्णव, गोविंदा वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे

## सम्पूर्ण जिले मे 17 अगस्त या आगामी आदेश तक धारा 144 प्रभावशील

**बेमेतरा/साजा ।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शिव अनंत तायल ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव और सुरक्षा हेतु सम्पूर्ण जिला बेमेतरा में दंड प्रक्रिया

संहिता 1973 के अंतर्गत प्रभावशील धारा 144 को 17 अगस्त या आगामी आदेश तक के लिये लागू करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने इस सम्बन्ध में समय - समय पर जारी उनके कार्यालय द्वारा अन्य आदेशो के तहत प्रतिबन्धों को भी लागू रखने के आदेश दिए है । श्री तायल ने कहा कि कोरोना वायरस से भारत सहित पूरे विश्व के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है और इससे पीड़ित, संदेही से दूर रहने की सख्त हिदायत है। इसी प्रकार इसके प्रसार को रोकने के लिए कड़े सामाजिक अलगाव और शारीरिक दूरी के उपयोग को अपनाना उचित एवं आवश्यक हो गया है। इन आदेशों का किसी भी व्यक्ति, संस्था, संगठन द्वारा उल्लंघन नहीं किया जाएगा। किसी व्यक्ति, संस्था, संगठन द्वारा कोरोना वायरस के रोकथाम एवं नियत्रण हेतु जारी किसी भी निर्देश का उल्लंघन किया जाता है तो वह भारतीय दंड संहिता 1860 कि धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी के अंतर्गत आता है ।।

## कचरू प्रसाद शर्मा बने विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ विप्र फाउंडेशन जोन 13 के अध्यक्ष कचरू प्रसाद शर्मा को विप्र फाउंडेशन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने से ब्राह्मण समाज सहित अनेक

समाज के लोगो ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्हें अपनी बधाई और शुभ कामना दी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज को एक सूत्र में रखकर समाज के उत्थान के लिए सदैव समर्पित रहने वाले श्री कचरू प्रसाद शर्मा अभी वर्तमान में विप्र फाउंडेशन जोन 13 छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे है। अपने पद के अनुरूप सभी के प्रति समान भाव रखने वाले और हमेशा समाज के हितो तथा सामाजिक बन्धुओ के मध्य आपसी भाई चारा को बढ़ावा देते हुए हंसमुख व्यक्तित्व के धनी श्री कचरू शर्मा के विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने की खबर के बाद पुरे प्रान्त में हर्ष व्याप्त है और विप्र समाज के लोगो ने समवेत स्वर में इस नियुक्ति पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति अभार जताया है।इस बीच नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कचरू प्रसाद शर्मा ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित समस्त विप्र जनो के प्रति कृतज्ञता जाहिर की है और उन सभी को विश्वास दिलाया है की जो जवाबदारी राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें सौपी है उस पर सभी विप्रजनो को साथ लेकर समान विचार धारा के साथ समाज की एकता भाई चारे को और आगे बढ़ाते रहेंगे।

## बलौदाबाजार के केके वर्मा बने राहुल गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**बलौदा बाजार ।** पद, पैसा, प्रतिष्ठा, बिरले व्यक्ति को ही मिलता है !यह सत्य है लेकिन बलौदाबाजार के समाजसेवी एवं एक गरीब किसान के बेटा के के वर्मा

को राहुल गांधी विचार मंच की कोर कमेटी द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त कर यह साबित कर दिया कि पद मांगने से नही बल्कि संघर्ष से मिलता हैं और इस पर खरा उतरने वाले श्री वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से नवाजा गया जो कि हमारे बलौदाबाजार के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है!उक्त नियुक्ति राहुल गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कोचे एवं राष्ट्रीय प्रभारी सुमीत यदुवंशी ने की !श्री वर्मा ने अपने नियुक्ति पर राहुल गांधी विचार मंच की कोर कमेटी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके निर्देशो का पालन करते हुए संगठन के हित मे काम करने की बात कही है ! कोर कमेटी ने कहा कि राहुल गांधी विचार मंच के माध्यम से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की विचारधारा को जनता तक पहुचायेंगे ! यह संगठन कांग्रेस की रीति नीतियों को जन जन तक प्रचार प्रसार के लिए बनाया गया है जो कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की विचारधारा का पूर्ण समर्थन करता है! श्री वर्मा के नियुक्ति पर कांग्रेस जनों के अलावा पूरे प्रदेश से उनके समर्थकों ने बधाई देते हुए इसे कांग्रेस संगठन ने बलौदाबाजार के लिए बड़ी उपलब्धि बताया गया है! श्री वर्मा की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस संगठन के अलावा अन्य संगठनों के लोगों मे अनेकों चर्चाये भी ब्याप्त है!वहीं श्री वर्मा के नियुक्ति एवं संगठन में जुड़ने से कांग्रेस का पक्ष मजबूत होगा!

# बलौदाबाजार जिले में कोरोना के 6 पॉजिटिव मरीज मिले

### अफवाह ना फैलाये ,सतर्कता बरतें- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, देर रात तक कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों की ली बैठक

**भाटापारा।** जिला में 6 कोरोना मरीज की पुष्टि प्रशासन की ओर से किया गया। यह सभी मरीज हाल में ही अन्य राज्यों से लौट हुए श्रमिक में से। यह सभी जिला के विभिन्न क्वारांटाइन सेंटर में रुके हुए थे। जिसमें 3 लोग लवन कॉलेज क्वारांटाइन सेंटर, 2 लोग दरचुरा सिमगा क्वारांटाइन सेंटर एवं 1 व्यक्ति ग्राम धाराशिव विकासखण्ड बलौदाबाजार से है। धाराशिव वाला व्यक्ति वर्तमान में जिला अस्पताल स्थितआइसोलेशन वार्ड में रह रहे थे। इन सभी को कोरोना वायरस की पुष्टि के पश्चात रात को ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें एम्स रायपुर रवाना किया गया है। साथ ही जिन क्वारांटाइन सेंटर में जितने लोग ठहरे

हुए है। उनमें से हाई रिस्क आये सभी का सैंपल रात में ही लिया गया।जिन लोगों को कोरोना की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। उन सभी लोगो काकॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग की तैयारी कर सभी को क्वारांटाइन किया जाने की तैयारी पूरी कर लिया गया है।

#### कलेक्टर ने अपवाह से बचने की अपील

जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी जिला वासियों के लिए एक वीडियो जारी कर अपील किया है। उन्होंने कहा है आप सभी घबराएं नही। अपवाहों पे बिल्कुल भी ध्यान ना देवे। सोशल मीडिया में किसी भी तरह भ्रामक जानकारी पर ना ही विश्वास करे ना ही उन सँदेशो को ना फैलाये। आप सभी लोग केवल सतर्कता एवं सावधानी बरतें। अनावश्यक रूप से आप सभी घर के बाहर ना निकले। बच्चों एवं बुजुर्गों का ध्यान रखे। हमारी स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम,जिला एवं पुलिस प्रशासन की पूरी टीम आप सब की सुरक्षा एवं मदद के लिए तैयार है।आप सभी के लिए जिला प्रशासन की ओर से समय समय पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर समस्त जानकारी जिलावासियो को दिया जायेगा।

#### 3 कंटेन्मेंट जोन घोषित, अधिकारियों की हुई नियुक्ति

**भाटापारा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने कोरोना के छह पॉजिटिव संक्रमित मरीज़ मिलने के बाद फ़िलहाल उनके आवास स्थल-जिला अस्पताल एवं ग्रामीण स्तर के 3 संस्थागत क्वारंटाइन सेन्टरों को कंटेन्मेंट जोन घोषित कर दिया है। कलेक्टर ने 17 मई को रात में ही एक आदेश जारी कर प्रत्येक कंटेन्मेंट जोन में जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त करते हुए प्रावधानों का कठोरता से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। आदेशानुसार लवन का शासकीय कॉलेज एवं इसके निकट इलाके, बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम धाराशिव के प्राथमिक शाला एवं इसके निकट के इलाके तथा दरचुरा (सिमगा) के हाई स्कूल एवं इसके निकट इलाके को कंटेन्मेंट जोन घोषित किया गया है।

जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन कन्टेनमेंट जोनों में अत्यावश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं तथा स्वास्थ्यगत आपात स्थितियों को छोड़कर किसी के भी आने-जाने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा। कन्टेनमेंट क्षेत्र के निवासी बिना सक्षम अनुमति के अपने घर से बाहर नहीं निकलेंगे। उक्त चिन्हांकित क्षेत्र में पूर्ण लॉक-डाउन रहेगा। अर्थात इन क्षेत्रों की दुकानें, कार्यालय एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठान अगले आदेश तक बंद रहेंगे।

# आज मद्रास से आएंगे, श्रमिक

■ **शनिवार को लखनऊ, दिल्ली से आये 663 मजदूर, भेजे गए सेंटर**

**भाटापारा।** उत्तरप्रदेश के लखनऊ और दिल्ली से राज्य के मज़दूरों को लेकर विशेष रेलगाड़ी रविवार की शाम भाटापारा स्टेशन पहुंची। दोनों ही ट्रेनों में लगभग 663 मज़दूर सवार थे। इनमें कवर्धा जिले से और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से थे। रविवार की सुबह भी हबीबगंज भोपाल से श्रमिक मजदूर आये थे।आज मंगलवार को भी दोपहर 3 बजे के बाद मद्रास से एक श्रमिक स्पेशल ट्रैन से मजदूरो के आने की सुचना है।

रविवार को सुबह हबीबगंज भोपाल से आये श्रमिको को उनके सेंटर में भेजने के बाद शाम को भी लखनऊ और दिल्ली से श्रमिक ट्रैन से आये।लखनऊ से करीब 471 और दिल्ली से 192 श्रमिको का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर अपने गांव के आसपास के क्वारंटाइन सेन्टर के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल और एसपी श्री प्रशांत ठाकुर के नेतृत्व में सम्पूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हुई। कुछ मज़दूरों का

**3 तिगड़ी ने संभाल रखी कमान**

भाटापारा स्टेशन के बाहर जिला प्रशासन के निर्देशो का पालन करते हुए पूरी व्यवस्था की कमान एसडीएम महेश सिंह राजपूत ,तहसीलदार प्रवीण तिवारी थानेदार महेश धुव ने संभाल रखी है और दी गई जवाबदारी का अपने अधिनसतो के साथ में मिलकर स्वयं वहा रहते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहे है।

स्वाब नमूना भी कोरोना परीक्षण के लिए लिया गया। कवर्धा जिले की अंजनी ने बताया कि वे आगे बाहर कमाने-खाने नहीं जाएंगे। यहीं काम करेंगे। मज़दूरों के सुरक्षित और मुफ्त में घर वापसी के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया तथा जिला प्रशासन के नेतृत्व में स्टेशन में की गई व्यवस्था की सराहना की है। स्टेशन में मज़दूरों की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए आयर्वेद काढ़ा के पैकेट भी वितरित किये गए। जिला पंचायत की ओर से सभी श्रमिकों को छत्तीसगढ़ी मुर्रा-लाई के पैकेट दिया गया। छोटे बच्चों को चॉकलेट खिलाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियो,स्थानीय अधिकारीयो के साथ साथ राजस्व, शिक्षा, पंचायत, लोनिवि, स्वास्थ, व् पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# आदिवासी राजगोंड समाज ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री राहत कोष में 1,870,500 रुपए का सहयोग

**देवभोग।** कोरेना वायरस की भया वह स्थिति को मदेनजर रखते हुए आदिवासी राजगोंड समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री राहत कोष में 1 लाख 87 हजार 5 सौ रूपये का नगद सहयोग किया इस सामाजिक पहल से अब गांव गांव के अंतिम व्यक्ति तक इस महामारी में सहयोग करने में इच्छुक नजर आ रहे हैं । क्योंकि देवभोग से लेकर महासमुंद के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सहयोग राशि दिया है ।और समाज प्रमुखों द्वारा डोर टु डोर जागरूक अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सहयोग करने के लिए प्रेषित करने के बाद भी कहीं है महासमुंद छुरा देवभोग, मैनपुर, झरगांव, बागबाहरा, गरियाबंद के आदिवासी राजगोंड समाज के लोगों ने 1लाख 87हजार 5 सौ इकट्ठा कर सहयोग किया जिनमें 1 लाख 25 हजार 750रूपये मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया तो वही प्रधानमंत्री राहत कोष पर 61हजार 750 रूपये का सहयोग किया । कि देश इस महामारी में आर्थिक रूप से सक्षम होकर कोरिना वायरस का कड़ा मुकाबला कर सके बकायदा और किस तरह सरकार को सहयोग किया जाए इसके लिए भी सामाजिक स्तर पर चर्चा कर हर घर संपर्क करने की बात कही है । इसके अलावा क्वॉरेंटाइन में रखे गए लोगों को देखभाल के लिए भी उचित कदम उठाने की बात सामाजिक लोगों द्वारा कहा गया है । कलेक्ट्रेट में बिंद्रानवागढ़ विधायक एवं समाज सभापति डमरूधर पुजारी, गोवर्धन माझी, एसटीएससी मोर्चा अध्यक्ष धनसिंह मरकाम, गोविंद राम, सोरी भुवन मरकाम, बालक सदाराम सोरी, इंदरमाझी, हेमराज माझी, दयाराम माझी चित्रसेन नागेश, चंद्रशेखर नागवंशी, दयाराम मरकाम, सहित अन्य सामाजिक लोग मौजूद रहे।

# दैहिक शोषण के अपराध में रोशन लाल साहनी गिफ्तार

**छुरा।** छुरा थाना पुलिस ने आज अवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी रोशन लाल साहनी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना छुरा क्षेत्र का है। जहां एक पीड़िता ने थाना छुरा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी रोशन लाल साहनी ने नाबालिग जानते हुए प्यार भरी बातें कहकर अपनी पत्नी बनाकर रखुंगा कहकर पीड़िता के साथ विगत 1 वर्ष तक लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई और 15.10.2017 को एक बच्ची को जन्म दिया। जिसके बाद पत्नी बनाकर रखने तथा बच्ची को अपनाने कई बार विनती करती रही, किंतु आरोपी पीड़िता तथा बच्ची को अपनाने से इंकार कर दिया। जिसके 6 माह बाद बच्ची की मृत्यु भी हो गई, तब विवश होकर थाना आकर दैहिक शोषण का रिपोर्ट दर्ज कराई तब थाना छुरा में धारा 376(2) (ढ) भादवि 06 पाक्सो एक्ट के तहत सूचना दर्ज किया गया। घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया।

जिसके बाद जिला गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल के दिशा-निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदर राठौर के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद संजय ध्रुव के पर्यवेक्षक में थाना प्रभारी छुरा निरीक्षक राजेश जगत द्वारा आरोपी के पता तलाश में जुट गए। मुखबीर की सूचना पर आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म करने से गर्भवती होने तथा एक बच्ची को जन्म देने व 6 माह बाद बच्ची की मृत्यु होने की बात स्वीकार किया।

# पुलिस वाले ने बचाई खदान में फंसे हाइवा चालक की जान

**खरोरा।** कोरोना वायरस संक्रमण का खोफ कहें कि मानवीय मूल्यों का गिरता ग्राफ रेत खदान मे फंसे हाइवा के चालक को किसी प्रकार की सहायता न मिलने से वह अपने घर पहुंचेने लगभग 200 कि. मी पैदल यात्रा पर निकल पडा 40 कि. मी की पैदल यात्रा करते हुए ये चालक खरोरा नगर पंहुते तक भुख प्यास से बेदम हो चुका था खरोरा केसला के पैट्रोल पंप के पास पुलिस चेक पोस्ट तैनात एस. आई रविन्द्र ध्रुव व पत्रकार निलेश गोयल की नजर उस पर पडी उससे सारी जानकारी लेते हुए भुखे प्यासे थककर बेदम हुये पिडित चालक छन्नु सोनी के लिये तत्काल भोजन पानी की व्यवस्था कर उसे अपने घर नांदघाट जिला बिलासपुर पुहंचने के लिये वाहन की व्यवस्था कर मानवता का परिचय दिये

चालक छन्नु सोनी अपनी आप बीती बताई कि आरंग ब्लाक के ग्राम समोदा के रेतघाट से रेत भरने पश्चात हाइवा के चक्के फंस गये काफी मशक्कत के बाद गाड़ी नही निकली तो वही रेत खदान से हाइवा मालिक को फोन किया मालिक ने कहा किसी से लिफ्ट लेकर आ जाओ हाईवा चालक छन्नू सोनी गाड़ी वही छोड कर बीते दो दिन से पैदल चल कर आ रहा था उसको न तो किसी ने अपनी गाड़ी में बिठाया न ही किसी से भी खाने पीने की मदद नहीं मिली दो दिन तक पैदल चलने के खरोरा केशला पेट्रोल पंप के पास तक पंहुच पाया था हाइवा ड्राइवर छन्नू सोनी ने बताया कि मालिक द्वारा किसी प्रकार का सहयोग किया गया व रास्ते मे लोग पानी तक देने के लिए तैयार नही थे मुझे कभी नही लगता था कि मेरा मालिक मेरे साथ ऐसा व्यवहार करेगा ।

## धारा 144 उल्लंघन करने पर युवक के खिलाफथाना डौंडी में मामला दर्ज

**डौंडी ।** श्रीमान पुलिस अधिक्षक जितेन्द्र सिंह मीना एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय डी आर पोर्ते जिला बालोद के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन मे श्रीमान कलेक्टर महोदय बालोद के द्वारा लगाये गये राज्य मे आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005के अंतर्गत धारा 144जा.फौ.उल्लंघन करने हेतु थाना डौंडी क्षेत्र अंतर्गत श्रीमान नगर पुलिस अधिक्षक महोदय राजहरा के नेतृत्व मे डौंडी थाना प्रभारी नवीन बोरकार ,ए एस आई आर के मांडलेश के साथ सलाहाईटोला मे 144 की धारा का उल्लंघन करने वाले युवक के खिलाफमामला दर्ज डौंडी थाना प्रभारी नवीन बोरकार ने बताया की , दिनांक 15 मई को विमल कुमार पिता चिमन लाल हल्बा उम्र 32 वर्ष सलहाईटोला मे कीसी साधन से बैंगलोर कर्नाटक से ग्राम सलहाईटोला थाना डौंडी जिला बालोद मे रात्री लगभग 8बजे बिना कीसी प्राधिकारी के संपर्क कीये पहुंच गया,जिसे रात्री 11 बजे मीडील स्कुल सलहाईटोला मे क्वरोनटाइन कीया गया था ,जो बिना कीसी को बताये अपने घर चला गया था।

# डौंडी क्षेत्र में कोरोना संक्रमित मिलने से कई गांव कंटेनमेंट जोन घोषित

#### पूरी टीम प्रयास में है

तहसील दार प्रतिमा ठाकरे ने कहा कि जिला कलेक्टर व अनुवुभागिय अधिकारी के निर्देशन पर हमारी पूरी टीम इस प्रयास में है कि हमारा क्षेत्र जल्द ही कोरोना से मुक्त हो इसके लिए सभी सरपंच ,सचिव व ग्रामीण जन की जिम्दारियों हैं कि बाहर राज्य से जो भी व्यक्ति आया हो उसे पूरे समय कोरन्टीन में रहने दे। किसी भी तरह की लापरवाही में सम्बंधित व्यक्ति पर कार्यवाही की जावेगी।

#### लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई

(फ़ोटो 003)थाना प्रभारी डोण्डी के प्रभार में आये नवीन बोरकर ने बताया कि थाना क्षेत्र में धारा 144 लागू है वही कोरन्टीन अवधि को बिना पूर्ण किये जो भी व्यक्ति पाया जाता है उस पर तत्काल अपराध कायम कर कार्यवाही की जा रही हैं वर्तमान में सलहाईटोला के विमल कुमार जो कि बाहर राज्य से आया था कोरन्टीन सेंटर से भाग गया उस पर जिला अधीक्षक के निर्देशन पर अपराध कायम कर धारा 188,269,270 ,51( बी) से कार्यवाही किया गया हैं।

**डोण्डी।** बालोद जिला कलेक्टर रानू साहू व पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा द्वारा पिछले दिनों कोरोना को लेकर बढ़ते संक्रमण पर लगाम लगाने पूरी चुनोतियाँ के साथ रात दिन मेहनत करते दिख रहे हैं बीते दिनों ब्लॉक मुख्यालय डोण्डी में वैश्विक कोरोना महामारी के संक्रमित मरीजों के बढ़ते आंकड़े से जिला व स्थानिय प्रशासन की चुनौती लगातार बढ़ती जा रही है। जैसे-जैसे संक्रमित मरीजों का आंकड़ा जिले में बढ़ रहा है वैसे-वैसे जिला प्रशासन संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए लोगों की पहचान कर उन्हें क्वॉरेंटाइन करने में लगी हुई है तथा प्रतिदिन क्वॉरेंटाइन हुए लोगों के सैंपल भी जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। वहीं संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए लोगों की पहचान करने के साथ-साथ उस इलाके को भी कंटेंटमेंट जोन घोषित करते हुए पूरी तरह सील किया जा रहा है। दल्ली राजहरा नगर पालिका व चिखलकसा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड ब्लॉक डोण्डी के संक्रमित गांव डोण्डी थाना क्षेत्र के कुछ गांव को पहले ही कंटेनमेंट जोन घोषित किया जा चुका है। इसी क्रम में सोमवार को जिला प्रशासन ने संक्रमित क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित करते हुए पूरी तरह सील कर तीन शिफ्टों में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। वही स्थानीय प्रशासन को हर विषम परिस्थितियों के लिए हाई अलर्ट पर रखा गया है साथ हीं सभी कंटेनमेंट जोन को संक्रमण मुक्त रखने के लिए लगातार सेनेटाइज किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कंटेनमेंट जोन में आपदा राहत कार्य में जुटे कर्मचारीयों, पदाधिकारियों एवं चिकित्सीय दलों को छोड़कर किसी भी तरह के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है तथा प्रशासन ने लोगों के दैनिक आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु दुकानों को चिन्हित कर लोगों को होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध करा रही है। वहीं प्रशासन लॉकडाउन में लोगों को अपने-अपने घरों में रहने, चोरी छुपे बाहर से आए लोगों के बारे में जानकारी देने एवं परिवार व आसपास के सर्दी, खांसी, बुखार आदि से पीड़ित व्यक्तियों के संबंध में निर्भीक होकर जानकारी देने की लगातार अपील कर रहा है। जिससे संक्रमण के फैलाव पर अंकुश लगाया जा सके।

प्रशासन द्वारा लगातार लोगो को अलर्ट रहने के साथ सोशल डिस्टेंडिंग व मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करे। जिला अधिकारियों के निर्देशन पर ब्लॉक का पूरा तंत्र पूरे एक्टिविटी से कोरोना के नियंत्रण में लगा हुआ है।

न्यूज गैलरी

## सुजूकी मोटरसाइकल इंडिया ने हरियाणा में उत्पादन संयंत्र दोबारा शुरू किया

**नई दिल्ली/गुरूग्राम (वार्ता)।** दोपहिया वाहन बनाने वाली सुजूकी मोटरसाइकल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने केन्द्र सरकार द्वारा निर्देशित सुरक्षा के सख्?त नियमों और सामाजिक दूरी की दिशा निर्देशों को लागू करते हुए सोमवार से हरियाणा के गुरूग्राम स्थित खेड़की दौला में अपने उत्पादन संयंत्र को दोबारा शुरू कर दिया। सुजूकी मोटरसाइकल इंडिया प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक कोइचिरो हिराओ ने कहा, ''सुजूकी मोटरसाइकल इंडिया ने अपने संयंत्र का काम शुरू कर दिया है। ऐसे में हमारे लिए अपने कर्मचारियों की सुरक्षा और सेहत का ध्?यान रखना सबसे महत्?वपूर्ण है क्योंकि हम कोविड-19 के विरूद्ध लड़ाई जारी रखेंगे। इसे देखते हुए, एसएमआईपीएल सीमित कार्यबल के साथ परिचालन को दोबारा शुरू किया है और सरकार के निर्देश के अनुसार धीरे-धीरे उत्पादन के पूर्ण चक्र में आएगा। श्री हिराओ ने कहा कि सुजूकी मोटरसाइकल इंडिया ने अपने सभी कर्मचारियों के लिये विस्तृत गाइडलाइंस तय की हैं।

## रुपया 33 पैसे लुढ़का

**मुंबई (वार्ता)।** घरेलू शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट के दबाव में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को 33 पैसे लुढ़ककर 75.91 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। भारतीय मुद्रा तीन दिन में 45 पैसे टूट चुकी है। पिछले कारोबारी दिवस यह दो पैसे की गिरावट में 75.58 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपये पर आज आरंभ से ही दबाव रहा। यह 27 पैसे की गिरावट में 75.85 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और पूरे दिन 75.84 रुपये प्रति डॉलर से 75 96 रुपये प्रति डॉलर के सीमित दायरे में रहा। आखिरकर गत दिवस की तुलना में 33 पैसे लुढ़ककर 75.91 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में करीब तीन प्रतिशत की गिरावट से रुपया दबाव में रहा।

## निसान मोटर ने पेश की 'किक्स', कीमत 9.49 लाख रुपये से शुरू

**मुंबई।** निसान मोटर ने सोमवार को एसयूवी 'किक्स' को भारतीय बाजार में पेश किया। इसकी शोरूम कीमत 9.49 लाख रुपये से शुरू होती है। कंपनी ने इसे मैनुअल और ऑटोमेटिक दोनों तरह के ट्रांसमिशन विकल्प में उतारा है। कंपनी ने इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी है। निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक राकेश श्रीवास्तव ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''अपने मॉडलों को बीएस-6 अनुरूप बनाने के क्रम में ही हमने नयी निसान किक्स 2020 पेश की है। इसका टर्बो इंजन इस श्रेणी में उपलब्ध कारों के बीच सबसे ज्यादा शक्ति पैदा करता है।

# एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस जैक मा ने जापान के सॉफ्टबैंक के बोर्ड से दिया इस्तीफा

**टोक्यो।** चीनी अरबपति जैक मा ने जापान के सॉफ्टबैंक ग्रुप कॉरपोरेशन के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा है कि जापानी टेक्नालॉजी कंपनी के ऑफिस साझेदारी उद्यम वीवर्क जैसे जोखिमपूर्ण निवेश को लेकर संघर्षपूर्ण स्थितियों के कारण मा ने इस्तीफा दिया। टोक्यो स्थित सॉफ्टबैंक ने वित्तीय परिणामों को जारी करने से पहले सोमवार को जैक मा के इस्तीफे की घोषणा की। हालांकि, कंपनी ने उनके इस्तीफे की वजह नहीं बताई।

चीन की प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा के सह-संस्थापक मा ने हाल में कोरोना वायरस महामारी के खिलाफलड़ाई में मदद के लिए मास्क और परीक्षण किट दान देने जैसे कई परोपकार के कार्य किए हैं। सॉफ्टबैंक ने बोर्ड में तीन नए सदस्यों की घोषणा की, जिनमें सॉफ्टबैंक के मुख्य वित्तीय अधिकारी योशिमित्सु गोटो और वासेदा विश्वविद्यालय के प्राध्यापक युको क्वामोटो शामिल हैं। सॉफ्टबैंक ने अलीबाबा में काफी निवेश किया है। मा 2007 में सॉफ्टबैंक के बोर्ड में शामिल हुए थे और सॉफ्टबैंक के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी मासायोशी सोन के साथ उनके करीबी संबंध हैं।

कोरोना वायरस महामारी के चलते चालू वर्ष की पहली तिमाही के दौरान जापान की अर्थव्यवस्था मंदी की गिरफ्त में आ गई। इस दौरान वहां उत्पादन, निर्यात और खर्च में कमी देखने को मिली और आशंका जताई जा रही है कि आने वाला समय अधिक खराब हो सकता है। जापान के कैबिनेट ऑफिस ने सोमवार को बताया कि जनवरी-मार्च अवधि के दौरान समायोजित वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद या जीडीपी की वार्षिक वृद्धि दर 3.4 प्रतिशत घट गई है। वार्षिक वृद्धि से पता चलता है कि अगले एक साल के दौरान वृद्धि दर क्या होगी। सिर्फ एक तिमाही के लिए ये गिरावट 0.9 प्रतिशत रही।

इस दौरान निर्यात में 21.8 प्रतिशत की कमी आई। निजी आवासीय निवेश लगभग 17 प्रतिशत फिसल गया और घरेलू उपभोग 3.1 प्रतिशत गिर गया। विश्लेषकों का कहना है कि हालात के बदतर होने की आशंका है, क्योंकि विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ी चुनौती से जूझ रही है।

**कोरोना वायरस महामारी के चलते चालू वर्ष की पहली तिमाही के दौरान जापान की अर्थव्यवस्था मंदी की गिरफ्त में आ गई। इस दौरान वहां उत्पादन, निर्यात और खर्च में कमी देखने को मिली और आशंका जताई जा रही है कि आने वाला समय अधिक खराब हो सकता है। जापान के कैबिनेट ऑफिस ने सोमवार को बताया कि जनवरी-मार्च अवधि के दौरान समायोजित वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद या जीडीपी की वार्षिक वृद्धि दर 3.4 प्रतिशत घट गई है।**

# पुनर्विचार करे सरकार, कई वर्गों को बेसहारा छोड़ दिया गया-चिदंबरम

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 20 लाख करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम निराश हैं। उन्होंने कहा कि हम इस पैकेज पर निराशा व्यक्त करते हैं, सरकार से प्रोत्साहन पैकेज पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हैं। चिदंबरम ने कहा कि हम इस बात पर गहरा खेद व्यक्त करते हैं कि राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेज में कई वर्गों को बेसहारा छोड़ दिया गया है। बता दें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार पांच तक दिन कई इस 20 लाख करोड़ के पैकेज के तहत कई अहम घोषणाएं कीं। केंद्र की इस आर्थिक पैकेज को कांग्रेस ने पहले ही धोखा करार दिया है।

### सरकार अवसरवादी हो रही है

वहीं अब पी चिदंबरम ने इसकी आलोचना करते हुए कहा कि राजकोषीय प्रोत्साहन जीडीपी के 0.91त्न की राशि 1,86,650 करोड़ रुपये है। आर्थिक संकट की गंभीरता को देखते हुए यह पूरी तरह से अपर्याप्त है। सरकार जीडीपी के 10त्न के बराबर वास्तविक अतिरिक्त व्यय के 10 लाख रुपये से कम नहीं के व्यापक राजकोषीय प्रोत्साहन की घोषणा करे। सुधारों को आगे बढ़ाते हुए सरकार अवसरवादी हो रही है, यह संसद में चर्चा को दरकिनार कर रही है और इसका विरोध किया जाएगा। वहीं सरकार को सुझाव देते हुए चिदंबरम ने कहा कि केंद्र सरकार अधिक उधार ले और अर्थव्यवस्था को एक प्रोत्साहन देने के लिए अधिक खर्च करे।

### बजट का हिस्सा हैं आर्थिक पैकेज की कई घोषणाएं

उन्होंने वीडियो लिंक के माध्यम से संवाददाताओं से कहा, ''हमने वित्त मंत्री की ओर से घोषित पैकेज का पूरे ध्यान से विश्लेषण किया। हमने अर्थशास्त्रियों से बात की। हमारा यह मानना है कि इसमें सिर्फ 1,86,650 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज है। चिदंबरम के मुताबिक आर्थिक पैकेज की कई घोषणाएं बजट का हिस्सा हैं और कई घोषणाएं कर्ज देने की व्यवस्था का हिस्सा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के आर्थिक पैकेज से 13 करोड़ कमजोर परिवार, किसान, मजदूर और बेरोजगार हो चुके लोग असहाय छूट गए हैं।

### गरीबों, मजदूरों, किसानों और मध्य वर्ग के लोगों को सिर्फ निराशा

पूर्व वित्त मंत्री ने सरकार से आग्रह किया, '' सरकार आर्थिक पैकेज पर पुनर्विचार करे, समग्र वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा करे जो जीडीपी का 10 फीसदी हो। यह 10 लाख करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज होना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री के पांच दिनों के 'धारावाहिक से देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और मध्य वर्ग के लोगों को सिर्फ निराशा हाथ लगी है। उन्होंने कहा, ''यह जुमला पैकेज है। वित्त मंत्री ने जो पांच दिनों तक धारावाहिक दिखाया है उससे साबित होता है कि इस सरकार को गरीबों की

### घोषित पैकेज सिर्फ 3.22 लाख करोड़ रुपए का

**बता दें कांग्रेस पार्टी का दावा है कि सरकार की तरफसे घोषित पैकेज सिर्फ 3.22 लाख करोड़ रुपए का है। यह जीडीपी का महज 1.6 फीसदी है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीस लाख करोड़ रुपए का ऐलान किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तरफ से आर्थिक पैकेज की आखिरी किस्त के ऐलान के बाद मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने वित्त मंत्री के दावों पर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि आंकड़ों के मामले में मुझे गलत साबित करके दिखाए। इसके लिए मैं वित्त मंत्री से बहस के लिए तैयार हूं। मनरेगा के आवंटन में 40 हजार करोड़ रुपए बढ़ोतरी की घोषणा का स्वागत करते हुए आनंद शर्मा ने मनरेगा की दिहाड़ी तीन सौ रुपए करने और 150 दिन का काम देने की मांग की। लॉकडाउन से लोगों को होने वाली परेशानियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के जनधन खातों ने 500 रुपए डाले हैं।**

# ईपीएफओ द्वारा लॉकडाउन के दौरान अंशदान जमा करने में हुए विलंब के लिए हर्जाना वसूली से राहत

**रायपुर।** कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा घोषित लंबे समय के लॉकडाउन और इस भीषण महामारी के कारण उत्पन्न अन्य व्यवधानों के कारण कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से संबद्ध संस्थान भी प्रभावित हुए हैं और उनके सामान्य रुप से कार्य करने तथा सांविधिक अंशदानों के समय पर भुगतान करने में कई दिक्कतें आई हैं।

लॉकडाउन के दौरान किसी भी अवधि के लिए अंशदान एवं संबद्ध शुल्कों को जमा करने में संस्थानों के समक्ष आई कठिनाई को ध्यान में रखते हुए ईपीएफओ ने फैसला किया है कि परिचालन या आर्थिक कारणों से होने वाली देरी को अधिनियम के अनुपालन में जानबूझ कर की गई चूक नहीं माना जाएगा और इस तरह के विलंब के लिए कोई दंडात्मक हर्जाना स्वतः लागू नहीं होगा। यह घोषणा ईपीएफओ की वेबसाईट के होम पेज पर कोविड-19 टैब के अंतर्गत उपलब्ध है। यहां यह उल्लेखनीय है कि हाल में ही ईपीएफओ नें मासिक रिटर्न को फाइल करने की प्रक्रिया से अंशदान भुगतान की प्रक्रिया को अप्रैल 2020 से अलग कर दिया है। जिससे अनुपालन की प्रक्रिया के समय वित्तीय संकट से जूझ रहे संस्थानों एवं कर्मचारियों को अपेक्षित मदद मिलने लगा है।

उपरोक्त पहल से, पूरे देश में लगभग 6.5 लाख संस्थान एवं छत्तीसगढ में लगभग 20.5 हजार संस्थान लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि इस लॉकडाउन के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा कोविड-19 विशेष अग्रिम दावों को मिला कर लगभग 26000 दावों का निपटान किया गया जिसके अंतर्गत लाभार्थियों/ सदस्यों को कुल रू. 82 करोड़ की भविष्य निधि राशि का भुगातान भी किया जा चुका है। भविष्य निधि कार्यालय, रायपुर से प्राप्त सूचना के अनुसार पीएमजीकेवाई के अंतर्गत पात्र 5000 संस्थानों के कर्मचारियों से संबंधित पूरे 24% भविष्य निधि अंशदान(12% कर्मचारी व 12त्न नियोक्ता अंश) जो कि भारत सरकार द्वारा मार्च 2020 से 03 महीने तक वहन किया जाना था उसे अब 03 महीनें और बढ़ाकर अर्थात अगस्त 2020 तक वहन किया जाएगा।

कारोबार | सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक के शेयर 10 फीसदी से टूट गये

# सेंसेक्स 1069 अंक लुढ़का, निफ्टी 313.60 अंक नीचे

**मुंबई (वार्ता)।** 'आत्मनिर्भर भारत पैकेज' से निराश निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से आज बीएसई का सेंसेक्स 1068.75 अंक यानी 3.44 प्रतिशत का गोता लगाते हुये करीब छह सप्ताह के निचले स्तर 30,028.98 अंक पर बंद हुआ।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) शुद्ध रूप से बिकवाल रहे। साथ ही कोरोना वायरस के नये मामलों में तेजी आने से घरेलू निवेशकों की धारणा भी कमजोर हुई है। आईटी और टेक को छोड़कर अन्य सभी समूह दबाव में रहे। बैंकिंग तथा वित्तीय क्षेत्र पर सबसे अधिक दबाव रहा। बीएसई में इनके सूचकांक छह फीसदी से अधिक टूटे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 313.60 अंक अर्थात 3.43 फीसदी लुढ़ककर

8,823.25 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 08 अप्रैल के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियाँ भी दबाव में रहीं। बीएसई का मिडकैप 3.87 प्रतिशत की गिरावट में 11,055.17 अंक पर और स्मॉलकैप 2.92 फीसदी फिसलकर 10,376.31 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक के शेयर 10 फीसदी से टूट गये। एचडीएफसी, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज ऑटो, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस में सात से आठ प्रतिशत तक की गिरावट रही। टीसीएस के शेयर ढाई प्रतिशत चढ़े।

पिछले सप्ताह 31,097.73 अंक पर बंद होने वाला सेंसेक्स एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के दम पर 150.53 अंक की बढ़त में 31,248.26 अंक पर खुला, लेकिन खुलते ही लाल निशान में चला गया। कुछ ही देर में यह 800 अंक से अधिक टूट गया और फिर पूरे दिन उबर नहीं सका। बिकवाली का दबाव बढ़ने पर दोपहर बाद यह 30 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 29,968.45 अंक तक लुढ़क गया था। अंत में गत दिवस की तुलना में 3.44 फीसदी की गिरावट में 30,028.98 अंक पर बंद हुआ। यह 21 अप्रैल के बाद की सबसे बड़ी गिरावट है। बीएसई में कुल 2,479 कंपनियों के शेयरों में कारेबार हुआ। इनमें 569 में लिवाली और 1,743 में बिकवाली का जोर रहा जबकि शेष 167 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुये।

निफ्टी भी 21.45 अंक की तेजी के साथ 9,158.30 अंक पर खुलने के बाद गिरावट में चला गया। बीच कारोबार में 8,806.75 अंक के न्यूनतम स्तर से होता हुआ अंततः 3.43 प्रतिशत लुढ़ककर 8,823.25 अंक पर बंद हुआ। यह 01 अप्रैल के बाद की इसकी सबसे बड़ी गिरावट है। निफ्टी की 50 कंपनियों में से मात्र छह के शेयर हरे निशान में रहे जबकि शेष 44 में गिरावट रही। अधिकतर विदेशी बाजार बढ़त में रहे।

# एयरटेल ने लॉंच किया वर्क@होम- व्यवसायों के लिए भारत का पहला उद्दयम श्रेणी का वर्क फ्रोम होम समाधान

**नई दिल्ली।** लाखों पेशेवर भारतीयों के लिए घर से काम करना आज के समय की हकीकत बन चुका है, एयरटेल बिज़नस- भारती एयरटेल के बी2बी अंग ने आज उद्यमियों के लिए वर्कञ्चहोम समाधान लॉंच किया।

एयरटेल वर्क @ होम भारत का पहला उद्यम श्रेणी समाधान है जो कर्मचारियों को घर से कुशल और सुरक्षित तरीके से काम करने में मदद करने हेतु डिज़ाइन किया गया है। भारतीय नियामक मानदंडों के अनुरूप तैयार किया गया यह समाधान कनेक्टिविटी के कई विकल्प प्रदान करता है। वायर और वायरलेस, सहकार्यता समाधान उपकरण और सुरक्षा समाधानों से लैस यह सेवा उद्यमों को एक सीमारहित खुले कार्यक्षेत्र वाले विश्व को अंगीकार करने में सहयोग प्रदान करेगा।

अजय चितकारा, निदेशक एवं सीईओ- एयरटेल बिज़नस ने कहाः ये अभूतपूर्व काल है, व्यवसाय बदलते वातावरण के अनुरूप नए काम करने के तरीकों को अपना रहे हैं। कर्मचारियों के एक बड़े वर्ग के लिए घर से काम करना एक नई सच्चाई बनने वाला है। एयरटेल वर्कञ्चहोम जो बी2बी ग्राहकों को अपने कर्मचारियों को सबसे बेहतर कनेक्टिविटी और डिजिटल साधनों से सशक्त करने वाला एक नया इनोवेशन है जो व्यवसायों को निरंतरता बनाए रखने में मदद करेगा।

## आज का भविष्यफल

**मेषः** मेष राशि के जातक अपने सहयोगियों को पीछे छोड़ते हुए उच्चाधिकारियों से प्रशंसा पाने में कामयाब होंगे। धन प्राप्ति के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत नहीं है।

**वृषभः** वृषभ राशि के जातकों का यह समय कार्यक्षेत्र में सुख सुविधाओं के साथ साथ नए अनुबंध दिलाने वाला भी है। पार्टनर से कुछ विवाद हो सकता है। इस समय फालतू वाद-विवाद से बचना अच्छा है। धन प्राप्ति की अच्छी संभावनाएं हैं।

**मिथुनः** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय कठिन शोध का है। इस समय सारा ध्यान काम पर रहेगा और परेशानियों से बाहर आने के लिए किए हुए प्रयास सार्थक भी होंगे।

**कर्कः** कर्क राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में मेहनत बहुत करनी पड़ेगी। फिर भी कार्य से संतुष्टि नहीं मिलेगी। अपने आप को नकारात्मक विचारों से बचाना जरूरी है। धन प्राप्ति के सभी प्रयास सफल होंगे भाग्य का सहयोग भी पूरा मिलेगा।

**सिंहः** सिंह राशि के जातक को काम से रिलेटेड शोध करने की बहुत जरूरत है। ताकि वो अपने काम को और बेहतरीन ढंग से कर सकें इस समय बहुत से मौके उनकी राह में है अतः चुनाव करते समय सावधानी बरतें।

**कन्याः** कन्या राशि के जातकों के काम बनते बनते रुक जाएंगे। आज का दिन सब कुछ भूलकर अगले सप्ताह के लिए ऊर्जा एकत्रित करने का दिन है। धन प्राप्ति में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुलाः** तुला राशि के जातकों को आज प्रैक्टिकल होकर काम करना है। बहुत मेहनत के बाद भी अपेक्षित लाभ नहीं होने की वजह से मानसिक तनाव हो सकता है।

**वृश्चिकः** वृश्चिक राशि के जातकों को विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। विरोधी ताकतवर रहेंगे। अतः आप अपने काम पर ध्यान दें।

**धनुः** धनु राशि के जातकों के लिए वक्री ग्रह आत्ममंथन व पुरानी गलतियों को ठीक करने की ओर इशारा कर रहे हैं।

**मकरः** मकर राशि के जातकों को आज अपने किए हुए कामों की समीक्षा का दिन है। कहां गलती हुई कैसे चीजों को और बेहतर बनाया जा सकता था इस पर पुनर्विचार करें।

**कुंभः** कुंभ राशि के जातकों को आज आराम को त्याग कर काम के लिए नई योजनाएं बनाने और उससे संबंधित जरूरी सामान को एकत्रित करने का दिन है।

**मीनः** मीन राशि के जातकों को आज बहुत ज्यादा सोच विचार से बचना चाहिए। अपने आपको रिलैक्स रखने का प्रयास करें। समय की धारा के अनुरूप अपने आप को ढाल लें। अपेक्षा अनुरूप धन प्राप्ति के योग नहीं हैं। खर्च परेशान कर सकते हैं।

## सू- दोकू क्र.026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य -026

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव फिराव वाला, आड़ा तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 15. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | बा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## कोरोना से निपटने की बजाए दलगत राजनीति में उलझे हुए हैं सांसद

# महामारी पर पार्टी क्रेडिट के लिए छिड़ी महाभारत

*नवप्रदेश संवादाता*

**रायपुर।** सियासत है ही ऐसी चीज...विपक्ष में हैं तो बेहतरीन कोशिशें भी बदतरीन नजर आती हैं। टांग खींचना, कमियां गिनाना और फिर चीख-चीखकर सीधा हमला करना ही छत्तीसगढ़ की सियासत बन गई है। यह दस्तूर वैश्विक महामारी के वक्त भी बरकरार है। कोरोना के खिलाफ जंग करने का सियासी ऐलान अब पार्टीगत हो गया है। लॉकडाउन से राज्यों की अर्थव्यवस्था की कमर टूटने के बाद मदद के लिए सांसदों का राज्य सरकार का साथ देने की बजाए कमियों का बखान और अपनी पार्टी की तारीफों के पूल बांधने का यह रिवाज छत्तीसगढ़ के सांसदों ने भी जारी रखा है। राज्य और केंद्री की नीतियों में कमियां गिनाने वाले दलगत राजनीति में इतने उलझ गए हैं कि गरीब, मजदूर और छोटे धंधे वालों की दिक्कतों को भूल से गए हैं। सांसदों ने कोरोना संक्रमण से लड़ने के लिए संसद से लेकर अपने संसदीय क्षेत्र में कितने झंडे गाड़े यह बताने की बजाए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार पर ही आक्रमकता बनाए रखे। नवप्रदेश के सीधा सा सवाल था कोरोना से जंग में आप की भूमिका कैसे अदा कर रहे हैं? भाजपा सांसदों के जवाब से लगा सब केंद्र ने किया राज्य सरकार हालात से निपटने में फेल रही।

### वेतन, सांसद निधि देकर कर रहे राज्य सरकार से सवाल

### केंद्र से 60 करोड़ मिला फिर भी कोस रहे

राज्य सरकार की नियत केंद्र के पैसों में गड़ी है। सांसद निधि को लेकर पहले भ्रम फैलाकर बदनाम करने में जुटे रहे। फिर कोरोना की चिंता करने के बदले वित्तीय संसाधनों का रोना रो रही है। मीडिया को राज्य सरकार से सवाल करना चाहिए कि उनकी क्या भूमिका रही। दिन-रात केंद्र से राशि देने की रट लगाकर मौके का फायदा उठाने की कोशिशों के अलावा भूपेश सरकार ने और कुछ नहीं किया है। राज्य के क्वारंटिन सेंटर से लेकर अस्पताल में बनाए वार्ड और सीएम केयर फंड का पैसा कहां खर्च किया यह बताने की बजाए पीएम फंड की चिंता उन्हें सता रही है। एक भी मरीज राज्य सरकार के वार्ड व इलाज से नहीं एम्स में भी भर्ती करवाए जा रहे हैं। फिर चाहे वो बिलासपुर, कोरबा, या राज्य के अन्य जिलों से पॉजिटिव मिले सभी एम्स क्यों ला रहे हैं। भाजपा सांसद के नाते मैं मास्क, भोजन वितरण में सहयोग करने के अलावा सांसद निधि व वेतन तक दिया हूं। प्रदेश सरकार अब यह स्पष्ट करें कि मुख्यमंत्री सहायता कोष में संगृहीत राशि का इस वैश्विक संकट से निपटने में कितना इस्तेमाल हुआ है? सरकार विधायक निधि की जमा राशि का भी पूरा ब्यौरा दें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में से 55.62 करोड़, एसईसीएल से 21 करोड़, और केंद्र सरकार के आपदा प्रबंधन कोष से 60 करोड़ रुपए मिलने के बाद भी केंद्र सरकार को कोसने में लगे हैं।

**सुनील सोनी- सांसद रायपुर**

### जंग में केंद्र साथ दे रहा, राज्य नहीं

सांसद विजय बघेल का कहना है कि केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ के सभी भाजपा सांसदों ने कोरोना के खिलाफ जंग में हर तरह का योगदान दिया है। लेकिन राज्य की भूपेश सरकार का इस जंग में पूरा साथ नहीं मिल रहा। बार-बार वे केंद्र से पैसे मांगकर राज्य को आश्रित बताने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि कोरोना से लड़ने के लिए केंद्र से पर्याप्त मदद मिल रही है। लेकिन उन्हें पैसे चाहिए। मजदूरों को बस, गरीबों को भोजन की व्यवस्था बाहर से आने वालों के लिए पर्याप्त संसाधन तक उपलब्ध नहीं करवा पा रही है राज्य सरकार। प्रदेश के अन्य राज्यों में फंसे हजारों मजदूरों में से कुछ सौ को ही लाकर भूपेश बघेल अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। हर कार्यक्षेत्र में राज्य की कांग्रेस सरकार और सीएम का फेल्युवर दिखने लगा है। अभी भी बाहर कई हमारे प्रदेश के लोग फंसे हुए हैं उन्हें लाने के लिए ठोस कदम उठाए सरकार।

**विजय बघेल-सांसद दुर्ग**

### राज्य सरकार ने सिवाय केंद्र से मांगने के अलावा कुछ नहीं किया

केंद्र की मोदी सरकार ने बहुआयामी और प्रेरणादायी कई फैसले इस वैश्विक महामारी में लिए हैं। लेकिन कई ऐसे राज्य हैं जहां सारी मेहनत पर पानी फेर दिया गया है। मेरा योगदान अपने राज्य के लिए हर तरह से देने के लिए हम वचनबध्द है। बात यहां

राज्य सरकार की भूमिका की है। मैंने तो 30 प्रतिशत राशि के साथ हम सभी सांसदों ने 2 साल तक सांसद निधि समाप्त किए जाने के लिए भी रजमांदी दे चुके हैं। राज्य सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बताएं कि उनके दल के विधायक व मंत्रियों ने क्या योगदान दिया उसे वे जनता के समक्ष प्रस्तुत करें। राज्य सरकार ने सिवाय केंद्र से मांगने के अलावा कुछ नहीं किया है। मिला उसे कहां खर्च किया और जो मिलेगा वह कहां व्यय होगा यह प्लान ही नहीं है। कोरोना जंग में केंद्रीय स्तर पर लिए गए निर्णय की भांति सीएम भूपेश अपने विधायकों की निधि का समुचित व कारगर उपयोग कोरोना की जंग में करने का उचित निर्णय क्यों नहीं लेते।

**रामविचार नेताम- सांसद राज्यसभा**

# फर्जीवाड़ा करने वाला पालिका इंजीनियर सस्पेंड

**डोंगरगढ़ (नव प्रदेश)।** नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ में पदस्थ इंजीनियर रितेश स्थापक को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सस्पेंड कर दिया है,करोना वायरस के चलते नगरपालिका परिषद में ख़रीदे गये सेनेटाइज मशीन एवं लिक्विड खरीदी में तत्कालीन सीएमओ पूजा पिल्ले एवं इंजीनियर ने फर्जीवाड़ा किया था । दोनों ने मिलकर 12 हजार की तीन मशीनों का बिल 69000 रूपये का फर्जी बिल लगाया था । कोरोना जैसे भयंकर महामारी से जनता को बचाने के नाम पर स्पेयर मशीन खरीदी में हूए घोटाले के मामले में तत्कालीन इंजीनियर रितेश कुमार को दोषी पाया गया है । मामले की जांच के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है संचानालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक 15 मई को आदेश को जारी किया कर मशीन खरीदी में अनियमितता के लिए इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया ।निलंबन की अवधि में मुख्यालय कार्यलय सँयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवम विकास क्षेत्रीय कार्यलय दुर्ग रहेगा। इसी प्रकरण में तत्कालीन सीएमओ पूजा पिल्ले पर भी कार्यवाही होना बाकी है । चूंकि पूजा पिल्ले राजपत्रित अधिकारी है उन पर मंत्रालय स्तर से कार्यवही होना बाकी है

बता दे कि पुरे मामले की संज्ञान में आते ही वर्तमान सीएमओ ने मामले की जाँच कर दोनों अधिकारी को दोषी पाया था तथा दोनों पर कार्रवाई के लिये उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी थी,चूँकि तत्कालीन पूजा पिल्ले राजपत्रित अधिकारी है उस पर कार्रवाई शासन के आदेशानुसार मंत्रालय से होगी।

# प्रदेश की सीमा पहुंचते ही मिला सुकून

## नि:शुल्क बस की सुविधा से मजदूरों की हुई थकान दूर

*नव प्रदेश संवाददाता*

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की सीमा में आते ही हमें अपने घर जैसा सुकून मिला। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार द्वारा की गई नि:शुल्क बस की सुविधा ने हमारे थकान को दूर कर दिया। इसके साथ ही खाने-पीने की सुविधा भी मिली। यह कहना है गतौरा निवासी श्रमिक उपेन्द्र पाण्डेय का। वे अपने पांच सदस्यीय परिवार सहित 22 साथियों के साथ चंद्रपुर महाराष्ट्र से आ रहे थे। उपेन्द्र पाण्डेय अपने साथियों के साथ ईंट भट्ठा में काम करने चंद्रपुर महाराष्ट्र गए थे। कोरोना वायरस से बचाव के लिये जारी लॉकडाउन के कारण वे वहां फंस गए थे। लॉकडाउन के कारण आवागमन की सुविधा बंद होने से वे चाहकर भी अपना घर नहीं आ पा रहे थे। वहां उनका काम धंधा भी बंद हो गया था। इससे रोजी-रोटी की समस्या होने लगी। वहां से वे किसी तरह एक हाईवा (ट्रक) में बैठकर छत्तीसगढ़ की सीमा तक आए। सीमा तक छोड़ने के लिये हाईवा (ट्रक) ने प्रत्येक व्यक्ति से 700 रूपये किराया लिया। उनका कहना है कि ट्रक से उतरने के बाद हमें इस बात की चिंता हो रही थी कि अपने छोटे-छोटे

बच्चों के साथ आगे की रास्ता कैसे तय करेंगे। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सीमा में नि:शुल्क बस की व्यवस्था की गई है। इससे हमें राहत की सांस मिली। इसके साथ ही उन्हें खाने-पीने की सुविधा भी मिली। श्री उपेन्द्र ने कहा कि बाहर से आने के बाद भी उनका ध्यान रखा गया और नि:शुल्क बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके लिये वे सभी ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को धन्यवाद दिये हैं। इसी तरह चांटीपाली जांजगीर निवासी जागेश्वर साहू अपने तीन साथियों के साथ काम की तलाश में हैदराबाद गए थे। वे भी लॉकडाउन के कारण वहां फंसे हुए थे। छत्तीसगढ़ सीमा तक किसी तर पहुंचने के बाद उन्हें छत्तीसगढ़ में सफर करने के लिये दिक्कत नहीं हुई। वे बस में बैठकर भोजपुरी टोलनाका बिलासपुर पहुंचे थे। उन्हें बस का किराया भी देना नहीं पड़ा।

# दंतैल हाथी गणेश को नियंत्रित करने महावत कुमकी हाथियों के साथ पहुंचे कुदमुरा

*नव प्रदेश संवाददाता*

**कोरबा।** कोरबा क्षेत्र में आतंक का पर्याय बने जंगली हाथी गणेश को लेकर वन विभाग नई मुसीबत में है।मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हिंसक दंतैल गणेश पर दो साल से लगातार निगाह रखने के बाद भी कोई हल नहीं निकल पा रहा है। वर्तमान में गणेश कई दिनों से कुदमुरा रेंज में डेरा जमाए हुए है। गणेश को कॉलर आईडी पहनाने सरगुजा से कुमकी हाथी को कुदमरा लाया गया है।

कोरबा एवं रायगढ़ जिले में दहशत का पर्याय बने उत्पाती दंतैल गणेश को काबू करने के लिए वन विभाग द्वारा आज से ऑपरेशन गणेश-2 की तैयारी की गई है, इसके लिए अंबिकापुर जिले के रमकोला रेस्क्यू सेंटर से तीन प्रशिक्षित कुमकी हाथियों तीरथराम, राजू व दुर्योधन को मंगाया गया है। जिसे लेकर महावत रविवार की रात 9 बजे कोरबा वनमंडल के

कुदमुरा परिक्षेत्र मुख्यालय पहुंचे। कुमकी हाथियों के पहुंचने के बाद वाइल्ड लाइफ की टीम भी यहां पहुंच गई है जो खतरनाक दंतैल गणेश का पता लगाने में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार गणेश का पता चलते ही विभाग द्वारा ऑपरेशन गणेश-2 अभियान चलाया जाएगा और उसके गले में रेडियो कॉलर लगाई जाएगी। इस दौरान कुमकी हाथियों को उसे नियंत्रित करने के लिए मैदान में उतारा जाएगा। फिलहाल कुमकी हाथियों को कुदमुरा रेस्ट हाउस में बनाए गए अस्थायी रेस्क्यू सेंटर में रखा गया है। जिसके सहारे गणेश को नियंत्रित करने के लिए कार्यवाही की जाएगी और उसे ट्रैक्यूलाइज करने के साथ ही उसके गले पर रेडियो कॉलर आईडी लगाया जाएगा। इस बीच 28 हाथियों का दल यहां के जंगल में विचरण कर रहा है। इस दल ने बीती रात तौलीपाली में उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के बाड़ी में लगे केला, आम एवं सब्जी के पौधों को तहस-नहस कर दिया।

# जिले में मिला पहला कोरोना पॉजीटीव, देर रात नव बजे प्रशासन ने किया रायपुर रिफर

*नव प्रदेश संवाददाता*

**गरियाबंद।** जिले में पहला कोरोना पॉजीटीव रविवार शाम राजिम में मिला है। जिसे देर रात 9:30 बजे रायपुर एम्स रिफर किया गया है। इसके बाद से पूरे राजिम को लाकडाउन कर दिया गया है। स्वास्थ्य सेवाओ के अलावा पेट्रोल पम्प और मेडिकल दुकान छोड़ सभी सेवाए बंद कर दी गई है। इसका असर नदी पार रायपुर जिले में आने वाले नवापारा में भी देखने को मिल रहा है यहां आवश्यकत सेवाओ को छोड़कर पूरा नवापारा पूर्णत बंद है। बिती रात से राजिम व नवापारा को सेनिटाइज करने का कार्य जारी है।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नेतराम नवरत्ने ने बताया कि जिले में पहला कोरोना पाजीटीव राजिम वार्ड क्रमांक एक निवासी एक छात्रा है। जो कोटा में रहकर पढ़ाई कर रही थी। हाल में ही पांच मई को वापस राजिम आई थी। हालाकि इसके पहले उसे कवर्धा में क्वारेटाईन में रखा गया था जहां से उसे सात दिन बाद ही राजिम भेज दिया गया था। देर शाम एम्स रायपुर ने छात्रा को कोरोना पाजीटीव होने की जानकारी दी जिसके बाद जिला प्रशासन की टीम ने सुरक्षात्मक तरीके से छात्रा को रायपुर रवाना किया। डॉ नेतराम नवरत्ने ने बताया कि रायपुर भेजने से पहले स्वास्थ्य विभाग की कांटेक्ट टेअेसिंग टीम व सम्पर्क ट्रेसिंग टीम ने छात्रा से पुछताछ की इसके अलावा परिजनो से भी पुछताछ की गई और जानकारी जुटाई कि पिछले एक महिने छात्रा और उसका परिवार कितने लोगो के सम्पर्क में रहा। इसके पहले एम्स द्वारा शाम सात बजे जारी अपने डेली बुलेटिन में राजिम में कोरोना पाजीटीव मिलने की पुष्टि की थी जिसके बाद से जिला प्रशासन सक्ते में आ गया है।

### स्वास्थ्य विभाग और छात्रा व परिजनों की लापरवाही उजागर

*इधर जिले कोरोना पाजीटीम का पहला केस मिलने के बाद सनसनी फैल गई है। पहला कोरोना मरीज मिलने के बाद स्थानीय स्वास्थ्य अमले व परिजनो की लापरवाही सामने आ रही है बताया जा रहा है कि छात्रा हाल में कोटा से वापस लौटी थी। सरकारी गाइडलान के अनुसार उसे यहां तो क्वारेटाइन सेंटर में रखा जाना था या फिर होम आइसोलेशन मे परंतु छात्रा का दुकान आना जाना और अन्य लोगो सम्पर्क जारी था। जिसके बाद से राजिम दशहत का माहौल बन गया है। मोहल्ले में पास में ही रहने वाले निवासी भाजपा युवा नेता विकास साहू ने शासन प्रशासन के लापरवाही को लेकर निशाना साधा है।*

### लापरवाही हुई उजागर, क्वारेंटाइन में बरती लापरवाही

*उनका कहना है कि प्रशासन लापरवाही के चलते छात्रा को सही तरीके से क्वारेटाइन नही किया गया है इतना नही ही कोटा को जो कि रेड जोन है वहां से आने के बाद भी छात्रा को ठीक से आइसोलेट नही किया गया। कवर्धा में भी केवल सात दिन तक रखा गया जिसके बाद वापिस राजिम भेज दिया गया। जिसके चलते छात्रा में संक्रमण की स्थिति स्पष्ट नही हो सकी। प्रशासन गंभीरता से ध्यान देते हुए पहले ही 14 दिन का आइसोलेट करता तो यह स्थिति नही बनती। छात्रा के सम्पर्क में आए सभी लोगो को यहां तक परिजनो को भी संक्रमण फैलने का खतरा है। इसकी पूरी जवाबदारी राज्य की कांग्रेस सरकार व स्वास्थ्य विभाग की है।*

# रेस्ट हाउस में बिना अनुमति रह रहा रेड जोन से आया व्यक्ति!

*नव प्रदेश संवाददाता*

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के चिरमिरी नगर निगम में रेड जोन उत्तर प्रदेश से आये कोरोना पॉजिटिव एक व्यक्ति को होम कोरोनटाईन का मामला अभी शांत हुआ नही की जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में भी जिले के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रेड जोन से आये एक व्यक्ति को कोरोनटाईन सेंटर में रखने के बजाय मुख्यालय में स्तिथ वन विभाग के शासकीय रेस्ट हाउस में रखने का मामला सामने आया है जहाँ चिरमिरी में हुई लापरवाही की तरह ही इसका निगरानी नही किया जा रहा जिससे वहा पदस्थ कर्मचारियों में रेड जोन से आये व्यक्ति को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही वही वन मंडल अधिकारी जिले के उच्च अधिकारी के निर्देश पर उक्त व्यक्ति के रुकने का हवाला दे रहे जो कि समझ से परे की आखिर जिले के चिरमिरी में हुई जिले के अधिकारियों की लापरवाही के बावजूद आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि अधिकारी जिले में नियमो की अनदेखी कर रहे।

जब कि चिरमिरी में एक पॉजिटिव व्यक्ति के लापरवाही से संपर्क में आये करीब 190 लोगो को कोरोन टाईन किया गया है वही अब भी चिरमिरी के कॉलोनी के निवासियों के हाथ-पांव फूल गए है ऐसा इसलिए क्योंकि जिस व्यक्ति को कोरोना पॉजिटिव आया है, उनमें से उनकी सैलून दुकान है साथ ही विधायक प्रतिनिधि भी संपर्क में थे जो कि निगम सहित कई लोगो से मिले थे वही इस मामले के जिले में सुर्खियों में होने के पश्चात भी रेड जोन से आया व्यक्ति विगत तीन चार दिनों से बिना अनुमति के शासकीय रेस्ट हाउस में पूरी सुविधाओ से रह रहा है जब कि जिले के अन्य रेड जोन से आये व्यक्ति शासन द्वारा बनाये गए कोरोनटाईन सेंटर में रह रहे ।

### चिरमिरी घटना से भी सीख नहीं ली अधिकारियों ने

### जनप्रतिनिधि के निर्देश में मिला रेस्ट हाउस

मिली जानकारी अनुशार जिस व्यक्ति को वन विभाग के शासकीय रेस्ट हॉउस में रेड जोन से आने के पश्चात भी रोका गया है वह किसी सत्ता धारी जनप्रतिनिधि का रिश्तेदार बताया जा रहा जहा जिले के उच्च अधिकारी के निर्देश पे सारी वी आई पी सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा जिससे अधिकारियों के निर्देश को लेकर भी सवाल उठना लाजमी हैं जब कि चिरमिरी में मिले कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति को भी वहाँ के जनप्रतिनिधि के निर्देश में ही घर मे रहने का निर्देश दिया गया था किंतु जिला स्तर के अधिकारी अपने लापरवाही को छुपाने पॉजिटिव व्यक्ति सहित तीन पर थाने में मामला दर्ज कर खानापूर्ति कर ली ।

मिली जानकारी अनुसार जिले के अंदर रेड जोन से आने वाले हर व्यक्ति को 14 दिनों तक जिले में बनाये गए कोरोन टाईन सेंटर में रहना अनिवार्य है इसके बावजूद भी जिले के अधिकारी कुछ विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि के दबाव में उन्हें कोरोनटाईन सेंटर में न रख होम कोरोन टाईन या शासकीय रेस्ट हाउस ही नियमो को ताक में रख दे रहे जिससे आम जनता में जिला स्तर के अधिकारियों के अलग अलग पहुँच अनुसार सुविधा देने को लेकर पूरे जिले में तरह तरह की चर्चाएं हो रही कि यदि जिले में पॉजिटिव केस बढ़ा तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

> वन विभाग के रेस्ट हाउस में जिले के उच्च अधिकारी के निर्देश में एक व्यक्ति को रोका गया है वह व्यक्ति रेड जोन से आया है इस संबंध में जानकारी नहीं है।

**राजेश चंदेले, वनमंडल अधिकारी बैकुंठपुर**